खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, सोमवार 27 अक्टूबर 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 285 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00


अधिकतम : 29° C

न्यूनतम : 17° C

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper



## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेस ने छठ के दौरान 12 हजार ट्रेन चलाने पर सरकार को घेरा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने रेल मंत्रालय द्वारा महापर्व छठ के दौरान 12 हजार ट्रेन चलाने के केन्द्र सरकार के ऐलान पर सवाल उठाया है। कांग्रेस सोशल मीडिया हेड सुप्रिया श्रीनेत ने सवाल किया कि रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव डींगे हांक रहे थे कि त्योहार पर 12 हज़ार ट्रेनें चलाई जा रही हैं। भगवान ही जानें कहां चलीं यह ट्रेन क्योंकि लोग अभी भी भेड़ बकरी की तरह जिस तरह से रेल के डिब्बों में लोग ठूंस कर घर जाने को मजबूर हैं।

### आज से शीतकालीन वर्दी पहनेंगे पुलिसकर्मी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय ने मौसम में परिवर्तन को देखते हुए राज्यभर में तैनात सभी पुलिस अधिकारियों और कर्मियों के लिए शीतकालीन वर्दी लागू करने का आदेश जारी किया है। यह आदेश पुलिस महानिदेशक (कार्मिक) शलभ माथुर की ओर से जारी किया गया है। यह आदेश सभी जोनल, रेंज, जिला पुलिस प्रमुखों, पुलिस आयुक्तों और अन्य संबंधित अधिकारियों को भेजा गया है।

### कश्मीर के पुंछ से 11 साल से फरार आरोपी गिरफ्तार

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने भगोड़ों के खिलाफ अपने अभियान को जारी रखते हुए पुंछ जिले में 11 साल से फरार एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सारनकोट पुलिस थाने की एक टीम ने 11 साल से फरार चल रहे एक व्यक्ति को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान नजीर अहमद पुत्र मुहम्मद रफीक निवासी सेयलान बफिलाज सरनाकोट के रूप में हुई है।

# सोशल मीडिया संस्कृत को दे रहा नई प्राणवायुः मोदी

**नई दिल्ली, वार्ता**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर संस्कृत लिखना पढ़ना सिखाया जा रहा है और इसके प्रति युवाओं में दिख रहे उत्साह को देखते हुए कहा जा सकता है कि सोशल मीडिया संस्कृत को नई प्राणवायु दे रहा है।

मोदी ने रविवार को आकाशवाणी से प्रसारित अपने मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' की 127वीं कड़ी में कहा ष्संस्कृत का नाम सुनते ही हमारे मन मस्तिष्क में आता है-हमारे 'धर्मग्रंथ', 'वेद', 'उपनिषद', 'पुराण', शास्त्र, प्राचीन ज्ञान-विज्ञान, अध्यात्म और दर्शन। लेकिन एक समय, इन सबके साथ-साथ 'संस्कृत' बातचीत की भी भाषा थी। उस युग में अध्ययन और शोध संस्कृत में ही किए जाते थे। नाट्य मंचन भी संस्कृत में होते थे। लेकिन दुर्भाग्य से गुलामी के कालखंड में भी और आजादी के बाद भी संस्कृत लगातार उपेक्षा का शिकार हुई।

इस वजह से युवा-पीढ्यिों में संस्कृत के प्रति आकर्षण भी कम होता चला गया। लेकिन साथियो, अब समय बदल रहा है, तो संस्कृत का भी समय बदल रहा है। उन्होंने कहा कि संस्कृति और सोशल मीडिया की दुनिया ने संस्कृत को नई प्राणवायु दे दी है। इन दिनों कई युवा संस्कृत को लेकर बहुत रोचक काम कर रहे हैं। आप सोशल मीडिया पर जाएंगे, तो आपको ऐसी कई रील्स दिखेंगी, जहां कई युवा संस्कृत में और संस्कृत के बारे में बात करते दिखाई देंगे। कई लोग तो अपने सोशल मीडिया चैनल के जरिए संस्कृत सिखाते भी हैं। ऐसे ही एक युवा कंटेंट क्रिएटर हैं- भाई यश सालुंड्के। यश की खास बात ए है कि वो कंटेंट क्रिएटर भी हैं और क्रिकेटर भी हैं। संस्कृत में बात करते हुए क्रिकेट खेलने की उनकी रील लोगों ने खूब पसंद की है।

### सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर आयोजित 'रन फॉर यूनिटी' में भाग लें देशवासी: पीएम

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने समस्त देशवासियों से 31 अक्टूबर को लौह पुरुष सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम 'रन फॉर यूनिटी' में भाग लेने की अपील की है। प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को आकाशवाणी पर प्रसारित अपने मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' की 127वीं कड़ी में अपने संबोधन में कहा कि आधुनिक काल में राष्ट्र की सबसे महान विभूतियों में से एक सरदार पटेल की 150वीं जयंती का दिन पूरे देश के लिए एक बहुत विशेष अवसर है। उनके विराट व्यक्तित्व में अनेक गुण एक साथ समाहित थे।

# लखनऊ में शिक्षक अभ्यर्थियों ने घेरा मायावती का आवास, लगाई गुहार

**लखनऊ, वार्ता**

■ बोले- सीएम योगी से बात कर न्याय दिलाएं

69 हजार शिक्षक भर्ती के आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों ने रविवार को बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती के आवास का घेराव किया। अभ्यर्थी जिद पर अड़े थे कि बसपा सुप्रीमो मायावती से मिलकर ही जाना है, लेकिन पार्टी पदाधिकारियों ने समझाया और उनका ज्ञापन ले लिया।

बसपा सुप्रीमो मायावती के आवास पर प्रदर्शन करने पहुंचे अभ्यर्थियों की सूचना जैसे ही पुलिस को मिली, पुलिस फोर्स और पीएसी तैनात कर दी गई। अभ्यर्थियों ने मायावती के आवास पर पहुंचकर प्रदर्शन किया और ज्ञापन सौंपा। अभ्यर्थियों का आरोप था कि सुप्रीम कोर्ट में सरकार की लचर पैरवी की वजह से नियुक्ति नहीं मिल पा रही है। पिछले पांच साल से रोजगार के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

बसपा कार्यालय पर प्रदर्शन के दौरान अभ्यर्थियों ने बहन जी न्याय करो, सुप्रीम कोर्ट में पैरवी करो जैसे नारे लगाए। पीडीए को न्याय दो का भी नारा बुलंद किया। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों और प्रदर्शनकारियों में नोकझोंक की नौबत आ गई। प्रदर्शनकारी पीछे हटने को तैयार नहीं थे। इसके बाद पुलिस ने किसी तरह समझाकर बहुजन समाज पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव मेवालाल से प्रतिनिधि मंडल को मिलवाया। प्रतिनिधि मंडल की तरफ से उन्हें ज्ञापन दिया गया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि आगामी 28 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट में डेट लगी है। सरकार की तरफ से मजबूत पैरवी हो और हमारे पक्ष में निर्णय आए। अभ्यर्थियों ने बीएसपी के राष्ट्रीय महासचिव मेवालाल से मायावती तक बात पहुंचाने की अपील की। प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों को पुलिस ने हिरासत में लेकर इको गार्डन भेज दिया। बता दें कि शिक्षक अभ्यर्थी पिछले काफी समय से सरकार के विभिन्न मंत्रियों से लेकर विपक्षी दलों के कार्यालय पर प्रदर्शन कर चुके हैं।

# अंधविश्वास में मां ने दो बेटों को मार डाला, खुद भी दी जान

**मिर्जापुर, वार्ता**



■ पहले चार साल और चौदह माह के बेटों का गला घोंटा, उसने खुद भी फांसी लगा ली

उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर में अंधविश्वास में एक पढ़ी-लिखी मां ने दो बेटों की गला घोट कर हत्या कर दी और इसके बाद खुद फांसी के फंदे पर झूल गई। यह घटना मिर्जापुर जिला में कछवा थाना क्षेत्र के सेमरी गांव की शनिवार रात घटित हुई। अभी तक हालांकि घटना की वजहों का पता नहीं चल पाया है, लेकिन प्रथम दृष्टया अंधविश्वास माना जा रहा है।

पुलिस उपाधीक्षक अमर बहादुर ने बताया कि सेमरी गांव निवासी हरिश्चंद्र बिद शाम को गृहस्थी का सामान लेने गया था। शाम लगभग सात बजे जब घर लौटा, तो कच्चे मकान का दरवाजा अंदर से बंद था।घर में उसकी पत्नी संगीता (35) चार साल का पुत्र शिवांश और चौदह माह का पुत्र शुभांशु था। दरवाजा तोड़कर खोलने पर संगीता फांसी के फंदे पर लटकीं थी। दोनों पुत्रों के मुंह में कपड़ा ठूंस कर गला दबा दिया गया था। उन्होंने बताया कि फॉरेंसिक टीम ने चांच कर लिया है। घटना के कारणों की विवेचना की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम रिपोर्ट के लिए भेज दिया गया है। वहीं हरिश्चंद्र ने बताया कि संगीता इन दिनों मानसिक रोग ग्रस्त थी। भूत प्रेत के चक्कर में ओझा के यहां भी जाती थी। वह मांग में सिदूर भी नहीं लगती थी।

## बिहार में विपक्षी महागठबंधन के सीएम पद के उम्मीदवार तेजस्वी का ऐलान

# सरकार बनी, तो वक्फ कानून कूड़ेदान में फेंक देंगे

**पटना, वार्ता**



■ बिहार की जनता बीस साल पुराने नीतीश शासन से थक चुकी कानून व्यवस्था की हालत बदतर हुई

बिहार विधानसभा चुनाव के बीच विपक्षी महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार और राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव ने रविवार को कटिहार में वक्फ कानून को लेकर बड़ा बयान दे दिया है।

चुनावी सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अगर राज्य में महागठबंधन की सरकार बनी, तो केंद्र सरकार द्वारा पारित वक्फ (संशोधन) अधिनियम को कूड़ेदान में फेंक दिया जाएगा। तेजस्वी यादव ने कहा कि मेरे पिता लालू प्रसाद यादव ने कभी भी सांप्रदायिक ताकतों से समझौता नहीं किया। लेकिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हमेशा ऐसी ताकतों के साथ खड़े रहे हैं। आज आरएसएस और उसके सहयोगी बिहार में भी नफरत फैला रहे हैं। भाजपा का असली नाम 'भारत जलाओ पार्टी' होना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर महागठबंधन की सरकार बनती है, तो वक्फ एक्ट को खत्म कर दिया जाएगा। तेजस्वी यादव ने आगे कहा कि बिहार की जनता 20 साल पुराने नीतीश कुमार शासन से थक चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री अब होश में नहीं हैं। राज्य के हर विभाग में भ्रष्टाचार फैला है और कानून-व्यवस्था की हालत बदतर हो चुकी है। तेजस्वी ने सीमांचल क्षेत्र के विकास का भी वादा किया। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार ने सीमांचल क्षेत्र के विकास के लिए कुछ नहीं किया। अगर हमारी सरकार बनी, तो सीमांचल विकास प्राधिकरण का गठन किया जाएगा। सीमांचल में पूर्णिया, अररिया, किशनगंज और कटिहार जिले आते हैं, जहां मुस्लिम आबादी बड़ी संख्या में है। तेजस्वी ने दावा किया कि एनडीए उनकी चुनावी घोषणाओं की नकल कर रही है। उन्होंने कहा कि हमने वृद्धावस्था पेंशन बढ़ाने का वादा किया था। अब नीतीश कुमार सरकार ने इसे 400 रुपए से बढ़ाकर 1100 रुपए कर दिया। मैं वादा करता हूं कि हमारी सरकार बनने पर पेंशन दो हजार रुपए प्रति माह कर दी जाएगी। शनिवार को राजद एमएलसी मोहम्मद कारी सोहैब ने कहा था कि अगर तेजस्वी यादव मुख्यमंत्री बने तो सभी बिल, जिसमें वक्फ बिल भी शामिल है, फाड़ दिए जाएंगे। इसके बाद सियासी घमासान मच गया था। विपक्षी दलों ने सवाल उठाया कि कोई मुख्यमंत्री केंद्र के कानून को कैसे रद्द कर सकता है।

### विस चुनाव से पहले पूर्व मंत्री और विधायक समेत पांच जदयू से निलंबित

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले जनता दल यूनाइटेड ने बड़ा और सख्त एक्शन लिया है। नीतीश कुमार ने बीते शनिवार को अपने 11 नेताओं को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया था। आज फिर उनकी पार्टी ने पांच और लोगों पर कार्रवाई की है, इनमें गोपाल मंडल का नाम भी शामिल है। जेडीयू के प्रदेश महासचिव चंदन कुमार सिंह ने इस निष्कासन का लेटर जारी किया है। जिन प्रमुख नेताओं पर गाज गिरी है, उनमें मुंगेर-जमालपुर के पूर्व मंत्री शैलेश कुमार, जमुई-चकाई के पूर्व सदस्य विधान परिषद संजय प्रसाद, सीवान-बड़हरिया के पूर्व विधायक श्याम बहादुर सिंह, भोजपुर-बड़हरा के पूर्व एमएलसी रणविजय सिंह, शेखपुरा-बरबीघा के पूर्व विधायक सुदर्शन कुमार के अलावा बेगूसराय जिले के साहेबपुर कमाल निवासी अमर कुमार सिंह, वैशाली की डक्क आसमा परवीन, औरंगाबाद के लव कुमार, कटिहार निवासी आशा सुमन, पूर्वी चंपारण के दिव्यांशु भारद्धाज और सिवान के विवेक शुक्ला शामिल हैं।

## अर्थ व्यापार



सेंसेक्स 84556.40
निफ्टी 25891.40



सोना रु. 125770
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)




चांदी रु. 155000
प्रति किलो



# शेयर बाजार पर दिखेगा औद्योगिक उत्पादन के आंकड़ों का असर

**मुंबई, वार्ता**



घरेलू शेयर बाजारों में बीते सप्ताह लगातार चौथी साप्ताहिक तेजी के बाद आने वाले सप्ताह में निवेशकों की नजर औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के आंकड़ों और कंपनियों के तिमाही परिणामों पर होगी।

अगले सप्ताह 28 अक्टूबर को आईआईपी के आंकड़े आने हैं। वहीं कई दिग्गज कंपनियों के तिमाही परिणामों की घोषणा भी होनी है। देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल के तिमाही परिणाम 27 अक्टूबर को जारी होंगे। इसके बाद 29 अक्टूबर को भेल, कोल इंडिया, एलएंडटी और सेल के परिणाम आएंगे। अगले दिन 30 अक्टूबर को केनरा बैंक, सिप्ला, हुंडई इंडिया, एनटीपीसी और आईटीसी के तिमाही नतीजे जारी होने हैं। एसीसी सीमेंट, बीईएल, भारत पेट्रोलियम, गेल और मारुति सुजुकी के तिमाही नतीजे 31 अक्टूबर को आएंगे। इसके अलावा निवेशकों की नजर भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता तथा अन्य वैश्विक कारकों पर भी रहेगी। बीते सप्ताह मंगलवार को दिवाली के मौके पर सिर्फ एक घंटे का मुहुर्त कारोबार हुआ, जबकि बुधवार को बलिप्रतिपदा के अवसर पर अवकाश रहा। मुहुर्त कारोबार समेत पहले तीन दिन बाजार में तेजी रही, जबकि शुक्रवार को गिरावट देखी गई।

इस दौरान पहली बार बीच कारोबार में बीएसई का सेंसेक्स 85,000 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक 26,000 अंक के पार पहुंचने में सफल रहा। दोनों सूचकांक गुरुवार को रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुए थे। सेंसेक्स में साप्ताहिक बढ़त 0.31 प्रतिशत की रही और यह शुक्रवार को 84,211.88 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी-50 सूचकांक 0.33 प्रतिशत की साप्ताहिक मजबूती के साथ सप्ताहांत पर 25,795.15 अंक पर बंद हुआ। मझौली और छोटी कंपनियों में ज्यादा तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.41 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.72 प्रतिशत की बढ़त में रहा। सप्ताह के दौरान सेंसेक्स की 30 में से 17 कंपनियों के शेयरों में तेजी देखी गई। इंफोसिस का शेयर सबसे अधिक 5.84 प्रतिशत चढ़ा। बजाज फिनसर्व में 3.69 फीसदी, एक्सिस बैंक में 3.49 और टीसीएस में 3.37 प्रतिशत की साप्ताहिक बढ़त रही। एचसीएल टेक्नोलॉजीज का शेयर 2.44 प्रतिशत, रिलायंस इंडस्ट्रीज का 2.43, बीईएल का 2.22, बजाज फाइनेंस का 1.79, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स का 1.75, एलएंडटी का 1.70 और भारतीय स्टेट बैंक का 1.69 प्रतिशत चढ़ गया। टाटा स्टील में 1.31 फीसदी, सनफार्मा में 1.22 फीसदी, आईटीसी में 1.21 फीसदी और टाइटन में 1.08 फीसदी की तेजी रही। इटरनल के शेयर में सबसे अधिक 4.70 प्रतिशत की गिरावट देखी गई।

### सोना के भाव स्थिर चांदी का भाव गिरा

**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली में रविवार को 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने का भाव 1,25,770 रुपये है। 22 कैरेट के 10 ग्राम सोने का भाव आज दिल्ली में 1,15,300 रुपये है। चांदी की कीमत में भी पिछले कुछ दिनों में गिरावट आई है। यह गिरावट 17,000 रुपये की है। आज 1 किलो चांदी की कीमत 155000 रुपये है। देश के महानगरों मुंबई में आज 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने का भाव 1,25,620 रुपये है, जबकि अहमदाबाद में 1,25,670 रुपये है। हैदराबाद और भोपाल में भी आज 22 कैरेट सोने का भाव 1,15,150 रुपये है। लखनऊ और चंडीगढ़ में 22 कैरेट के सोने का भाव 115300 रुपये है, वहीं 24 कैरेट के सोने का भाव 125770 रुपये है। फेस्टिव सीजन खत्म हो गया है, लेकिन लोग अभी भी जमकर सोना खरीदने वाले हैं। इसका कारण शादियों का सीजन है। आने वाले दिनों में शादियों का सीजन आने वाला है। ऐसे में इस दौरान लोग जमकर सोना खरीदने वाले हैं। वहीं सोने की कीमत की बात करें, तो पिछले कुछ महीनों में सोने की कीमत में जबरदस्त तेजी देखी गई है। धनतेरस वाले

# चावल, दाल, खाद्य तेलों में रही साप्ताहिक तेजी, बढ़े भाव



**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव बढ़ गए। दालों और खाद्य तेलों की कीमतों में भी तेजी रही, जबकि गेहूं और चीन के दाम कमोबेश स्थिर रहे। घरेलू थोक जिंस बाजारों में सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 30 रुपए बढ़कर सप्ताहांत पर 3,863.88 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गई।

गेहूं 2,859.70 रुपए प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रहा। आटे की कीमत 11 रुपए बढ़कर 3,324.16 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। बीते सप्ताह सरसों तेल की औसत कीमत 83 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। पाम ऑयल में 42 रुपए की तेजी रही। मूंगफली तेल 32 रुपए और सोया तेल 56 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सूरजमखी तेल की कीमत 69 रुपए और वनस्पति की 48 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। दाल-दलहनों में मसूर दाल की औसत कीमत में 16 रुपए प्रति क्विंटल की साप्ताहिक तेजी दर्ज की गई। चना दाल की कीमत 21 रुपए और मूंग दाल की 42 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई।

तुअर दाल 110 रुपए और उड़द दाल 33 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। मीठे के बाजार में सप्ताह के दौरान गुड़ के औसत भाव 21 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गए। वहीं चीनी के भाव में कमोबेश टिकाव रहा। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे। दाल-दलहनः दाल चना 7875.79 रुपए, मसूर काली 8102.91 रुपए, मूंग दाल 10125.80 रुपए, उड़द दाल 10398.60 रुपए, तुअर दाल 10525.20 रुपए प्रति क्विंटल।

### लखीमपुर खीरी में तेंदुआ पिंजरे में कैद

**लखीमपुर खीरी।** जिले के शारदानगर वन रेंज में पिछले कई दिनों से आतंक मचा रहे तेंदुए को वन विभाग की टीम ने पकड़ लिया है। खंभारखेड़ा ग्राम पंचायत के कुंवरापुर गांव में लगाए गए पिंजरे में तेंदुआ बकरी के लालच में कैद हो गया। तेंदुए के पकड़े जाने से गांव के लोगों ने राहत की सांस ली है। पिछले कई दिनों से कुंवरापुर गांव में तेंदुए की दहशत थी। तेंदुआ लगातार गांव के आसपास के खेतों में घूमता दिखाई दे रहा था। रात के समय मवेशियों पर हमला करने की घटनाएं भी सामने आईं। तेंदुए की दहशत इतनी बढ़ गई थी कि ग्रामीण शाम ढलते ही घरों में कैद हो जाते थे।

### प्रथम पृष्ठ का शेष...

**उत्तराखंड में...**

है, जबकि वाहन उत्सर्जन (7 फीसदी) भी एक प्रमुख कारण है। ग्रीन सेस के माध्यम से सड़क धूल नियंत्रण और स्वच्छ वाहन नीति अपनाना शहर की वायु गुणवत्ता सुधारने का सबसे प्रभावी कदम होगा। भारत सरकार के स्वच्छ वायु सर्वेक्षण 2024 में उत्तराखंड के शहरों ने शानदार प्रदर्शन किया है। ऋषिकेश को 14वां और देहरादून को 19वां स्थान प्राप्त हुआ है। राज्य सरकार इस उपलब्धि को और सुदृढ़ करने के लिए ग्रीन सेस से मिलने वाली आय का उपयोग करेगी। मुख्य उद्देश्य- वायु प्रदूषण में कमी और एयर क्वालिटी इंडेक्स में सुधार, पुराने प्रदूषणकारी वाहनों पर नियंत्रण- स्वच्छ ईंधन आधारित वाहनों को प्रोत्साहन, सड़क धूल, वृक्षारोपण और वायु निगरानी नेटवर्क में सुधार मुख्य विशेषताएं, बाहरी राज्यों से आने वाले वाहनों से ग्रीन सेस वसूला जाएगा। इलेक्ट्रिक, हाइड्रोजन, सोलर और बैटरी वाहनों को छूट दी जाएगी। इससे राज्य को लगभग 100 करोड़ रुपये प्रतिवर्ष की आय होने का अनुमान यह राशि वायु निगरानी, रोड डस्ट नियंत्रण, हरित क्षेत्र विस्तार और स्मार्ट ट्रैफिक सिस्टम पर व्यय होगी

### पूजा स्पेशल में बम की अफवाह से हड़कंप

**अलीगढ़ में 40 मिनट तक रुकी रही ट्रेन**

**अलीगढ़।** झारखंड की राजधानी रांची से चलकर दिल्ली के आनंद विहार जा रही पूजा स्पेशल ट्रेन में बम होने की सूचना पर शनिवार की रात हड़कंप मच गया। यह सूचना सोशल मीडिया के जरिए रेलवे अधिकारियों को मिली थी, उस समय तक ट्रेन अलीगढ़ पहुंच चुकी थी। ऐसे में आनन फानन में अधिकारियों ने ट्रेन को अलीगढ़ में रोक कर खाली कराया और बम स्क्वायड और डॉग स्क्वायड की मदद से पूरी ट्रेन की जांच कराई गई। आखिर में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिलने पर 40 मिनट बाद ट्रेन को आगे के लिए रवाना किया गया।

आरपीएफ के सहायक आयुक्त गुलजार सिंह के अनुसार किसी ने शनिवार की रात सोशल मीडिया पर ट्रेन में बम होने की सूचना प्रयागराज मंडल मुख्यालय को दी थी। इसमें बताया गया था कि ट्रेन नंबर 02877 रांची-आनंद विहार पूजा स्पेशल एक्सप्रेस में बम है। इस सूचना पर मंडल मुख्यालय ने ट्रेन की लोकेशन चेक क। उस समय यह ट्रेन अलीगढ़ पहुंचने वाली थी, ऐसे में आनन फानन में इस ट्रेन को अलीगढ़ रेलवे स्टेशन पर रोका गया। इसके बाद अलीगढ़ आरपीएफ प्रभारी इंस्पेक्टर अमित कुमार सिंह, जीआरपी प्रभारी संदीप तोमर, क्राइम इंटेलिजेंस, सिविल लाइन थाना प्रभारी इंस्पेक्टर पंकज मिश्रा की टीम ने ट्रेन को चेक किया।

# यूपी में अगले चार दिन बारिश का अलर्ट

**लखनऊ, वार्ता**

■ छठ पूजा पर बरसेंगे बदरा पड़ेगी कड़ाके की सर्दी
■ बरेली और मुजफ्फरनगर प्रदेश के सबसे ठंडे जिले रहे

यूपी अब सुबह और शाम को ठंड बढ़ने लगी है। दिन के समय में मौसम शुष्क बना हुआ हैं, जबकि सुबह और रात के समय में कहीं-कहीं छिछला कोहरा और धुंध छा रही हैं। यूपी में आज 26 अक्टूबर को भी ऐसा ही मौसम रहा, लेकिन सोमवार से मौसम बदल रहा है। आईएमडी ने प्रदेश में अगले चार दिन बारिश का अनुमान जताया है, जिससे सर्दी बढ़ जाएगी।

मौसम विभाग के अनुसार रविवार को यूपी के पूर्वी और पश्चिमी दोनों संभागों में मौसम शुष्क रहेगा। दिन के समय आसमान साफ रहेगा और धूप निकलेगी, जबकि सुबह और शाम के समय में धुंध और छिछला कोहरा छाए रहने का अनुमान जताया गया है। शहरी इलाकों के मुकाबले ग्रामीणों क्षेत्रों में ठंड बढ़ गई हैं और लोगों ने गर्म कपड़े पहनना शुरू कर दिया है। 27 अक्टूबर से एक नया पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव हो रहा है, जो हिमालयी क्षेत्र से टकराने वाला है। जिसका असर उत्तर प्रदेश पर भी दिखाई देगा और मौसम एकदम बदल जाएगा। छठ पर्व पर बादल छाने की संभावना है, जिससे व्रती महिलाओं को परेशानी हो सकती है, कई जगहों पर बारिश भी होगी। सोमवार से अगले चार दिन प्रदेश में कई जगहों पर बारिश होने के आसार बने हुए हैं। 27-28 अक्टूबर को पश्चिमी यूपी के दक्षिणी भाग में कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ बारिश की बौछारें पड़ने की संभावना है।

पूर्वी यूपी के भी दक्षिणी हिस्सों में बारिश के आसार बने हुए हैं। 29 अक्टूबर को पश्चिमी यूपी में मौसम शुष्क रहेगा, जबकि पूर्वी यूपी में कहीं गरज-चमक के साथ बारिश का अनुमान जताया गया है। 30 अक्टूबर को भी पूर्वी संभाग में बारिश होगी और पश्चिमी यूपी में मौसम शुष्क रहने का अनुमान है। इस दौरान कोई खास चेतावनी नहीं दी गई है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

### वैधानिक सूचना

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :29°C
न्यूनतम: 17°C

मुजफ्फरनगर, सोमवार 27 अक्टूबर 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 285 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | कार्तिक शुक्ल पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2082 | 4 जमादिउल उला1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



बिहार में सरकार बनी, तो वक्फ कानून कूड़ेदान में फेंक देंगे: तेजस्वी यादव पेज 2



बैडमिंटन एशिया अंडर-17 और अंडर-15: शाइना और दीक्षा ने स्वर्ण जीते खेल टाइम्स



नीतीश का भविष्य मोदी ने तय कर दिया, अब तेजस्वी का राहुल को करना है सम्पादकीय



ट्रम्प ने कनाडा पर 10 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ लगाया पेज 12

# हवा में अटकी रही 215 यात्रियों की जान

कानपुर, वार्ता

**कानपुर में** मुंबई से आई फ्लाइट में चकेरी एयरपोर्ट के रनवे पर लैंडिंग के दौरान तकनीकी खराबी आ गई।

इस पर पायलट ने लैंडिंग के बजाय दोबारा उड़ान भरी और आसमान में 20 मिनट से अधिक देरी तक चक्कर लगाता रहा। विमान के दोनों दरवाजे लॉक हो गए। इससे विमान में यात्री भी सहम गए। मुंबई एयरपोर्ट से इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट 6ई824 ने कानपुर के लिए दोपहर 1:20 बजे उड़ान भरी। इसमें क्रू मेंबरों सहित 215 यात्री सवार थे। दोपहर लगभग 3:15 बजे चकेरी एयरपोर्ट के रनवे पर लैंडिंग करते समय फ्लाइट में तकनीकी खराबी आ गई। खतरा भांपते ही पायलट फ्लाइट को दोबारा आसमान में ले गया। फ्लाइट 20 मिनट से ज्यादा देर तक चक्कर लगाती रही, ताकि विमान का ईंधन कम हो जाए। इसके बाद पायलट ने फ्लाइट को सुरक्षित चकेरी एयरपोर्ट के रनवे पर उतार दिया। इसके बाद फ्लाइट के दोनों दरवाजे लॉक हो गए, जिससे यात्रियों में अफरातफरी मच गई। करीब आधा घंटे तक यात्री फ्लाइट में फंसे रहे। बाद में विमान के दोनों गेट खोलकर यात्रियों को उतारा गया। इसी फ्लाइट में मुंबई से आए हास्य कवि हेमंत पांडेय ने वीडियो जारी करते हुए बताया कि इस संबंध में जब एयर हॉस्टेस से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि दोनों दरवाजे लॉक हो गए हैं। फ्लाइट का इंजन बंद होने के बाद ही दोनों दरवाजे खुलेंगे और 30 मिनट बाद जब फ्लाइट का इंजन बंद हुआ, तब विमान के दोनों दरवाजे खुले। विमान में किसी तरह की तकनीकी दिक्कत नहीं आई थी। इंजन कूल डाउन होने में समय लगा। चकेरी एयरपोर्ट में एक महीने पहले इंडिगो विमान के केबिन में चूहा घुसने से फ्लाइट तीन घंटे चकेरी एयरपोर्ट पर खड़ी रही थी। ग्राउंड क्रू ने तत्काल विमान खाली कराया तो कुछ यात्रियों ने नाराजगी भी जताई थी।



- **कानपुर में चकेरी एयरपोर्ट के रनवे पर 20 मिनट तक हवा में चक्कर लगाता रहा इंडिगो का विमान**
- **विमान के दोनों दरवाजे हो गए थे लॉक**

# उत्तराखंड में घूमना होगा महंगा, बाहरी वाहनों की एंट्री पर लगेगा 'ग्रीन सेस'

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** उत्तराखंड राज्य के गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर राज्य सरकार ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए ग्रीन सेस लागू करने की घोषणा की है।

यह सेस अन्य राज्यों से आने वाले वाहनों से वसूला जाएगा, जिससे प्राप्त धनराशि वायु प्रदूषण नियंत्रण, हरित अवसंरचना और स्मार्ट ट्रैफिक प्रबंधन पर खर्च की जाएगी। राज्य सरकार ने कहा कि यह पहल उत्तराखंड को स्वच्छ वायु, स्वस्थ जीवन की दिशा में एक नई पहचान देगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड के 25 वर्ष पूरे होने पर यह हमारी प्रतिबद्धता है कि हम राज्य को स्वच्छ, हरित और प्रदूषण-मुक्त बनाएं। 'ग्रीन सेस' से प्राप्त राजस्व का उपयोग वायु गुणवत्ता सुधार, हरित अवसंरचना और स्मार्ट यातायात प्रबंधन में किया जाएगा। राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मेंबर सेक्रेटरी डा. पराग मधुकर धकाते ने बताया कि बोर्ड के अध्ययन के अनुसार देहरादून में वायु प्रदूषण का सबसे बड़ा स्रोत सड़क की धूल (55फीसदी) -**शेष पृष्ठ दो पर**



- **राज्य गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने पर धामी सरकार का पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम**

## संक्षिप्त समाचार

### आंध्र प्रदेश की तरफ बढ़ रहा चक्रवात मोन्था

**नई दिल्ली।** बंगाल की खाड़ी में बन रहा चक्रवात मोन्था आंध्र प्रदेश की तरफ बढ़ रहा है। यह 28 अक्टूबर की शाम या रात को आंध्र प्रदेश के काकीनाड़ा के पास तट से टकरा सकता है। तूफान के दौरान 90-100 किमी की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। आंध्र प्रदेश, ओडिशा और तेलंगाना में भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। वहीं, सेना को भी स्टैंडबाय पर रखा गया है। दरअसल, बंगाल की खाड़ी में बना डिप्रेशन रविवार रात तक डीप डिप्रेशन में बदल जाएगा और 27 अक्टूबर की सुबह तक चक्रवात मोन्था में बदल जाएगा। वहीं, चक्रवात मोन्था के खतरे को देखते हुए ओडिशा फायर विभाग पूरी तरह अलर्ट पर है। विभाग ने बताया कि 27 से 29 अक्टूबर के बीच तूफान के असर की आशंका है। सभी जरूरी इंतजाम कर लिए गए हैं। चक्रवात मोन्था 28 अक्टूबर की शाम या रात को आंध्र प्रदेश के काकीनाड़ा के पास तट से टकरा सकता है।

### असम का कमरकुची बना सिंगर जुबीन का स्मारक स्थल

**सोनापुर।** सिंगर जुबीन गर्ग की मौत 19 सितम्बर को सिंगापुर में डूबने से हो गई थी। 23 सितम्बर को सोनापुर जिले के कमरकुची में उनका अंतिम संस्कार हुआ था। गुवाहाटी से 31 किमी दूर इस गांव में 10 बीघा के करीब जमीन को जुबीन का देवालय सा मान लिया गया है। अब यहां हर रोज 5 से 10 हजार लोग उनकी समाधि पर पहुंच रहे हैं। कई ऐसे भी हैं, जो यहां 500-800 किमी दूर से पहुंच रहे हैं। इनमें हर उम्र के लोग शामिल हैं। जुबीन ने 52 की उम्र तक 40 हजार से ज्यादा गाने खुद लिखे और गाए। जुबीन के अंतिम संस्कार के बाद से इन 36 दिनों में उनकी समाधि पर अब तक 5 लाख से ज्यादा असमिया गमछे चढ़ाए जा चुके हैं।

### औरंगाबाद रेलवे स्टेशन अब 'छत्रपति संभाजीनगर'

**मुंबई।** दक्षिण मध्य रेलवे ने एक ऐतिहासिक घोषणा करते हुए 'औरंगाबाद रेलवे स्टेशन' का नाम बदलकर 'छत्रपति संभाजीनगर रेलवे स्टेशन' कर दिया है। रेलवे ने बताया कि यह नाम परिवर्तन औपचारिक रूप से लागू कर दिया गया है और स्टेशन के सभी साइनबोर्ड, टिकट, घोषणाएं और डिजिटल सिस्टम में नया नाम अपडेट किया जा रहा है।

# 21वीं सदी भारत और आसियान की

**कुआलालंपुर /नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 21वीं सदी को भारत और आसियान की सदी करार देते हुए जोर देकर कहा है कि अनिश्चितता के मौजूदा दौर



में दोनों पक्षों की यह मजबूत साझेदारी वैश्विक स्थिरता और विकास का सशक्त आधार बनकर उभर रही है।

श्री मोदी ने रविवार को मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर में 22 वें आसियान- भारत सम्मेलन में वर्चुअल माध्यम से हिस्सा लेते हुए अपने प्रारंभिक वक्तव्य में कहा कि भारत आपदा के हर समय में आसियान के अपने मित्र देशों के साथ खड़ा रहा है। प्रधानमंत्री ने इस मौके पर दोनों पक्षों के बीच समुद्री क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए वर्ष 2026 को 'आसियान-भारत समुद्री सहयोग' का वर्ष घोषित किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और आसियान मिलकर विश्व की लगभग एक चौथाई जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करते हैं और हम ऐतिहासिक संबंधों तथा साझे मूल्यों की डोर से बंधे हैं। उन्होंने कहा कि भारत और आसियान मिलकर विश्व की लगभग एक चौथाई जनसंख्या को रिप्रजेंट करते हैं । हम सिर्फ जियोग्राफी ही शेयर नहीं करते। हम गहरे ऐतिहासिक संबंधों और साझे मूल्यों की डोर से भी जुड़े हुए हैं। हम ग्लोबल साउथ के सहयात्री हैं हम केवल व्यापारी ही नहीं सांस्कृतिक साझेदार भी हैं। पीएम मोदी ने कहा कि आसियान भारत की एक्ट ईस्ट नीति का मुख्य स्तंभ है और दोनों पक्षों की साझेदारी अनिश्चितता के दौर में वैश्विक स्थिरता तथा विकास का सशक्त आधार बनकर उभर रही है। उन्होंने कहा कि आसियान, भारत की एक्ट ईस्ट पॉलिसी का मुख्य स्तंभ है। भारत सदैव आसियान सेंट्रलिटी और इंडो पेसिफिक पर आसियान के आउटलुक का पूरा समर्थन करता रहा है। अनिश्चितताओं के इस दौर में भी भारत आसियान समग्र रणनीतिक पार्टनरशिप में सतत प्रगति हुई है और हमारी यह मजबूत साझेदारी वैश्विक स्थिरता और विकास का सशक्त आधार बनकर उभर रही है।

> **दोनों पक्षों की साझेदारी वैश्विक स्थिरता और विकास का आधार: मोदी**
>
> **प्रधानमंत्री ने कुआलालंपुर में 22 वें भारत-आसियान सम्मेलन में वर्चुअली हिस्सा लिया**

# भारत की कीमत पर पाक से दोस्ती नहीं: अमेरिका

## भारतीय कूटनीति में समझदारी, वे जानते हैं कई देशों से रिश्ते रखने पड़ते हैं: मार्को

वाशिंगटन, वार्ता

**अमेरिकी विदेश** मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि अमेरिका, पाकिस्तान के साथ अपने रिश्ते को मजबूत करना चाहता है, लेकिन भारत की कीमत पर नहीं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक रुबियो ने बताया कि अमेरिका और पाकिस्तान पहले से ही आतंकवाद के खिलाफ मिलकर काम करते रहे हैं, लेकिन इससे भारत के साथ उसकी अच्छी दोस्ती को कोई नुकसान नहीं होगा।

जब उनसे पूछा गया कि क्या भारत ने अमेरिका- पाकिस्तान की नजदीकी पर चिंता जताई, तो रुबियो ने कहा कि भारतीय कूटनीति में समझदारी है। वे जानते हैं कि हमें कई देशों से रिश्ते रखने पड़ते हैं। उनके भी कुछ देशों से रिश्ते हैं। यह समझदारी भरी विदेश नीति का हिस्सा है। पाकिस्तान के साथ अमेरिका के रिश्तों पर एक पत्रकार ने सवाल किया कि क्या यह दोस्ती इसलिए बढ़ी, क्योंकि अमेरिका और राष्ट्रपति ट्रम्प ने भारत- पाकिस्तान के बीच युद्ध रोकने में मदद की। इस पर रुबियो ने कहा कि नहीं, मुझे लगता है। हमने इससे पहले ही पाकिस्तान से बात शुरू की थी। हम उनके साथ रणनीतिक दोस्ती फिर से बनाना चाहते हैं। हमें लगता है कि हम कई चीजों पर एक साथ काम कर सकते हैं। केस दिखाया था। पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ और सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने सितम्बर में ट्रम्प से व्हाइट हाउस में मुलाकात की थी। इस दौरान मुनीर ने ट्रम्प को रेयर अर्थ मिनरल्स से भरा ब्रीफकेस दिखाया था। रुबियो ने कहा कि हमें पता है कि भारत-पाकिस्तान के बीच पुराने तनाव हैं, लेकिन हमारा काम है कि जितने देशों के साथ हो सके, दोस्ती के रास्ते ढूंढें। हम पाकिस्तान के साथ आतंकवाद के खिलाफ काम करते आए हैं और अब इसे और बढ़ाना चाहते हैं। लेकिन यह भारत या किसी और के साथ हमारे अच्छे रिश्तों की कीमत पर नहीं होगा। रुबियो ने आगे कहा कि मुझे लगता है कि पाकिस्तान के साथ हम जो कर रहे हैं, वह भारत के साथ दोस्ती को नुकसान नहीं पहुंचाएगा। इसी साल मई में भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान और अमेरिका के रिश्तों में काफी मजबूत हुए हैं। ट्रम्प ने 10 मई को दोनों देशों के बीच सीजफायर कराने का दावा किया था, पाकिस्तान ने इस दावे का सपोर्ट किया और ट्रम्प को नोबेल के लिए नॉमिनेट भी किया। वहीं, जून में पाकिस्तान सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने ट्रम्प से सीक्रेट मुलाकात की थी। इसके बाद सितम्बर में शहबाज शरीफ और मुनीर ने व्हाइट हाउस में ट्रम्प के साथ बैठक की थी, इस बैठक में शरीफ ने ट्रम्प को शांति दूत कहा था। 10 मई को ट्रम्प ने एक्स पर लिखा था कि अमेरिका की मध्यस्थता में एक लंबी बातचीत के बाद भारत और पाकिस्तान पूर्ण और तत्काल युद्धविराम पर सहमत हो गए हैं। पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसिम मुनीर के सलाहकारों ने इसी महीने अमेरिका से बलूचिस्तान में एक पोर्ट डेवलप करने का प्रस्ताव शेयर किया था। एक न्यूज एजेंसी के मुताबिक, पाक चाहता है कि अमेरिकी निवेशक बलूचिस्तान के पसनी शहर में अरब सागर के किनारे एक नया पोर्ट डेवलप करके चलाएं।




- **अमेरिका और पाकिस्तान आतंकवाद के खिलाफ मिलकर काम करते रहे हैं, इससे भारत को कोई नुकसान नहीं होगा: रुबियो**

### भारत पूरी तरह रूसी तेल की खरीद रोकेगा, ट्रम्प ने फिर दोहराया दावा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर दावा किया है कि भारत रूस से तेल की खरीद पूरी तरह बंद करने जा रहा है, जबकि भारत ने दोहराया है कि उसकी ऊर्जा नीति राष्ट्रीय हितों पर आधारित है, न कि किसी बाहरी दबाव पर।

एयर फोर्स वन में पत्रकारों से बातचीत के दौरान ट्रम्प ने कहा कि आपने देखा होगा, चीन ने रूसी तेल की खरीद में काफी कमी की है और भारत पूरी तरह से इसे रोक रहा है। हमने रूस पर नए प्रतिबंध लगाए हैं। ट्रम्प ने कहा कि वे रूस से चीन के तेल सौदों को लेकर भी चर्चा कर सकते हैं और उम्मीद जताई कि यह वार्ता पूरी तरह सौदा तय कर सकती है। इससे पहले भी ट्रम्प कई बार इसी तरह का दावा कर चुके हैं। उन्होंने कहा था कि भारत ने उन्हें आश्वासन दिया है कि वह वर्ष के अंत तक रूसी तेल की खरीद बंद कर देगा।



### महिला डाक्टर आत्महत्या: भ्रष्ट सत्ता और तंत्र में बैठे अपराधियों का गठजोड़ : राहुल

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के सतारा जिले में महिला डाक्टर आत्महत्या मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि एक होनहार चिकित्सक भ्रष्ट सत्ता और तंत्र में बैठे अपराधियों के गठजोड़ का शिकार हो गई है। श्री गांधी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में लिखा कि महाराष्ट्र के सतारा में मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न से तंग आकर एक डाक्टर की आत्महत्या किसी भी सभ्य समाज की अंतरात्मा को झकझोर देने वाली त्रासदी है। एक होनहार डॉक्टर बेटी, जो दूसरों का दर्द मिटाने की आकांक्षा रखती थी, भ्रष्ट सत्ता और तंत्र में बैठे अपराधियों की प्रताड़ना का शिकार बन गई। उन्होंने कहा कि जिसे अपराधियों से जनता की रक्षा की जिम्मेदारी दी गई थी, उसी ने इस मासूम के खिलाफ सबसे घिनौना अपराध किया, उसका शोषण किया। सत्ता संरक्षित आपराधिक विचारधारा का ये सबसे घिनौना उदाहरण है। यह आत्महत्या नहीं, संस्थागत हत्या है। श्री गांधी ने कहा कि जब सत्ता अपराधियों की ढाल बन जाए, तो न्याय की उम्मीद किससे की जाए? डाक्टर की मौत इस भारतीय जनता पार्टी सरकार के अमानवीय और संवेदनहीन चेहरे को उजागर करती है। हम न्याय की इस लड़ाई में पीड़ित परिवार के साथ मजबूती से खड़े हैं। भारत की हर बेटी के लिए - अब डर नहीं, न्याय चाहिए।

# चीनी विद्वानों ने भगवद गीता को बताया ज्ञान का अमृत

## भारतीय सभ्यता का संक्षिप्त इतिहास बताते हुए कहा: आधुनिक जीवन के लिए अमूल्य मार्गदर्शन

बीजिंग, वार्ता

**चीन के विद्वानों** ने भगवद गीता को 'ज्ञान का अमृत' और भारतीय सभ्यता का संक्षिप्त इतिहास बताते हुए आधुनिक दुनिया के लोगों के आध्यात्मिक और भौतिक संकटों के समाधान का स्रोत बताया। यह बातें 'संगम - भारतीय दार्शनिक परंपराओं का संगम' नामक संगोष्ठी में कही गईं, जिसे भारतीय दूतावास ने आयोजित किया।

संगोष्ठी में 88 वर्षीय प्रोफेसर झांग बाओशेंग मुख्य वक्ता थे, जिन्होंने भगवद गीता का चीनी भाषा में अनुवाद किया है। उन्होंने गीता को भारत का दार्शनिक विश्वकोष और आध्यात्मिक महाकाव्य बताया, जो आज भी भारतीय जीवन पर गहरा प्रभाव डालता है। प्रो. झांग ने कहा कि उन्होंने 1984/86 के दौरान भारत की यात्रा के दौरान हर जगह भगवान कृष्ण की उपस्थिति का अनुभव किया। सेंटर फॉर ओरिएंटल फिलासफी रिसर्च के डायरेक्टर प्रो. वांग झी-चेंग ने कहा कि गीता 5,000 साल पहले की प्राचीन भारतीय युद्धभूमि की संवाद है, जो आज भी आधुनिक जीवन की उलझनों और चिंताओं का समाधान प्रस्तुत करती है। उन्होंने गीता की तीन प्रमुख शिक्षाओं कर्म योग, सांख्य योग, और भक्ति योग को आधुनिक जीवन के लिए मार्गदर्शक बताया। प्रो. यू लोंगयू, सेंटर फॉर इंडियन स्टडीज, शेनझेन यूनिवर्सिटी ने कहा कि भारतीय सभ्यता का गहरा दार्शनिक और सांस्कृतिक विरासत अध्ययन के योग्य है और चीनी विद्वानों को इसे समर्पण के साथ सीखना चाहिए। भारतीय दूत, प्रदीप कुमार रावत ने कहा कि गीता समेत भारत के दर्शनशास्त्र ने हमेशा मानवता के सबसे महत्वपूर्ण प्रश्नों 'सत्य क्या है? वास्तविकता का स्वरूप क्या है? ज्ञान और कर्म कैसे अंतिम मुक्ति की ओर ले जाते हैं?' का उत्तर देने का प्रयास किया है। विद्वानों ने इस अवसर पर जोर देकर कहा कि भगवद गीता केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि आधुनिक जीवन के लिए नैतिक और आध्यात्मिक मार्गदर्शन भी है।



- **88 वर्षीय प्रोफेसर झांग ने भगवद गीता का चीनी भाषा में अनुवाद किया**

Global HR Solutions
Kyrgyzstan (Bishkek)
जल्द जरूरत है !
जॉब्स उपलब्ध:
• वेल्डर (3G & 4G ARC) • राज मिस्त्री
• कंस्ट्रक्शन लेबर • सिलाई टेलर
वेतन: 700 USD प्रति माह (नेट)
टैक्स कम्पनी देगी
आवश्यक दस्तावेज़:
• रेफरेन • योग्यता प्रमाणपत्र
• सर्विस सर्टिफिकेट • वेल्डर टेस्ट रिपोर्ट
सम्पर्क करें :-
+91 8630026067

# मुठभेड़ में तीन गौकश गिरफ्तार , जिन्दा गौ वंश बरामद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** भोपा पुलिस ने क्षेत्र के गांव बेहड़ा थ्रू के जंगल में मुठभेड़ के दौरान दो गौकश को घायल कर गिरफ्तार कर लिया व तीसरे को काम्बिंग कर पकड़ लिया जबकि एक गौकश पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। पुलिस ने मौके से जिन्दा गौवंश, गौकशी के उपकरण व तमंचा बरामद किया है पुलिस गौकशो का आपराधिक इतिहास खंगाल रही है।

क्षेत्राधिकारी भोपा देवव्रत वाजपेई ने बताया कि भोपा पुलिस को शनिवार शाम सूचना प्राप्त हुई थी की क्षेत्र में कुछ संदिग्ध गौ कशी की घटना को अंजाम दे सकते हैं इसी के ख्रष्टिगत भोपा पुलिस क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाये हुए थी तथा क्षेत्र मे गश्त कर रही थी रात के समय भोपा पुलिस को सूचना मिली के थाना क्षेत्र के गांव बेड़ा थ्रू के जंगल में चार-पांच व्यक्ति गौ कशी करने की फिराक में है मौके पर पुलिस पहुंची तो कुछ व्यक्ति गौ कशी करने प्रयास मे थे पुलिस को देख गौ कश फरार होने लगे तो पुलिस ने रुकने को कहा किन्तु गौकशो ने पुलिस टीम पर फायर झोंक दिया पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए जवाबी फायरिंग की. जिसमें मनशाद निवासी गांव बेहड़ा थ्रू व शादाब निवासी यूसुफपुर को घायल कर गिरफ्तार कर लिया। फरार हो रहे एक गौकश जीशान निवासी सरवट मुज़फ्फरनगर को भी पुलिस ने काम्बिग कर गिरफ्तार कर लिया जबकि उसका साथी महरबान पुलिस को चकमा देकर मौके से फरार हो गया। पुलिस गौ कशो का आपराधिक इतिहास खंगाल रही है।

पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गौकशों से एक ज़िंदा गाय, दो तमंचे 315 बोर, दो खोखा कारतूस व दो ज़िंदा कारतूस व गौकशी के उपकरण बरामद किये हैं।पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक मुनीश कुमार, उपनिरीक्षक गौरव चौधरी, गजेंद्र चौधरी, गोपाल सिंह, हेड कॉन्स्टेबल विजय मावी, प्रवीण कुमार, विनय कुमार, कॉन्स्टेबल रितिक कुमार, गौरव कुमार आदि रहे।

## बाईक से उछलकर गिरी महिला हायर सैंटर रैफर

**बुढाना।** कस्बा बुढ़ाना के मौहल्ला बड़ौत रोड निवासी सतीश कुमार आज रविवार की शाम लगभग सवा पांच बजे लगभग 50 वर्षीया अपनी पत्नि श्रीमति संतोष को मोटर साइकिल पर बिठाकर किसी जरुरी कार्य से भसाना शुगर मिल की तरफ जा रहे थे। जैसे ही उनकी मोटर साईकिल बुढ़ाना कस्बे के मौहल्ला करबला रोड पर आई तो जंप आने पर मोटर साइकिल अचानक जोर से उछल गयी तो मोटर साइकिल पर बैठी संतोष भी अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गयी। जिसमें उसको काफी चोटें आई। तभी आसपास के लोगों की सहायता से महिला को पास के ही एक निजी हास्पिटल में ले जाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने महिला संतोष को गंभीर हालत में जिला चिकित्सालय के लिए रैफर कर दिया था। किसी व्यक्ति की सूचना पर बुढ़ाना पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची और आसपास के लोगों से घटना के बारे में जानकारी की।

# तरक्की की बुनियाद है तालीम : मौलाना जमील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** गांव नंगला बुजुर्ग मे स्थित मदरसा तामीरे - मिल्लत व मिल्लत पब्लिक स्कूल मे एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे विद्वानो ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला इस दौरान उच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र -छात्राओं को अथितियों द्वारा शील्ड देकर पुरुषकृत किया गया।

मुख्य अतिथि हज़रत मोलाना सय्यद मोहम्मद साद खानजहाँपुर, पूर्व विधायक मौलाना जमील अहमद कासमी, मौलाना नजर मोहम्मद,ग्राम प्रधान मौ. अंजुम,मौ.ज़ाहिद रुडकली, ताज़ मोहम्मद आदि ने अपने सम्बोधन मे कहा की शिक्षा के द्वारा समाज जागरूक होता है। जागरूक समाज ही तरक्की करता है।



मुस्लिम समाज के पिछड़ेपन का कारण अशिक्षा व जागरूकता का अभाव है। धार्मिक शिक्षा संस्कार प्रदान करती है। वहीं रोजगार परक शिक्षा प्राप्त कर स्वयं का व्यवसाय कर समाज को आत्म निर्भर बनाएं कार्यक्रम के समापन पर हज़रत मोलाना ज़िकरिया ने दुआ कराई। कार्यक्रम का संचालन मौलाना जाबिर फरहत तावली ने किया तथा कार्यक्रम को सफल बनाने मे मदरसा प्रबंधक मोहम्मद शहजाद क़ासमी व उप प्रबंधक क़ारी मोहम्द रिफाक़त सहित समस्त स्टाफ ने मुख्य भूमिका निभाई।

# मिशन शक्ति के तहत महिला टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** भैंसी गांव स्थित अहलावत क्रिकेट ग्राउंड पर रविवार को मिशन शक्ति फेज-5 के अंतर्गत महिला टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ धूमधाम से हुआ। टूर्नामेंट का उद्घाटन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय सिंह वर्मा ने फीता काटकर किया। इस दौरान उन्होंने सभी महिला खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर उनका उत्साहवर्धन किया और खुद भी बल्ला थामकर बल्लेबाजी कर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।

एसएसपी संजय सिंह वर्मा ने कहा कि छात्राओं और युवाओं को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी रुचि लेनी चाहिए। खेल न केवल शारीरिक फिटनेस के लिए जरूरी हैं बल्कि यह आत्मविश्वास बढ़ाने और समाज में सकारात्मक संदेश देने का माध्यम भी हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाशाली बेटियों को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहिए ताकि वह प्रदेश और देश का नाम रोशन कर सकें। इस अवसर पर सीओ रुपाली राव, सीओ खतौली राम आशीष यादव, कोतवाल दिनेश चंद्र बघेल समेत अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। टूर्नामेंट के आयोजक सौवीर अहलावत ने जानकारी दी कि प्रतियोगिता में चार महिला टीमों के बीच मुकाबले खेले जाएंगे। रविवार



को पहला मैच बिग बेसर और रनवे बलेसर टीमों के बीच खेला गया। खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का मन मोह लिया। इस मौके पर रंजन अहलावत, संभव जैन, सोनू खारी, ललित त्यागी, सतेंद्र प्रधान, खुशी ठाकुर, आदि मौजूद रहे।

# श्रीराम कॉलेज में दीपोत्सव पर विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** श्री राम कॉलेज के विज्ञान संकाय द्वारा दीपोत्सव 2025 का आयोजन किया गया, महाविद्यालय के बेसिक साइंस, अध्यापक शिक्षा, कंप्यूटर एप्लीकेशन, बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन, वाणिज्य, कृषि विज्ञान और ललित कला विभाग के विद्यार्थियों ने इसमें बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री राम कॉलेज के निदेशक डॉ अशोक कुमार और श्री राम कॉलेज की प्राचार्या डॉ प्रेरणा मित्तल थे। इस उत्सव में कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें रंगोली प्रतियोगिता, दीया सजावट प्रतियोगिता, बिना आग के व्यंजन प्रतियोगिता, मोमबत्ती बनाना प्रतियोगिता, थाल सजावट प्रतियोगिता शामिल थी। इस प्रतियोगिता में संस्थान के लगभग 150 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

इस कार्यक्रम की विभिन्न प्रतियोगिताओं के निर्णायक मंडल में गृह विज्ञान संकाय की डीन डॉ श्वेता राठी और ललित कला विभाग की अध्यक्ष डॉ मीनाक्षी काकरान शामिल थीं। बेसिक साइंस विभाग के ग्रुप 3 द्धखुशी, नीशू, प्रियांशी रायत्रः ने दूसरा और बायोसाइंस विभाग के ग्रुप 18 (रिया प्रजापति, ज़ोया, स्वाति) ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा, ग्रुप 7 (मुद्रदिर, मिलन, आर्यन, आदित्य शर्मा, रितिक कुमार) और ग्रुप 20 (लविश, खुशी, मुस्कान, कशिश) को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए। दीया सजाओ प्रतियोगिता में विज्ञान संकाय की वाणी प्रथम, बायोसाइंस संकाय की रिया प्रजा. पति द्वितीय और विज्ञान संकाय की शिखा तृतीय स्थान पर रहीं।इसके अलावा, थाल सजाओ प्रतियोगिता में विज्ञान संकाय की अंशिमा सैनी, रसायन विज्ञान विभाग की रितिका और प्राची चौधरी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार प्राप्त किए। मोनिका शर्मा को सांत्वना पुरस्कार मिला।मोमबत्ती बनाने की प्रतियोगिता में बायोसाइंस संकाय की उन्नति शर्मा प्रथम और कशिश द्वितीय स्थान पर रहीं।बिना आग के खाना बनाना प्रतियोगिता में बेसिक साइंस विभाग की इकरा मलिक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्राची ने द्वितीय और शिफा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा, इंसा को सांत्वना पुरस्कार मिला। प्राचार्य डॉ प्रेरणा मित्तल ने सभी प्रतियोगिताओं में विजेता छात्रों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि छात्रों द्वारा बनाए गए रंगोली और दीये के डिज़ाइन रचनात्मक हैं। कार्यक्रम का संचालन महक नाज़ ने किया। डॉ ऋषभ भारद्वाज, डॉ राहुल आर्य, डॉ रितु पुंडीर, मीनल मन, हर्षिता शर्मा, विवेक कुमार अंजलि, रमा मेडियन, सचिन शर्मा, राहुल कुमार आशीष तिवारी, तुषार आदि ने इस कार्यक्रम में सहयोग दिया।

# चैकिंग में सब कुछ मिला चकाचक फिर भी चौकी पर बैठाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** भारतीय किसान यूनियन अराजनतिक के सैंकडों कार्यकर्ताओं ने फुगाना थाने की सराय पुलिस चौकी पर दिया जाने वाले धरने को चौकी इंचार्ज से बात करने के बाद स्थगित कर दिया। बताया जाता है कि बीती शनिवार की देर सायं सराय चौकी इंचार्ज पिंकू चौधरी गांव लोई में स्थित नहर की पुलिया पर आते जाते वाहनों की चैकिंग कर रहे थे। तब उन्होंने बाइक पर सवार गांव लोई के शाहवेज नाम के युवक को बुढ़ाना से अपने गांव जाते समय रोका और उसे वाहन चैकिंग के नाम पर चौकी पर काफी देर तक बिना कारण बिठाए रखा क्योंकि शाहवेज बाइक के कागज दिखा चुका था। आरोप के मुताबिक शाहवेज को कई घंटे बाद जाने दिया गया। शाहवेज भाकियूअ कार्यकर्ता बताया गया है। उसने घर आकर फोन पर यह बात भाकियूअ ब्लाक अध्यक्ष पिन्टू ठाकुर को बताई तो उन्होंने शाहवेज को सराय पुलिस चौकी पर सुबह को धरना देने का आश्वासन दिया। इसी चौकी क्षेत्र की एक अन्य



घटना में बीती 15 अक्टूबर को गांव सराय निवासीगण मंगत पुत्र बुद्ध सिंह व धर्मेंद्र पुत्र पाल्ला के बच्चों के आपस में झगड़ने के बाद बड़ों में भी कहासुनी हुई थी। जिसमें मंगत ने फुगाना पुलिस को बड़ी घटना बताकर पुलिस में हड़कंप मचा दिया था। सराय चौकी इंचार्ज ने जब पूरे मामले की जांच की तो मामला दोनों पक्षों के बच्चों के बीच पाया गया तो चौकी इंचार्ज ने मंगत को जमकर हड़काया था। तब मंगत ने उच्चाधिकारियों को भी गुमराह कर चौकी इंचार्ज की शिकायत कर दी थी कि वे उसकी सुनवाई नहीं कर रहे। आरोपी पक्ष की हिमायत कर उल्टे उसे ही प्रताडित कर रहे हैं। जब इस बात की भनक भाकियूअ के बुढ़ाना ब्लाक अध्यक्ष पिन्टू ठाकुर को लगी तो उन्होंने मंगत की बातों पर यकीन कर सराय चौकी इंचार्ज के विरुद्ध 26 अक्टूबर को चौकी पर धरना देने की घोषणाघ् की। वादे के चलते भाकियूअ के सैंकड़ों कार्यकर्ता आज धरना देने चौकी पर पहुंचे तो चौकी इंचार्ज ने भाकियूअ के पदाधिकारियों कोघ् पूरी सच्चाई बताई और घटना के गवाह भी बुलाये तो सच सामने आ गया। तब मंगत ने अपनी गलती मानी तो भाकियूअ कार्यकर्ताओं ने सराय पुलिस चौकी इंचार्ज पिंकू चौधरी को क्लीन चिट देते हुए धरना स्थगित करने की घोषणा की और मंगत को भी भविष्य में ऐसा न करने की सलाह दी। कुल मिलाकर सही बात समाने आने पर आक्रोशित भाकियूअ कार्यकर्ताओं का गुस्सा शांत हुआ। इस बारे में ब्लाक अध्यक्ष पिन्टू ठाकुर ने बताया कि आज सराय पुलिस चौकी के प्रभारी पिन्कू चौधरी से भारतीय किसान यूनियन अराजनितिक का एक डेलिगेशन मिला। जिसमें बैठकर बात. चीत हुई तो वार्ता सफल रही ओर सभी बात मान ली गयी। इसलिए धरना प्रदर्शन स्थगित किया गया। इस दौरान शाहवेज चौहान, इकराम अहमद, बालेन्दर शर्मा, शाद प्रधान और औरंगजेब आदि कार्यकर्ताओं की मौजूदगी रही।

## जब कथित पीड़ित मंगत ने दिया लिखकर...

**बुढ़ाना।** पीड़ित मंगत को जब अपनी गलती का अहसास हुआ तो उसने वार्ता उपरांत लिखकर दिया कि उसकी पडोसी सोनम पत्नि धर्मेंद्र से कहासुनी हो गयी थी। गांव के कुछ लोगों ने मुझे इन दोनों के खिलाफ प्रार्थना पत्र देने के लिए उकसाया तो में तहसील में तहरीर टाइप करवाने गया तो टाइपिस्ट ने तहरीर को बढ़ा चढ़ाकर लिखवा दिया। जबकि ऐसी कोई घटना नहीं हुई थी। बस बालकों में ही आपस में कहासुनी हुई थी। ग्राम प्रधान ने हमारा फैसला भी करा दिया था। आज के फैसले से में संतुष्ट हूं। इसलिए मैं अब धर्मेंद्र के विरुद्ध कोई भी कानूनी कार्यवाही करना नहीं चाहता। अपने होशों हवाश में बिना किसी दबाव के लिखकर दे रहा हू।

## लोई में भाकियूअ ने की मीटिंग....

**बुढाना।** पुलिस चौकी सराय पर धरना और प्रदर्शन की समाप्ति की घोषणा के बाद भारतीय किसान यूनियन अराजनितिक के सभी कार्यकर्ता और पदाधिकारी बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव लोई में पहुंचे। जहां पर संगठन को मजबूत बनाने पर बल दिया और शाहवेज चौहान को भारतीय किसान यूनियन अराजनितिक बुढ़ाना के ब्लाक उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया। इस दौरान शमशाद कुरैशी, शादान चौहान, दिलशाद अहमद, इलियास अहमद, अमान अहमद, इकराम अहमद और इमरान अहमद आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

# जय किसान आंदोलन कार्यकर्ता सम्मेलन में किया जागरूक

**मुज़फ्फरनगर।** रामपुर तिराहा स्थित गुर्जर होस्टल में जय किसान आंदोलन के कार्यकर्ता सम्मेलन में जिला कार्यकारिणी का चुनाव संपन्न हुआ। चुनाव में मुजफ्फरनगर जिले के लगभग 70 गांवों के किसानों ने बढ़ चढकर प्रतिभाग किया।

जय किसान आंदोलन के संस्थापक सदस्य पुष्पेंद्र कुमार ने कार्यक्रताओं को जय किसान आंदोलन की उपलब्धि व चुनौतियों के बारे में बताते हुए कहा कि पिछले आंदोलनों से किसान का स्वाभिमान जागा है,एमएसपी के बारे में किसान जागरूक हुआ है व किसान विरोधी बिल को किसानों की एकता व आंदोलन की सहभागिता के चलते सरकार को बैक फुट पर जाकर वापिस लेना पड़ा व एमएसपी पर कानून बनवाना, स्वामीनाथन आयोग की शिफरिशो को लागू करवाना अभी भी चुनौती ही है। किसान को अपने अधिकार केवल लड़कर ही प्राप्त हो सकते है कोई सरकार किसानों के हित के लिए कार्य नहीं करती किसान को हमेशा अपना अधिकार सरकार से एक बार नही कई बार लड़कर लेना पड़ता है एक बार सरकार को बताना पड़ता है कि समस्या क्या है फिर उसके लिये कानून बनवाने के लिए लड़ना पड़ता है फिर उसे लागू करवाने के लिए लड़ना पड़ता है।

जय किसान आंदोलन के मंडल अध्यक्ष वेदपाल सिंह गुर्जर ने कहा कि हमे पूरे प्रदेश में पार्टी की इकाईयां गठित करनी है तथा इकाई के साथ-साथ सदस्यता अभियान चलाकर पूरे देश व उत्तर प्रदेश में अपने सदस्यों को बढ़ाना है। जन समस्याओं के समाधान के लिए कार्यक्रताओं को प्रशिक्षित किया जाएगा कि किस प्रकार जनता के प्रशाशनिक कार्यो को करवाने में जनता की मदद करनी है आम आदमी को छोटे छोटे कार्यो के लिए अधिकारियों द्वारा चक्कर कटवाए जाते है जय किसान आंदोलन के कार्यकर्ता आम जनता की मदद करने के लिए 24 घंटे तत्पर रहेंगे व जय किसान आंदोलन का कार्यकर्ता तन मन धन से किसानों की समस्याओं के निवारण के लिए कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कार्यक्रताओं की हौसला अफजाई की तथा उनमें नही ऊर्जा का संचार किया। जय किसान आंदोलन के आज चयनित जिलाध्यक्ष पवन चौहान ने कहा कि केवल तीन काले कानून वापिस ले लेने से किसानों की समस्या का हल नही हो जाता किसान बिजली पानी डैच आदि अनेक मुद्दे है जिनके समाधान के लिए आंदोलन जारी रहेगा ये लड़ाई इतनी भी आसान नही है ये लड़ाई तब तक लड़ी जाएगी तब तक किसान आत्मसम्मान से अपने बच्चों के भरण पोषण के अलावा खुशहाली की स्थिति में नही आ जाता। संगठन के प्रत्येक कार्यकर्ता को गांव गांव जाना होगा तथा प्रत्येक गांव में किसानों को प्रोत्साहित करके जय किसान आंदोलन से जोड़ने का कार्य किया जाएगा तथा उनकी समस्याओं को पूछा जाएगा तथा उनकी समस्याओं को आंदोलन के एजेंडे में शामिल किया जाएगा। संगठन के आज संपन्न हुए चुनाव में पवन सिंह चौहान



जी जिलाध्यक्ष के पद पर चयनित किए गए तथा कुलदीप सिंह, धर्मवीर सिंह, दिनेश तोमर, महिपाल सिंह, नवीन कुमार, संजय कुमार, सोनू कुमार जिला सचिव एवं वीरेंद्र कुमार, विनेश खटाणा, बृजपाल ठेकेदार, रजनीश चौहान उपाध्यक्ष के पद पर चयनित किए गए है। इसके साथ ही विधानसभा पुरकाजी से विधान सभा अध्यक्ष पोबिंद्र सिंह, विधानसभा मीरापुर से मांगेराम जी अध्यक्ष पद पर, ओमवीर सिंह राणा तहसील जानसठ अध्यक्ष के पद पर चयनित हुए। इसी क्रम में पुरकाजी ब्लॉक अध्यक्ष पद पर प्रशांत गौरसी चयनित किए गए। इसके अलावा सभी ब्लॉक कार्यकारिणी, विधानसभा कार्यक्रणीयो का गठन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रवीण सिरो. ही, वेदपाल गुर्जर, कुलदीप चेयरमैन, प्रधान ;तुपर्ण आर्य, चौधरी विनेश खटाणा, सुरेशपाल जी, विपिन तोमर जी, मदनलाल मास्टर जी ने संबोधित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन ओ पी चौहान द्वारा किया गया।

# राजीव जैन ग्रुप की भारी जीत, सभी पदों पर कब्जा

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** श्री कुन्द कुन्द जैन एजुकेशन एसोसिएशन, खतौली एवं इससे सम्बद्ध चारों शिक्षण संस्थाओं के चुनाव में राजीव जैन (स्वास्तिक) ग्रुप ने एक बार फिर बाज़ी मारते हुए सभी पदों पर भारी मतों से विजय हासिल की। एसोसिएशन के अध्यक्ष पद पर संजय जैन (प्रेम विहार) तथा महामंत्री पद पर योगेश कुमार जैन (भैंसी वाले) विजयी घोषित हुए। मतगणना में राजीव जैन ग्रुप ने अपने प्रतिद्वंद्वियों को बड़े अंतर से पराजित किया।

चुनाव प्रक्रिया श्री कुन्द कुन्द जैन इण्टर कॉलेज, खतौली परिसर में मुख्य चुनाव अधिकारी आशीष द्विवेदी, विभागीय पर्यवेक्षक डॉ. रणवीर सिंह और विश्वविद्यालय पर्यवेक्षक प्रो. सतीश कुमार की देखरेख में शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई।

मतदान दोपहर 3 बजे तक हुआ, जिसके बाद मतगणना प्रारम्भ की गई। परिणामों में श्री कुन्द कुन्द जैन (पी.जी.



) कॉलेज से अध्यक्ष योगेश चंद जैन (सर्राफ) और सचिव मुकेश कुमार जैन (एडवोकेट) निर्वाचित हुए। इण्टर कॉलेज में अध्यक्ष विकास जैन और प्रबंधक संजय जैन (प्रेम विहार), कन्या विद्यालय में अध्यक्ष मनोज कुमार जैन और प्रबंधक शशांक कुमार जैन, जबकि पब्लिक स्कूल में अध्यक्ष शशांक कुमार जैन (सर्राफ) और प्रबंधक वैभव कुमार जैन विजयी घोषित हुए। चुनाव के दौरान किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए थानाध्यक्ष खतौली के नेतृत्व में पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा। पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्ण और निष्पक्ष वातावरण में सम्पन्न हुई। विजय के बाद राजीव जैन (प्रेम विहार) ने समाज के प्रबुद्धजनों, समर्थकों, पुलिस प्रशासन, चुनाव अधिकारियों एवं पर्यवेक्षकों का धन्यवाद ज्ञापित किया और सभी का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

## नगरीय पीएचसी में लगाया गया स्वास्थ्य मेला

**बुढ़ाना।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. सुनील तेवतिया के दिशा निर्देश पर पूर्व की भांति ब्लाक परिसर में स्थित नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एक स्वास्थ्य मेले का सफ़ल आयोजन किया गया। जिसमें बुखार, दर्द, खांसी व नजले के मरीजों की संख्या ज्यादा देखने को मिली। यहां पर नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा. सोनू कश्यप ने बारी बारी से अन्य स्वास्थ्यकर्मियों के सहयोग से सभी मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया।

**सम्बन्ध विच्छेद**

मै अपने भाई तसलीम को उसकी मर्जी व परिजनों की गैर मौजूदगी में शादी करने के कारण अपने सम्बन्ध विच्छेद करता हूँ। भविष्य में मै व मेरा परिवार उसके किसी भी कृत्य का जिम्मेदार नही होगा।

**वसीम पुत्र सलीम**
**निवासी म.न.38 खादरवाला**
**मुजफ्फरनगर**

# पुण्यतिथि पर लाला नरेश को दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहपुर।** नगर के वैश्य समाज के आधार स्तंभ स्वर्गीय लाला नरेश कुमार मित्तल की प्रथम पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में सैकड़ो लोगों ने चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

श्रद्धांजलि सभा में स्वर्गीय लाला नरेश कुमार मित्तल के छोटे भाई उमेश मित्तल ने भावुक शब्दों में कहा 'दिल का सूना साज तराना ढूंढेगा,
**मुझको मेरे बाद ज़माना ढूंढेगा**

उन्होंने कहा कि वे अपने भाई द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलकर समाजसेवा को आगे बढ़ाएंगे। श्रद्धांजलि सभा में स्वर्गीय लाला नरेश मित्तल के पुत्र अंकित मित्तल ने भावुक होकर कहा की मेरे पिता स्वर्गीय नरेश कुमार मित्तल व्यक्ति नहीं बल्कि व्यक्तित्व थे। वे आज भी मेरे जीवन का मार्गदर्शन करते हैं। मेरी आंखों से बहने वाले आंसू कमजोरी नहीं, बल्कि संवेदना के प्रतीक हैं। श्रद्धांजलि सभा में श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए प्रमुख समाजसेवी कृष्णपाल ठेकेदार ने कहा कि चित्र पर फूल चढ़ाना मात्र एक संकेत है, वास्तविक श्रद्धांजलि उनके अधूरे कार्यों को पूरा करने में है। नरेश कुमार मित्तल को संघर्षशील और सिद्धांतनिष्ठ बताते हुए कहा कि वे विपरीत परिस्थितियों में भी कभी नहीं झुके। श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से दिनेश मित्तल, उमेश मित्तल, अंकित मित्तल, नवदीप मित्तल, राकेश गोयल, राजेंद्र गोयल, गौरव बिंदल लक्सर, विभोर गर्ग बुढ़ाना, साधारण बिंदल , अंकित कंसल बुढ़ाना, आद. ेश सिंघल, शुभम मित्तल, अनंत मित्तल, प्रिंस मेडिकल स्टोर के स्वामी शाकिर मलिक, जयपाल नामदेव, शौकीन मलिक, डॉ. वसीम अकरम, डॉ. रिहान, शहजाद सलमानी आदि मौजूद रहे।?

# लीग मुकाबले में बिग बैंसर्स की धमाकेदार जीत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** रविवार को व वूमेन क्रिकेट लीग का उद्घाटन मैच अहलावत क्रिकेट गेम सिटी भैंसी में हुआ जिसका उद्घाटन जिसमें मुख्य अतिथि संजय कुमार वर्मा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने किया उसके स्वागत करने के लिए ऑर्गेनाइजर सौवीर सिंह स विवेक सरोहा मोनू अहलावत ने किया।

पहला मैच रनवे ब्लास्ट वर्सेस बिग बेसर के बीच हुआ चार टीमों की है फेंचाइजी ले खेली जा रही है जिसमें ऑल इंडिया से गर्ल्स पार्टिसिपेट कर रही है इस टूर्नामेंट का मकसद महिला क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए कराया जा रहा है नारी शक्ति सम्मान के लिए यह टूर्नामेंट एक सुनहरा अवसर है स्थानीय मैदान पर खेले गए लीग मैच में बिग बैशर्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रनवे ब्लास्टर्स को 22 रनों से मात दी। कप्तान अर्शी चौधरी की विस्फोटक अर्धशतकीय पारी और स्नेहा जंगवाल की घातक गेंदबाजी ने टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी बिग बैशर्स की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में दो विकेट खोकर 173 रन बनाए। टीम की ओर से कप्तान अर्शी चौधरी ने मात्र 47 गेंदों में 86 रन की शानदार पारी खेली, जिसमें 8 चौके और 6 छक्के शामिल थे। वहीं खुशी कुशवाहा ने 24 गेंदों में 26 रन और निहारिका ने 45 गेंदों पर 34 रन की पारी खेली। अंत में शैलजा यादव 7 गेंदों पर 11 रन बनाकर नाबाद रहीं। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रनवे ब्लास्टर्स की शुरुआत निराशाजनक रही। शुरुआती झटकों ने टीम को दबाव में डाल दिया। स्नेहा जंगवाल ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए मात्र 9 रन देकर 3 विकेट झटके। कप्तान नंदिनी कौशिक ने एक छोर संभालते हुए शानदार अर्धशतक जमाया कृ उन्होंने 59 गेंदों में 84 रन बनाए, जिसमें 13 चौके शामिल थे। हालांकि उन्हें दूसरे छोर से सहयोग नहीं मिल सका। आरती चौधरी ने 26 रन जोड़े, जबकि खुशी शर्मा 9 रन बनाकर नाबाद रहीं। बिग बैशर्स ने रनवे ब्लास्टर्स को 22 रनों से हराया। अर्शी चौधरी (बिग बैशर्स) 47 गेंदों पर 86 रन की धमाकेदार पारी और शानदार कप्तानी की।

## परिजनों को सांत्वना देने पहुंचे क्षेत्रीय विधायक

**जानसठ ।** खतौली से रालोद के विधायक मदन भैया ने जानसठ में ब्लॉक के सामने राजेंद्र गोयल पूर्व प्रधान सलारपुर के मृतक भाई वीरेंद्र गोयल के आवास पर पहुंचकर मृतक के परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना दी। इसी बीच भाजपा नेता गौरव स्वरूप भी परिजनों को सांत्वना देने पहुंचे। उसके उपरांत इसी गली में चंद कदम की दूरी पर श्री चंद सैनी के आवास पर पहुंचे 2 दिन पूर्व श्री चंद सैनी की पत्नी का हार्ट फेल होने से स्वर्गवास हो गया था। विधायक मदन भैया ने श्री चंद मिस्त्री एवं परिजनों को सांत्वना दी।

# मिर्जा-मुल्तानी वेलफेयर सोसाइटी की बैठक संपन्न



**खतौली।** मिर्जा मुल्तानी वेलफेयर सोसाइटी की एक मीटिंग खतौली नगर में महासचिव हाफिज शाहिद के निवास स्थान पर हुई।

मीटिंग में दीगर और जगह की कमेटी के गठन पर तबादला-ए-ख्याल किया गया। साथ ही मीटिंग में समाज के बच्चों को आला से आला तालीम देने आदि पर विचार-विमर्श किया गया। मीटिंग के सदस्यों ने आसपास क्षेत्र में फैली बुराइयों से दूर रहने की सभी को हिदायत भी दी। इस मौके पर इंजीनियर उस्मान, मिर्जा आबिद अली एडवोकेट, नगर अध्यक्ष अफजाल मिर्जा, मोबीन अहमद, अब्दुल वहाब वगैरा ने अपने विचार रखे

## फिल्म थामा ने तोड़े रिकॉर्ड

**बुढ़ाना।** कस्बा बुढ़ाना के मौहल्ला काजीवाडा के रहने वाले मशहूर फिल्म एक्टर नवाजुद्दीन सिद्दीकी की भूमिका वाली हाल ही में पूरे देश में रिलीज हुई फिल्म थामा ने भेड़िया फिल्म के रिकार्ड को भी ध्वस्त करके रख दिया है। फिल्म जल्द 100 करोड़ रुपये का आकंड़ा पार कर लेगी।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैंने अपना नाम Rajesh Gupta से बदलकर Rajesh रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाये।

**राजेश पत्नी श्री योगेन्द्र कुमार निवासी म.न.35 जी, आरा मशीन गांधीनगर कुकड़ा, मुजफ्फरनगर**

# पोस्टल बैलेट घोटाले का आरोप , दर्जनों लोगों ने किया मतदान का बहिष्कार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** खतौली की श्री कुंद कुंद जैन एजुकेशन सोसाइटी के अंतर्गत आने वाले शिक्षण संस्थानों के चुनाव से पहले ही गड़बड़ी और फर्जीवाड़े के आरोपों ने पूरे समाज में हलचल मचा दी है। चुनाव से जुड़े दर्जनों मतदाताओं ने रविवार को मतदान का बहिष्कार करते हुए चुनाव अधिकारी को ज्ञापन सौंपा और पोस्टल बैलेट घोटाले की जांच की मांग की।

जानकारी के अनुसार, सोसाइटी के चुनाव (निर्धारित तिथि 26 अक्तूबर 2025) में कुल 2450 मतदाता पंजीकृत हैं, जिनमें 280 मतदाता मुजफ्फरनगर शहर के निवासी हैं। नियमानुसार, पोस्टल बैलेट खतौली स्थित चुनाव कार्यालय से रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से भेजे जाने थे, लेकिन आरोप है कि 9 अक्तूबर 2025 को चुनाव अधिकारी आशीष दुबेदी एवं सहायक चुनाव अधिकारी हितेश कुमार ने मुजफ्फरनगर सिटी ऑफिस से 12 रजिस्ट्री कराईं, जबकि चुनाव कार्यालय खतौली में ही मौजूद था।

सूत्रों के अनुसार, हितेश कुमार और उनके सहयोगी अतुल प्रताप (दोनों इंटर कॉलेज में अध्यापकद्ध पर आरोप है कि उन्होंने पूर्व प्रबंधक राजीव जैन और सचिव मुकेश जैन के निर्देश पर 10 अक्तूबर 2025 को मुजफ्फरनगर डाकघर से फर्जी हस्ताक्षर और मोबा. इल नंबर का प्रयोग कर वे 12 रजिस्ट्री प्राप्त कीं। बाद में उन्हीं बैलेटों का इस्तेमाल प्रबंध तंत्र के पक्ष में कर उन्हें चुनाव अधिकारी के पते पर भेज दिया गया। विपक्षी पक्ष ने इस पूरे प्रकरण को मताधिकार की खुली चोरी बताते हुए उच्चस्तरीय जांच और दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की है। आरोप लगाया गया कि चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने के लिए यह सुनियोजित साजिश रची गई। शनिवार को जैन समाज के बड़ी संख्या में लोगों ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस को शिकायती पत्र सौंपा और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की थी। इससे पहले भी समाज के प्रतिनिधियों ने एसएसपी मुजफ्फरनगर को ज्ञापन देकर संपूर्ण प्रकरण की जांच की मांग की थी।

रविवार सुबह कुंद कुंद जैन इंटर कॉलेज में मतदान प्रक्रिया शुरू हुई, जिसमें समर्थक पक्ष के मतदाता बड़ी संख्या में पहुंचे और अपने पसंदीदा उम्मीदवार के पक्ष में मतदान किया। वहीं, विरोधी पक्ष ने चुनाव अधिकारी प्रधानाचार्य गोरमेंट इंटर कॉलिज बहाद. रपुर आशीष दुबेदी को ज्ञापन सौंपते हुए मतदान का बहिष्कार किया और ह्बड़ा घोटालाह्न करने का आरोप लगाया। शुरू में चुनाव अधिकारी ने ज्ञापन लेने से इनकार कर दिया, लेकिन बाद में विपक्षी पक्ष के आग्रह पर पत्र स्वीकार किया गया। इस दौरान दोनों पक्षों में तीखी नोकझोंक भी हुई। गौरतलब है कि सोसाइटी के चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए मनोज कुमार जैन और मधुकर जैन के बीच मुकाबला रहा, जबकि



सदस्य पद के लिए पवन कुमार, अमित कुमार, अनिल कुमार, सुनीला जैन, नरेंद्र जैन, आलोक, संदीप, राहुल जैन, राहुल कुमार जैन, अमित कुमार, शशांक जैन, आशु जैन और सचिन जैन समेत 13 उम्मीदवार मैदान में रहे। चुनाव के दौरान कॉलेज परिसर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। पुलिस बल ने पूरे परिसर और आसपास के इलाकों में चप्पे-चप्पे पर निगरानी रखी गई थी। जिससे मतदान शांतिपूर्वक संपन्न हो सका।

# फोटो वायरल करने की धमकी देकर आरोपी तीन साल तक करता रहा बलात्कार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चरथावल।** थाना क्षेत्र के गांव कुटेसरा निवासी एक युवक द्वारा पूर्व मे इंटर कालिज की छात्रा रही एक युवती के चोरी से अश्लील फोटो खींचकर उसे ब्लेकमेल करता चला आ रहा था और फोटो वायरल करने की धमकी देता चला आ रहा था इसी के बुते तीन वर्ष से पीड़ित युवती के साथ बलात्कार का घिनोना खेल खेलता चला आ रहा था उस वक्त आरोपी ने सारी सीमाए लाँघ दी ज़ब आरोपी पीड़ित युवती के घर ही आ धमका और जबरदस्ती पीड़िता के साथ बलात्कार करने लगा युवती डरी सहमी तीन वर्ष से अपना मानसिक व शारीरिक शोषण झेलती चली आ रही थी और आज उस समय हड़कम्प मच गया ज़ब आरोपी फ़रदिन पुत्र आबाद पीड़ित युवती के घर आ धमका और युवती के साथ जबरदस्ती बलात्कार करने लगा बल्कि किसी को बताने या शोर मचाने पर युवती को जान से मारने की धमकी भी देने लगा, बल्कि सारी हदे उस समय पार हो गयी ज़ब आरोपी को युवती के परिजनों व गांववासियो ने बलात्कार करते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया।और घर मे घुसे आरोपी को पीड़ित युवती के परिजनों ने मोके से ही पुलिस को सौंप दिया और आरोपी युवती व परिजनों को जान से मारने व अंजाम भुगतने की धमकी देते हुए नजर आया युवती के परिजनों मे भय बना हुआ है और आरोपी को घटनास्थल से पकडकर पुलिस को सोपने का वीडियो भी सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है जिसमे पुलिस द्वारा आरोपी को मोके से पकडकर ले जाते हुए वीडियो मे आरोपी साफ दिख रहा है पीड़ित युवती के परिजनों की तहरीर पर आरोपी फ़रदिन के खिलाफ बलात्कार (धारा 376 आईपीसी), घर में जबरन घुसने (धारा 452 आईपीसी ब्लैकमेलिंग और आईटी एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने की तैयारी के साथ आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना से क्षेत्र मे हड़कम्प मचा हुआ है और क्षेत्रवासी यह कहते नजर आ रहे है की ज़ब योगी सरकार मे आज छात्राए व महिलाए कही भी आ जा सकती है और किसी वही आपराधिक तत्व मे यह हिम्मत नहीं की वह किसी भी छात्राओं व महिलाओ के साथ छेड़छाड़ की घटना को अंजाम दे सके आज छात्राए अपने कालिजो मे पढ़ाई के लिए आराम से दूर तक जा रही है वही योगी सरकार मे भी ऐसी घटना को अंजाम देने की फ़रदिन मे इतनी हिम्मत कहा से आयी जबकि योगीराज मे छेड़छाड़ और बलात्कार की घटनाओ पर काफ़ी हद तक अंकुश लगा है।

# इंटर कॉलेज भोकरहेडी में हुआ एनसीसी कैंप का शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** 82 यूपी एनसीसी बटालियन के तत्वधान में इंटर कॉलेज भोकरहेडी में एनसीसी के 10 दिवसीय कैंप का शुभारंभ रविवार को किया गया।

कैंप का शुभारंभ करते हुए कैंप कमांडेंट कर्नल प्रवीण भाल ने कहा कि अनुशासन और निरंतर प्रयास से लक्ष्य को प्राप्त किया जाता है। एनसीसी का उद्देश्य ही कैडेट का सर्वांगीण विकास करना है आज की गतिविधि में गार्ड ऑफ ऑनर एवं कर्तव्य पथ के केडेट का इंटर यूनिट कंपटीशन हुआ।

साथ ही साथ आरडीसी के लिए सलेक्शन भी किया गया और सीएटीसी कैडेट्स को फायरिंग अभ्यास कराया गया। इस अवसर पर डिप्टी कैंप कमांडेंट कर्नल नवीन पाराशर ,मेजर अरविंद कुमार, कैप्टन शशांक भारती, लेफ्टिनेंट अमित राणा ,सेकंड ऑफिसर राजकमल वर्मा ,सेकंड ऑफिसर कपिल कुमार एवं सूबेदार मेजर यशपाल सिंह सहित सैन्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की बुढ़ाना इकाई का गठन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की बुढ़ाना इकाई का गठन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि प्रांतीय उपाध्यक्ष संजय मित्तल एवं जिला अध्यक्ष महेश चौहान रहे बुढ़ाना इकाई के गठन के कार्यक्रम का संचालन जिला युवा अध्यक्ष डॉ पुनीत सिंघल द्वारा किया गया।

इस अवसर पर पर जिला अध्यक्ष महेश चौहान ने संगठन के विषय में प्रकाश डालते हुए बताया कि हमारा संगठन राष्ट्रीय स्तर का संगठन है और हम व्यापारियों की हक की लड़ाई को हमेशा लड़ते रहे हैं और लड़ते रहेंगे इस अवसर पर प्रांतीय उपाध्यक्ष संजय मित्तल ने अपने संबंधों में बोलते हुए का की जो विश्वास आप सभी व्यापारीयो ने हमारे अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल में जताया हैं हम भी आप सभी को पूर्ण सम्मान व सुरक्षा की गारंटी देते हैं तथा व्यापार की हर संभव समस्याओं का निराकरण कराया जाएगा और आप सभी व्यापारियों की लड़ाई हर समय लड़ने के लिए तैयार रहेंगे।



प्रांतीय उपाध्यक्ष संजय मित्तल की संस्तुति पर जिला अध्यक्ष महेश चौहान ने बुढ़ाना इकाई के पदाधिक. ारीयो की घोषणा की जिसमें संरक्षक सुरेंद्र कुमार अध्यक्ष संजीव कुमार चलो सिंघल वरिष्ठ उपाध्यक्ष आशीष संगल महामंत्री हिमांशु संगल कोषाध्यक्ष आयुष गर्ग को दायित्व सौंपते हुए कहा कि एक सप्ताह के अंदर अपनी कार्यकारिणी की कमेटी बनाकर जिला कमेटी को सौंप दें प्रांतीय उपाध्यक्ष संजय मित्तल ने सभी नव निर्वाचित सदस्यों को बधाई दी। इस अवसर पर तनवीर कुरेशी, डॉक्टर अरविंद गोयल, विशाल कुमार, रोमी जैन, आशीष सिंगल, रविंद्र कंसल, शिवम कंसल, सुमित सैनी, आयुष गर्ग आदि बहुत से व्यापारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

# भगत सिंह का अपमान विचारधारा का दिवालियापन : संजीव बालियान

**मुजफ्फरनगर।** कांग्रेस सांसद इमरान मसूद द्वारा दिए गए विवादित बयान पर पूर्व केन्द्रीय राज्य मंत्री एवं क्षेत्रीय पूर्व सांसद डॉक्टर संजीव बालियान ने कडी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे महान स्वतंत्रता सेनानी की तुलना किसी आतंकी संगठन से करना बेहद गलत और निंदनीय है। यह सोच दोगली मानसिकता को दर्शाता है ऐसे व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए।

दरअसल कांग्रेस सांसद इमरान मसूद एक विवादित बयान को लेकर अब घिरते हुए नजर आ रहे है। उन्होने स्वतंत्रता सेनानी सरदार भगत सिंह की तुलना आतंकी संगठन हमास से कर दी थी इस पर पूर्व केन्द्रीय राज्यमंत्री डॉक्टर संजीव बालियान ने कहा कि सरदार भगत सिंह देश के करोड़ों युवाओं के प्रेरणा स्रोत और आदर्श है उन्होने अपनी शहादत से देश को एक नई दिशा दी थी ऐसे महान स्वतंत्रता सेनानी की तुलना किसी आतंकी संगठन से करना बेहद गलत है। उन्होने कहा कि ऐसे बहुत से सेनानी हुए है जिन्होने देश को दिशा दी। भगत सिंह का नाम देशभक्ति, बलिदान और साहस का प्रतीक है जो लोग उनकी तुलना आतंकवादियों से करते है वह न केवल उनके आदर्शो का अपमान करते हुए बल्कि देश के इतिहास का भी उपहास उडा रहे है। उन्होने कहा कि इमरान मसूद को अपने शब्दों पर गंभीरता से विचार करना चाहिए।

संजीव बालियान ने इमरान मसूद पर निशाना सादते हुए कहा कि यह विचाराधारा की दिवालियापन की निशानी है जो व्यक्ति सरदार भगत सिंह जैसे वीर को हमास जैसे संगठन के समान बताता है वह इतिहास नहीं जानता। भगत सिंह ने देश की आजादी के लिए फांसी का फंदा चूमा और आज कोई उनकी तुलना आतंकी संगठन से करे तो यह पूरे देश के लिए अपमानजनक है।

# मकान का बैनामा कराने के नाम पर युवक से 8 लाख की ठगी

**खतौली।** खतौली में मकान का बैनामा कराने के नाम पर एक युवक से आठ लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मोहद्दीनपुर निवासी मोंटू पुत्र प्रकाशचंद ने एसएसपी संजय वर्मा को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसने राघव जुनेजा व माधव जुनेजा पुत्रगण नरेन्द्र जुनेजा निवासी मित्तूलाल गली शुकलान, खतौली से मोहल्ला शिवपुरी स्थित एक मकान का 18 लाख रुपये में सौदा किया था। इसके तहत उसने 29 मई 2024 को तीन लाख रुपये नकद दिए थे। समझौते के अनुसार छह माह के भीतर बैनामा कराया जाना था, जबकि बाकी रकम किश्तों में दी जानी थी। मोंटू के अनुसार, उसने किश्तों में पांच लाख रुपये और विपक्षी पक्ष के खाते में यूपीआई के माध्यम से ट्रांसफर किए। इसके बाद जब उसने तय समय पर बैनामा कराने की बात कही तो आरोपी राघव और माधव जुनेजा टालमटोल करने लगे। कई बार कहने पर उन्होंने बैनामा करने से साफ इनकार कर दिया और उसे गालीगलौज व जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने आरोप लगाया कि दोनों आरोपी आपराधिक प्रवृत्ति के हैं, जो लोगों को झांसे में लेकर ठगी करते हैं। उन्होंने उसके आठ लाख रुपये हड़प लिए और अब लगातार धमकी दे रहे हैं। मोंटू ने एसएसपी से मामले में कार्रवाई कर न्याय दिलाने व अपनी रकम वापस दिलाने की गुहार लगाई। एसएसपी के निर्देश पर खतौली पुलिस ने राघव जुनेजा और माधव जुनेजा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# विधायक मदन भैया ने घायलों को अस्पताल में कराया भर्ती

**सिखेड़ा/जानसठ।** खतौली विधानसभा से लोकदल के विधायक मदन भैया रविवार को अपने विधानसभा क्षेत्र में अपने लोगों के सुख-दुख में शामिल होने के बाद जानसठ से सिखेड़ा से गांव खानुपुर में मृतक पूर्व प्रधान के परिजनों को सांत्वना देने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान सिखेड़ा से मंसूरपुर मार्ग पर गांव बिहारी के पास जुगाड़ की लेंटर मिक्सर मशीन मजदूरों को लेकर जा रही थी। बाइक बचाने के चक्कर में मिक्सर मशीन खेतों में पलट गई।मिक्सर मशीन पलटने से जुगाड़ में सवार आधा दर्जन मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। इस दौरान विधायक मदन भैया का काफिला वहां से गुजर रहा था। जैसे ही विधायक मदन भैया की नजर घायलों पर पड़ी, तो उन्होंने अपना काफिला रुकवाया और एम्बुलेंस एवं पुलिस को फोन किया और अपने काफिले में चल रहे वाहनों एवं वहां से गुजर रहे अन्य वाहनों के द्वारा घायलों को अस्पताल पहुंचाया। जब तक सभी घायल अस्पताल नहीं पहुंचे विधायक घटनास्थल पर मौजूद रहे। इस दौरान इस रास्ते से गुजर रहे लोगों ने विधायक के कार्य की सराहना की।

# महिलाओं-बालिकाओं को किया जागरुक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सिखेड़ा/जानसठ।** मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के तहत गांव भिक्की में थाना सिखेडा पुलिस व मिशन शक्ति टीम के द्वारा महिलाओं/बालिक. ाओं को सुरक्षा, सम्मान, स्वाबलंबन व सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं जैसे विधवा पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वल योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री जन अरोग्य योजना, नशा मुक्ति भारत अभियान आदि से अवगत कराया।

इसके अलावा बालिकाओं को उनकी सुरक्षा व सम्मान के प्रति जागरूक करते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे- वूमेन पावर ताइन-1090, महिला हेल्पलाइन नंबर-181, पुलिस आपातकालीन सेवा- 112, स्वास्थ्य सेवा- 102,108, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076, चाइल्ड लाइन 1098, साइबर हेल्प लाइन 1930 आदि नम्बरों के सम्बन्ध में जागरूक किया गया तथा पंपलेट वितरित किए गए।

# योगी के साथ मंत्री कपिल ने देखी गंगा स्नान व्यवस्था

## हापुड़ हेलीपैड पर प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने किया मुख्यमंत्री का स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** गढ़मुक्तेश्वर स्थित गंगा स्नान मेले की तैयारियों और व्यवस्थाओं का स्थल निरीक्षण करने पहुंचे प्रदेश केमुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का उत्तर प्रदेश सरकार में कौशल विकास, व्यावसायिक शिक्षा मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने अपने प्रभारी जनपद हापुड़ के गढ़ क्षेत्र में हेलिपैड पर भव्य स्वागत किया।

इसके उपरांत मुख्यमंत्री के साथ मंत्री कपिल देव अग्रवाल, क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र सिसोदिया, जिलाध्यक्ष नरेश तोमर व क्षेत्रीय विधायकों ने गढ़मुक्तेश्वर स्थित गंगा स्नान मेले की तैयारियों और व्यवस्थाओं का स्थल निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री एवं मंत्री कपिल देव ने गंगा तट पर गंगा माता की पूजा-अर्चना कर प्रदेश की शांति, समृद्धि और जनकल्याण की कामना की।

मुख्यमंत्री योगी ने मेला क्षेत्र का गहन निरीक्षण करते हुए सुरक्षा व्यवस्था, स्वच्छता, यातायात प्रबंधन, स्वास्थ्य सेवाओं, पेयजल, पार्किंग और श्रद्धालुओं की सुविधाओं की विस्तार से समीक्षा की तथा अधिकारियों को सख्त एवं स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए कि गंगा स्नान मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।



मुख्यमंत्री योगी के आगमन से पूरा क्षेत्र उल्लास और उत्साह से भर उठा। भाजपा कार्यकर्ताओं, पदा. धिकारियों और स्थानीय नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर मुख्यमंत्री जी का स्वागत किया, जिससे वातावरण 'जय राम' और 'भारत माता की जय' के नारों से गूंज उठा।इसके पश्चात मुख्यमंत्री योगी जी की अध्यक्षता में आयोजित जनपद स्तरीय समीक्षा बैठक में मंत्री कपिल देव अग्रवाल जी ने प्रतिभाग किया। बैठक में जिले के विकास कार्यों, कानून-व्यवस्था, जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति और संगठनात्मक सुदृढ़ता पर विस्तार से चर्चा हुई। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'आत्मनिर्भर भारत' के विजन और माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के 'सुशासन, सुरक्षा और विकास' के संकल्प के अनुरूप हम सबका ध्येय है सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मार्ग पर चलते हुए जनपद हापुड़ को विकास की नई ऊँचाइयों तक पहुँचाना। उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश सरकार की प्रतिबद्धता है कि प्रत्येक नागरिक तक सरकार की योजनाओं का लाभ पारदशह्र और तीव्र गति से पहुँचे। इस अवसर पर पूर्व सांसद यशवंत सिंह, विधायक विजयपाल आढ़ती, हरेंद्र तेवतिया, राजीव तरारा आदि सम्मानित व्यक्ति मौजूद रहे।

# यूपी अंडर-14 क्रिकेट टीम में खिलाड़ियों का चयन

**28 को स्टेडियम में ट्रायल मैच में खेलेंगे चयनित खिलाड़ी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश अंडर 14 क्रिकेट टीम के लिऐ रविवार को चौधरी चरण सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम में ट्रायल हुआ, जिसमें 30 खिलाड़ियों का चयन किया गया चुने हुए खिलाड़ियों मे बल्लेबाजो में आयुष अहलावत, करना, आदित्य, ध्रुव चौहान, देव चौहान, मोहम्मद अनस, स्पर्श, यश धनकर, रिहान चौधरी, वंश पाल, यथार्थ पाटिल, युवराज, विलेश त्यागी रहे, जबकि गेंदबाजी मे सक्षम, शिवांश पंवार, वंश तोमर, सुब्हान, रूद्र प्रताप, गुरुवंश, अलमास, समीर अली, कृष्णा मनचंदा, सूरज, सूरह बर्मन शौर्य धाकर, शाकिर, विशु पुंडीर, अखिल धीमान शामिल है, जिन्हें सभी 28 अक्टूबर को स्टेडियम मे ट्रायल मैच के लिए बुलाया गया है। मुजफ्फरनगर क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव मनोज पुंडीर ने बताया कि चयनकर्ता में विकास राठी और रोहन त्यागी के अलावा मोहमद अरशद, अंकुर, विकास बालियान, मौ. तालिब आदि मौजूद रहे।

# जीएसटी सर्वे नोटिस से भट्टा स्वामी नाराज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** ईंट निर्माता समिति के बैनर पर जनपद के ईंट भट्टा स्वामी कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार से मुलाकात कर जीएसटी विभाग के अधिकारियों से मिले सर्वे नोटिस का विरोध जताया और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम ज्ञापन सौंपा जिसमें मांग उठाई गई कि 13 अक्टूबर को जारी हुए इस आदेश को वापस लिया जाए ताकि ईंट भटा उद्योग सुरक्षित रहे।



ज्ञापन देने वालों में राकेश डागर, शमशाद अली, प्रवीण देशवाल, परमजीत लाटियान, मनोज कुमार ने बताया कि जीएसटी अधिकारियों से उन्हें नोटिस प्राप्त हुआ है, जिसमें बताया किया कि उनकी भटे पर कच्ची ईंट और पक्की ईंट सहित ईधन खर्च व अन्य सामानों का सर्वे होगा। भटा स्वामियों ने कहा यह भौतिक सत्यापन वैज्ञानिक रूप से सटीक नहीं है। इस सर्वे के नाम पर ईंट भटा स्वामियों का आर्थिक शोषण होगा, जिसको रूकवाने की जरूरत है।

# 'पुरानी पेंशन बहाली व टीईटी अनिवार्यता के विरोध में होने वाली महा रैली की बनाई रणनीति

**मुजफ्फरनगर।** दिल्ली महारैली की सफलता को लेकर एस डी इंटर कॉलेज में मंडलाध्यक्ष तालिब हसन की अध्यक्षता एवं मंडलीय उपाध्यक्ष प्रीतवर्धन शर्मा के संचालन में बैठक आयोजित की गई।



बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि एवं प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी ज़ोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने कहा कि पुरानी पेंशन हमारा संवैधानिक अधिकार है जिसके लिए निरंतर संघर्ष जारी है। संघर्ष के क्रम में 25 नवंबर को टीईटी अनिवार्यता व यूपीएस-एनपीएस एवं निजीकरण के विरोध में राष्ट्रीय आर्वी पर राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु के नेतृत्व में महमहारैली आयोजित की जाएगी। जिसमें देश के लाखों शिक्षक एवं कर्मचारी प्रतिभाग करेंगे। मंडल अध्यक्ष तालिब हसन ने सभी विभागीय संगठनों से आगामी महारैली की सफलता के लिए सहयोग एवं समर्थन की अपील की। मंडलीय मंत्री प्रवीण चौधरी ने कहा कि पुरानी पेंशन के लिए अटेवा दृढ़ संकल्पित है। मंडल उपाध्यक्ष प्रीतवर्धन शर्मा ने कहा कि आरटीई एक्ट लागू होने से पहले नियुक्त शिक्षकों पर थोपे जा रहे टीईटी की अनिवार्यता का भी पुरजोर विरोध करेंगे। बैठक में शामली जिलाध्यक्ष नवनीत गहमरी, जिला महामंत्री प्रताप सिंह, सहारनपुर जिला संरक्षक डॉ अजय शर्मा, जिला महामंत्री पंकज सिरोही, बिजनौर जिला महामंत्री सुभाष चंद्र यादव, जिला संगठन मंत्री दिवाकर चौधरी राकेश कुमार रवि, शिव कुमार कटारिया, पंकज सिरोही, सुरेन्द्र पान्डेय, अमित कुमार, महेंद्र सिंह, बिजेंद्र सिंह,हरिपाल सिंह,लहरी सिंह, डॉ दीपक गर्ग, यशपाल अरोरा, रमेश चंद, सुनील पंवार,अनिल सिंह,पुष्पेंद्र चौधरी, सार्थक शर्मा, संजय राठी, प्रशांत शर्मा,कपिल शर्मा,अशोक कुमार, विनय त्यागी, डॉ राजबल सिंह, अजय गुप्ता,विरेन्द्र कुमार,रवि कुमार, संचय त्यागी, हंस कुमार, विजय सिंह, नीरज बालियान आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सद्भावना दौड़ प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया उत्साह

**मीरापुर।** शिखर सीनियर शिक्षा सदन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सद्भावना दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन बड़े हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस प्रतियोगिता में मुजफ्फरनगर, शामली, बिजनौर, मेरठ, सहारनपुर, गाजियाबाद और बुलंदशहर समेत आसपास के कई जिलों के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। विभिन्न आयु वर्गों की दौड़ों में खिलाड़ियों ने उत्ख्रष्ट प्रदर्शन करते हुए खेल भावना का परिचय दिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मीरा. पुर नगर पंचायत चेयरमैन जमील अहमद ने प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए कहा कि खेल हमारे मन और मस्तिष्क को स्वस्थ रखने का सर्वोत्तम साधन है। खेल से न केवल शारीरिक विकास होता है बल्कि अनुशासन, एकाग्रता और टीम भावना भी विकसित होती है। वशिष्ठ अतिथि समाजवादी पाटह्ल से मीरापुर विधानसभा प्रत्याशी अजीम जैदी ने कहा कि खेल व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक सोच और आत्मब्विास लाता है। उन्होंने कहा कि जो खिलाड़ी मेहनत और लगन से खेलते हैं, वे न केवल अपने परिवार बल्कि अपने क्षेत्र और देश का नाम भी रोशन करते हैं। भाजपा नेता अरुण शर्मा ने कहा कि आज के दौर में युवाओं को मोबाइल और सोशल मीडिया से दूरी बनाकर खेलों की ओर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है, इसलिए खेलों को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाना चाहिए। काशिफ रिजवी ग्राम किथौड़ा ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले सभी खिलाड़ियों की सराहना करते हुए उन्हें आगे भी इसी उत्साह के साथ खेलों में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। राशिद खान कुतुबपुर ने खिलाड़ियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। इस दौरान मीडिया सेंटर के अध्यक्ष वासुदेव शर्मा, मीडिया सेंटर के महासचिव आफताब आलम, दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच से परवेज मेवाती, डॉ. सरताज बैग, जान मोहम्मद मेवाती, कोमल कुमार और शिवम वत्स, शमशुदीन, साकिब मेवाती सहित कई गणमान्य अतिथि



उपस्थित रहे। सभी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता में आयरा हॉस्पिटल मीरापुर द्वारा नईम चौधरी के सहयोग से नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें खिलाड़ियों और दर्शकों को स्वास्थ्य परामर्श दिया गया। प्रतियोगिता के परिणामों में 1500 मीटर दौड़ में अभिषेक, गौतम और अर्जुन, 800 मीटर दौड़ में सनी भाटी, अर्जुन आर्य व उत्ख्रष्ट, 400 मीटर दौड़ में सागर नायक, सनी विकल व शेखर भाटी, 200 मीटर दौड़ में सागर नायक, सागर कुमार व शनि विकल्प, 400 मीटर बालक वर्ग में शांतनु, दीपक व अमन मोरना तथा 800 मीटर बालिका वर्ग में आयशा, अर्पिता और सानिया ने क्रमश: प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता खिलाड़ियों को अतिथियों द्वारा नगद धनराशि, मेडल और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक साकिब मेवाती ने सभी खिलाडियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# जंधेड़ी गोशाला के केयरटेकर के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम का मुकदमा दर्ज

## एक दिन पूर्व जंधेड़ी गौशाला में गोवंशों की दुर्दशा का आरोप लगाकर ग्रामीणों ने जमकर किया था हंगामा-प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** गांव जंधेड़ी की गौशाला के केयरटेकर के विरुद्ध पशु क्रूरता अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत कराया गया है। डीएम के आदेश पर ब्लॉक कैराना पर तैनात एडीओ पंचायत राहुल पंवार ने कोतवाली पर मुकदमा दर्ज कराया है। एक दिन पूर्व ग्रामीणों ने जंधेड़ी गौशाला पर पहुंचकर गोवंशों की दुर्दशा के आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा-प्रदर्शन किया था।

ब्लॉक कैराना पर तैनात एडीओ पंचायत राहुल पंवार ने स्थानीय कोतवाली पर अभियोग पंजीकृत कराया है। बताया कि विगत शनिवार को प्रातः करीब दस बजे सोशल मीडिया के माध्यम से घटना प्रकाश में आई कि ग्राम पंचायत जंधेड़ी में दो गोवंशों की मृत्यु रात के समय हो गई थी, जिन्हें सुबह कुत्ते नोच रहे थे। इसकी वीडियो बजरंग दल अथवा किसी अन्य व्यक्ति के द्वारा वायरल करके हंगामा किया गया था। इस प्रकरण में पूर्णतः गौशाला के केयरटेकर उदयराज निवासी ग्राम जंधेड़ी की लापरवाही प्रकट होती है। वहीं, पुलिस ने गौशाला के केयरटेकर के विरुद्ध पशु क्रूरता अधिनियम की धारा-3/11 के तहत अभियोग दर्ज करके अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है। विदित रहे कि विगत शनिवार को ग्रामीणों ने जंधेड़ी गौशाला में गोवंशों की दुर्दशा का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा-प्रदर्शन किया था। ग्रामीणों ने प्रशासन व ग्राम प्रधान पर गोवंशों की अनदेखी के आरोप जड़े थे।

उन्होंने गोवंशों को समय पर चारा-पानी व उपचार न मिलने की बात कही थी। ग्रामीणों ने बीमार गोवंशों को आवारा कुत्तों द्वारा नोचने के भी आरोप लगाए थे। बाद में डीएम अरविंद चौहान व एसपी नरेंद्र प्रताप सिंह ने गौशाला में पहुंचकर मामले की जानकारी हासिल की थी। उन्होंने एसडीएम कैराना को गौशाला के केयरटेकर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने तथा ग्राम प्रधान की भूमिका की जांच करके रिपोर्ट प्रेषित करने को कहा था। डीएम ने गोवंशों के लिए चारे-पानी व देखरेख की व्यवस्था को भी दुरुस्त करने के निर्देश दिए थे।


प्रतीकात्मक फोटो

# डंपर व ट्रैक्टर की भिड़ंत में ट्रैक्टर चालक गंभीर घायल, कार क्षतिग्रस्त





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** रविवार को शामली बस स्टैंड के पास एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। हादसे में ट्रैक्टर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि पास में खड़ी एक कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

जानकारी के अनुसार, सुरेशपाल पुत्र वीरपाल निवासी ग्राम पीपलहैड़ा, जनपद मुजफ्फरनगर किसी कार्य से थानाभवन आए थे। वे शामली बस स्टैंड के पास ट्रैक्टर मोड़ रहे थे, तभी शामली की ओर से आ रहे एक तेज रफ्तार रोड़ी से भरे हुए डंपर चालक ने सामने ट्रैक्टर को मुड़ता हुआ देख बचाने की कोशिश की, लेकिन उसकी साइड ट्रैक्टर से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रैक्टर पलट गया और पास में खड़ी एक कार से जा टकराया।कार चालक उस समय पास की दुकान से सामान खरीद रहा था, जबकि उसकी फैमिली कार के अंदर ही बैठी थी। गनीमत रही कि कार में बैठी महिलाओं को कोई चोट नहीं आई, हालांकि कार का अगला पिछला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने घायल ट्रैक्टर चालक को ई-रिक्शा की मदद से थानाभवन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर कर दिया। पुलिस ने डंपर और ड्राइवर को हिरासत में ले लिया है।और अग्रिम कार्यवाही में लग गई।





# ग्राम लांक में लोकदल ने चलाया सदस्यता अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** गांव लांक में आज रविवार के दिन राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय चौधरी जयंत सिंह के निर्देशानुसार जनपद शामली के ग्राम लांक सदस्यता अभियान का आयोजन हुआ। इस अवसर पर मौजूद सभी ने चौधरी चरण सिंह और डॉ, भीमराव अंबेडकर की नीतियों एवं विचारों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से केबिनेट मंत्री अनिल कुमार, क्षेत्रीय अध्यक्ष योगेंद्र चेयरमैन, जिलाध्यक्ष चौधरी वाजिद अली, शामली विधायक प्रसन्न कुमार, थाना भवन विधायक अशरफ अली खान, जिला पंचायत अध्यक्ष बागपत जयकिशोर, संगीता दोहरे, नरेंद्र खजूरी (सदस्य, SC/ST आयोग), संयोग रावत एवं ऋषिराज राझड़, बीरसिंह मालिक, अमित कुमार (जिलाध्यक्ष,SC/ST प्रकोष्ठ शामली) सहित अनेक कार्यकर्ता और सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे।

# आम के बाग में पेड़ से लटका मिला शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सहारनपुर रोड़ स्थित आम के बाग में एक वृद्ध का आम के पेड़ से शव लटका मिलने से सनसनी फैली गई। सूचना पाकर थाना आदर्शमंडी पुलिस व फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और शव को पेड से नीचे उतारकर मामले की जांच पडताल की। शव की शिनाख्त न होने पर पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

थाना आदर्शमंडी क्षेत्र के गांव सिक्का निवासी मोनू रविवार सवेरे किसी कार्य से शामली आ रहा था। बताय जाता है कि जब वह शामली के सहारनपुर रोड स्थित आम के बाग के निकट पहुंचा तो वहां एक पेड से वृद्ध का शव लटका देख युवक ने डायल-112 पुलिस को मामले की सूचना दी। सूचना पाकर थाना आदर्शमंडी पुलिस व फारेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच पडताल करते हुए शव को पेड से नीचे उतारा। पुलिस ने शव की तलाशी ली, लेकिन उसके जेब से मंडल माचिस मिली। पहचान के लिए मृतक के पास से कोई आईडी न मिलने पर पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की, लेकिन कोई जानकारी हासिल नही लग सकी। जिसके बाद पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के गले में रस्सी से फंदा लगा हुआ था। पुलिस मामले की जांच पडताल कर रही है। वही सोशल मीडिया पर मृतक का फोटो डालकर शिनाख्त करने का भी प्रयास किया जा रहा है।



## अज्ञात शव की शिनाख्त कलवा के रूप में हुई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** गत 15 अक्टूबर को शहर के विजय चौक के निकट से मिले अज्ञात व्यक्ति के शव की शिनाख्त हो गई। मृतक कलवा थानाभवन का रहने वाला था, जो घर से बिना बताए चला आया था। शहर के शमशान घाट में रखी मृतक की अस्थितियों को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।



गत 15 अक्टूबर की सवेरे शहर के विजय चौक के निकट झिंझाना रोड पर एक व्यक्ति का शव लावारिश आवस्था में पडा मिला था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त न होने पर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। वही बाद में अंतिम यात्रा सेवा समूह के सहयोग से शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। रविवार को मृतक के परिजन ढूढते हुए शामली कोतवाली पहुंचे, जहां फोटो देख उनको शव की शिनाख्त कलवा पुत्र रतन सिंह निवासी मोहल्ला मुजाबरन कस्बा थानाभवन के रूप में हुई। पुत्र रोहताश व पुत्री पूजा ने बताया कि पिता कुछ दिन पूर्व घर से निकले थे। उन्होने पुलिस से पोस्टमार्टम रिपोर्ट दिए जाने की मांग की ताकि मौत के कारणों का पता चल सके। बाद में वह मृतक पिता की अस्थियां लेकर अपने साथ चले गए।

## 10 पोर्टेबल गोग्रास पात्रों का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शामली।** कान्हा काउ फीडिंग फाउंडेशन शामली द्वारा शहर में स्थापित किए गए 10 पोर्टेबल गौग्रास पात्रों का उद्घाटन नगर पालिका चेयरमैन अरविंद संगल द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन द्वारा गौसेवा के क्षेत्र में किया जा रहा यह नवाचार अत्यंत प्रशंसनीय है। ऐसे प्रयास न केवल गौवंश संरक्षण में सहायक हैं, बल्कि समाज में सेवा और सहयोग की भावना को भी प्रेरित करते हैं।फाउंडेशन के संरक्षक अनिल कुमार गर्ग ने बताया कि प्रारंभिक चरण में 10 पोर्टेबल पात्र शहर में विभिन्न स्थानों पर लगाए जा रहे हैं। यह पात्र आवश्यकता के अनुसार कहीं भी स्थानांतरित किए जा सकते हैं। यदि यह प्रयोग सफल रहता है तो जनता की मांग पर अन्य स्थानों पर भी इन्हें स्थापित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इन फीडरों से चारा वितरण की प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और सुव्यवस्थित होगी। कार्यक्रम में फाउंडेशन के सह-संयोजक शुभम गर्ग, सीए अशिष गर्ग, हिमांशु बिंदल, शिवम गर्ग, कार्तिक सरोहा, अभिषेक गर्ग, गौरव गोयल, सुमित गोयल, मुकेश वर्मा, अंकित तायल, विकास गर्ग, विराज, योगेंद्र गर्ग, कन्हैया संगल आदि मौजूद रहे।

# हरियाणा सरकार की हटधर्मी से लगा रहा जाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिडौली।** हरियाणा सरकार की जिद के चलते शनिवार की शाम से लेकर रविवार दोपहर तक मेरठ. करनाल हाईवे पर यमुना नदी पुल, हरियाणा.उत्तर प्रदेश बॉर्डर पर 18 घंटे तक भयंकर जाम लगा रहा। इस दौरान दोनों ओर वाहनों की कई किलोमीटर लंबी कतारें लग गईं और लोग घंटों जाम में फंसे रहे।

जानकारी के अनुसार, हरियाणा सरकार ने यूपी के किसानों के धान को राज्य में प्रवेश की अनुमति नहीं दी थी। व्यापारी ट्रैक्टर-ट्रॉली और ट्रकों में भरकर धान खरीदकर ला रहे थे, जिन्हें हरियाणा पुलिस ने बॉर्डर पर रोक दिया।

इससे शनिवार शाम से ही हाईवे पर वाहनों का दबाव बढ़ता गया और देखते ही देखते जाम कई किलोमीटर लंबा हो गया। जाम के कारण न केवल मालवाहक वाहन, बल्कि दूध, सब्जी और फल जैसी रोजमर्रा की जरूरत की वस्तुएं ले जाने वाले वाहन भी फंस गए। यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बिडौली पुलिस चौकी इंचार्ज ने हरियाणा मांगलौरा पुलिस चौकी पर पहुंचकर हरियाणा के अधिकारियों से वार्ता की और काफी मशक्कत के बाद देर रात जाम खुलवाया।

उन्होंने कहा कि यदि जाम और अधिक समय तक रहता, तो यूपी में मेरठ.करनाल हाईवे पर यातायात पूरी तरह ठप हो जाता। स्थानीय लोगों ने हरियाणा सरकार के रवैए पर नारा. जगी जताते हुए कहा कि किसानों की मेहनत से उपजी फसल को रोकना न केवल अनुचित है बल्कि दोनों राज्यों के बीच आपसी तालमेल पर भी सवाल उठाता है।



## एक नजर

### कांधला रामलीला समिति का पंजीकरण विवाद आयुक्त न्यायालय पहुंचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** नगर की ऐतिहासिक ह रामलीला समितिह से जुड़ा पंजीकरण विवाद सहारनपुर मंडल के आयुक्त न्यायालय में पहुंच गया है। आयुक्त अटल कुमार राय ने वाद संख्या 2059/2025 में सहायक निबंधक से समिति की मूल पत्रावली तलब की है। आरोप है कि 1973-74 में पंजीकृत मूल समिति की फाइल गायब कर 2008-09 में कुछ लोगों ने ह रामलीला कमेटी (मंडप पंचवटी) के नाम से फर्जी पंजीकरण कराया। सिद्धपीठ मां शाकुंभरी पीठाधीश्वर आशुतोष ब्रह्मचारी महाराज ने इस पंजीकरण को रद्द करने और मूल फाइल की बरामदगी की मांग की है। आयुक्त न्यायालय ने अपील को सुनवाई योग्य माना है, अगली सुनवाई 6 नवंबर 2025 को होगी। आशुतोष ब्रह्मचारी ने इसे कांधला की रामलीला परंपरा की अस्मिता का प्रश्न बताते हुए कहा सत्य की जीत होगी।

### साइबर अपराधों से बचने की दी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** दिल्ली नेशनल हाईवे मार्ग पर स्थित द गोल्ड पब्लिक स्कूल के छात्रों को उत्तर प्रदेश पुलिस के डायरेक्टर जनरल द्वारा आयोजित एक सेमिनार में आमंत्रित किया गया। इस सेमिनार का उद्देश्य साइबर क्राइम के प्रति जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह ने की। सेमिनार में साइबर क्राइम विशेषज्ञों ने छात्रों को सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाले अपराधों, जैसे साइबर ठगी और हनी ट्रैप, से बचाव के तरीके बताए। उन्होंने यह भी समझाया कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में युवा मोबाइल की लत से कैसे प्रभावित हो रहे हैं और इससे मुक्त होने के उपाय क्या हैं।स्कूल के प्रबंधक कृष्णपाल सिंह ने पुलिस की इस पहल की सराहना की। प्रधानाचार्य अजय कुमार ने छात्रों से अपील की कि वे अपना अधिक समय किताबों के साथ बिताएं, जो उनके भविष्य के लिए लाभकारी होगा।यह कार्यक्रम छात्रों में साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

### बंद घर का ताला तोड़कर हजारों की चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** नगर के मोहल्ला सरवज्ञान में अज्ञात चोरों ने एक बंद घर को निशाना बनाकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। मोहल्ला खाकरोबान निवासी बबलू राणा की भाभी फरहा, पत्नी वाजिद राणा, का मेरठ में इलाज चल रहा था। इस दौरान 23 अक्टूबर को उनके घर में चोरी की सूचना मिली। परिजनों ने मौके पर पहुंचकर देखा कि घर का सामान बिखरा पड़ा था। जांच में पता चला कि चोर सोने-चांदी के आभूषण और लगभग 10,000 रूपए नकद ले गए। पीड़ित परिवार ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### आठ महीने बाद प्रभुजी का उनके परिवार में मधुर मिलन

**शामली।** 1.8.2025 को एक महिला प्रभुजी को लावारिस एवं असहाय अवस्था में थाना आदर्श मण्डी शामली से सब इंस्पेक्टर देवदत्त शर्मा एवं महिला कांस्टेबल संगीता द्वारा अपना घर आश्रम शामली में भर्ती किया गया था प्रभु जी की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी प्रभुजी ने अपना नाम कुसुम बताया एवं अपने बारे में अन्य कोई जानकारी देने में असमर्थ थी प्रभु जी का इलाज डॉक्टर अरुण राय जी द्वारा किया गया। इलाज एवं आश्रम के अच्छे वातावरण से प्रभु जी की मानसिक स्थिति में अल्प समय में ही सुधार होने लगा काउंस. लिंग करते समय पूछे जाने पर प्रभु जी ने अपना पता गांव शाहजहांपुर, थाना किठौर, मेरठ बताया भाई का नाम हरीश बताया प्रभु जी द्वारा दी गई जानकारी से नेट पर सर्च करने पर वहां के ग्राम प्रधान का नंबर हमें मिला ग्राम प्रधान जी से बात करने पर प्रभु जी की सारी जानकारी उनको दी गई एवं उनसे विनती की गई कि उनको प्रभु जी की जो भी जानकारी प्राप्त हो कृपया हमें बताएं और अगले ही दिन पर ग्राम प्रधान जी ने प्रभु जी की बुआ का नंबर हमें दिया प्रभु जी की बुआ से बात करने पर उन्होंने बताया कि वह बहुत समय से प्रभु जी को तलाश कर रहे थे लेकिन कहीं कोई जानकारी नहीं मिली और वह बहुत जल्द प्रभु जी को लेने अपना घर आश्रम शामली आएंगे और कल दिनांक 25.10. 2025 को प्रभु जी की बुआ जी सुनीता रानी एवं प्रभु जी के भाई हरीश जी प्रभु जी को लेने अपना घर आश्रम शामली आए प्रभु जी के भाई हरीश जी ने बताया कि उनकी बहन कुसुम 8 महीने पहले घर से बिना बताए निकल गई थी और बहुत तलाश करने पर भी नहीं मिली आश्रम द्वारा द्वारा आए फोन कॉल से उनको कुसुम की जानकारी प्राप्त हुई हरीश जी ने कार्यालय कार्रवाई पूर्ण की एवं अपनी बहन कुसुम को साथ गांव शाहजहांपुर मेरठ उत्तर प्रदेश ले गए।

# पुलिस ने चलाया साइबर जागरूकता एवं मिशन शक्ति अभियान, लोगों को दी सुरक्षा की सीख

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** थाना थानाभवन पुलिस द्वारा रविवार को हसाइबर जागरूकता अभियान एवं हमिशन शक्तिह के तहत संयुक्त रूप से जनजागरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान साइबर वैन को क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में भेजा गया, जहां पुलिस टीम ने नागरिकों, छात्र-छात्राओं और महिलाओं को साइबर अपराध से बचाव एवं महिला सुरक्षा के प्रति जागरूक किया।

कार्यक्रम में पुलिस टीम ने लोगों को ऑनलाइन ठगी, व्च्च फॉड, सोशल मीडिया पर फर्जी प्रोफाइल, बैंकिंग फॉड जैसे साइबर अपराधों से सतर्क रहने की सलाह दी। साथ ही, मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को आत्मरक्षा के उपाय बताए गए और हेल्पलाइन नंबर 112, 1090 एवं 181 की जानकारी दी गई, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत सहायता प्राप्त की जा सके।साइबर वैन में लगे डिजिटल डिस्प्ले, पोस्टर और ऑडियो-वीडियो संदेशों के माध्यम से लोगों को यह संदेश दिया गया कि किसी अज्ञात लिंक, कॉल या फत कोड पर क्लिक न करें।

अपनी व्यक्तिगत जानकारी, बैंक डिटेल या व्च्च किसी से साझा न करें।साइबर अपराध की शिकायत तुरंत 1930 नंबर या ू।बलइमतबतपउम।हवअ।पद पर दर्ज करें।महिला सुरक्षा से संबंधित किसी भी समस्या के लिए 1090 द्धमहिला हेल्पलाइनऋ पर संपर्क करें।कार्यक्रम में साइबर वैन की टीम में जयप्रकाश, लोकेश कुमार, दीवान अमरजीत, नीतू आदि पुलिस कर्मी शामिल रहे।थानाभवन पुलिस ने लोगों से अपील की कि वे खुद भी जागरूक रहें और अपने परिवार एवं समाज को साइबर अपराध और महिला सुरक्षा के प्रति जागरूक करें।



# मुनिराज ने बताया आध्यात्मिकता का महत्व

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के जैन धर्मशाला में रविवार को मुनिराजों के पिच्छिका परिवर्तन का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में 108 विव्रत सागर मुनिराज ने अपने प्रवचन में आध्यात्मिक महत्व एवं सचेत परिवर्तन की आवश्यकता पर गहन विचार प्रस्तुत किए। मुनिराज ने कहा कि संसार में प्रत्एक द्रव्य प्रति क्षण परिवर्तनशील है। यदि परिवर्तन न हो, तो पूरा जगत स्थिर और गतिहीन हो जाएगा। यही स्वाभाविक परिवर्तन जीव को कष्टप्रद योनियों से निकाल. कर विभिन्न पर्यायों की ओर अग्रसर करता है। उन्होंने कहा कि भक्त जब बार-बार गुरु के चरणों में समान उत्साह से समर्पित होता है, तो यह परिवर्तन की सच्ची शक्ति को दर्शाता है। बताया कि अनंत जन्मों और चौरासी लाख योनियों में भ्रमण करने के बाद भी जीव को अभी सिद्धगति प्राप्त नहीं हुई, जो संपूर्ण दुखों और जन्म-मृत्यु से मुक्त होने की अवस्था है। सिद्धालय में आत्मा शुद्ध स्वरूप में स्थिर रहकर अनंत सुख का अनुभव करती है। उन्होंने कहा कि मनुष्य प्रायः स्थाई, शाश्वत सुख की बजाय क्षणिक और बाहरी परिवर्तनों को अधिक पसंद करता है। जैसे भूख लगने पर साधारण भोजन भी स्वादिष्ट लगता है या थकान में टूटी खाट पर भी नींद आ जाती है कृ यह दर्शाता है कि जीव सुख का वास्तविक अर्थ दुख के अनुभव से ही समझ पाता है। इस अवसर पर एसएस जैन, सुशील जैन, सुधा जैन आदि मौजूद रहे।

# दथेड़ा गोशाला में मर रहे पशु, मृत पशुओं को ले जाने पर हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** दथेड़ा स्थित गोशाला से मृत पशुओं को नियमाविरुद्ध उठाकर ले जाने का विरोध करते हुए बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने हंगामा किया और कुछ लोगों को पकड़ लिया। मौके से छह मृत गोवंश मिले। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को हिरासत में लिया। आरोप है कि पांच युवक मौके से भाग गए। इस दौरान बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने उनकी पिटाई भी की।

हंगामा बढ़ता देख एसडीएम ऊन संदीप त्रिपाठी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। थाना प्रभारी वीरेंद्र कसाना भी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों ने बताया कि जिस समय युवकों को पकड़ा तब उन्होंने बताया कि पूर्व में भी छह बार यहां से हम मृत पशुओं को ले जा चुके हैं। पुलिस को गोशाला से जो ट्रैक्टर ट्राली मिला है उनमें एक भैंस भी लदी थी। सभी मृत पशुओं को गंगोह ले जाया जाता था और अवशेषों को बेचा जाता था। एसडीएम संदीप त्रिपाठी ने मौके पर पहुंचकर पशु चिकित्सकों को मौके पर बुलाया और पशुओं का पोस्टमार्टम कराया गया। इसके बाद सीडीओ भी मौके पर पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी ली। उन्होंने गोशाला के पशुओं की गिनती कराई और पूरी प्रक्रिया पर रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए।


गोशाला पर एकत्र बजरंग दल कार्यकर्ता व मौके पर जमा भीड़।


मौके पर जानकारी हासिल करते सीडीओ।

**गोशाला में क्यों मर रहे हैं पशु**

गोशाला के रिकॉर्ड के मुताबिक 61 पशु दर्ज हैं, लेकिन मौके पर करीब 40 पशु ही पाए गए। वहीं दूसरी ओर विगत वर्ष गोशाला में पशुओं की संख्या 185 बताई है, जबकि रजिस्टर में मृत पशुओं का रिकॉर्ड नहीं मिल सका।

**गोशाला के जिम्मेदारों पर सवालिया निशान**

बजरंग दल के तहसील प्रभारी अनुज कुमार ने अपनी टीम के साथ मृत पशुओं को ले जाते पकडा तो युवकों ने बताया कि वह पशुओं को छह बार ले जा चुके हैं। वही जिस समय एसडीएम संदीप त्रिपाठी ने केयरटेकर सुरेश कुमार से पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि हमे जिम्मेदारों ने मृत पशुओं को उठवाने के लिए कहा था। युवकों ने भी बताया कि वे ग्राम प्रधान की सूचना पर मृत पशुओं को लेकर जाते हैं।

..............................

पशुओं की गिनती कराई जा रही है। पूरे प्रकरण की जांच की जाएगी ,जिस भी स्तर पर कोई भी दोषी होगा कार्यवाही होगी।

**विजय प्रकाश तिवारी, सीडीओ शामली**

पशुओं का पीएम कराया जा रहा है। मुकदमा भी दर्ज होगा और दोषियों पर कार्यवाही की जाएगी।

**संदीप त्रिपाठी, एसडीएम ऊन**

# नोजल में मशहूर कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ





## महाराणा प्रताप क्लब कमेटी ने कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** क्षेत्र के ग्राम नोजल में महाराणा प्रताप क्लब कमेटी ने कबड्डी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन कराया। यह कबड्डी प्रतियोगिता डे नाइट निरंतर मैच कराकर ही सम्पन्न होगी। कबड्डी प्रतियोगिता में प्रतिभागी बनी टीमों में काफी उत्साह नजर आया।आसपास क्षेत्र से करीब 25 टीमों ने एंट्री कराई।महाराणा प्रताप क्लब की ओर से नियम बनाया गया था कि इस प्रतियोगिता में किसी टीम की कोई एंट्री फीस नहीं होगी और 60 किलो भार वर्ग तक के खिलाड़ी ही प्रतिभाग कर सकेंगे।प्रथम टीम को पुरस्कार राशि के रूप में 8100 रूपए और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 4100 रूपए की नगद धनराशि पुरस्कार स्वरूप दी जाएगी।इस प्रतियोगिता में हरियाणा राज्य के यमुनानगर जिले की टीम ने भी भरपूर जोश के साथ प्रतिभाग किया।प्रथम पाली में 12 टीमों ने हिस्सा लिया जिसमें शामली, लिशाड़, बिरालसी,हरड़ फतेहपुर,यमुनानगर और कुतुबगढ़ की टीमों ने बाजी मारकर अपना लोहा मनवाया।सूर्य प्रताप,शानू,सागर ने बेहतरीन निर्णायक रेफरी का कार्यभार संभाले रखा।रात्रि में मैचों को कराए जाने के लिए कमेटी की ओर से भरपूर रोशनी कि व्यवस्था और पेयजल की व्यवस्था की हुई थी।

भावी जिला पंचायत संदीप राणा ने बताया कि युवाओं का जोश और बुजुर्गों के आशीर्वाद से हम कबड्डी के मैचों का सफल आयोजन कराने में कामयाब हुए।उद्घाटन के अवसर पर पंचायत वार्ड नंबर दो से भावी जिला पंचायत सदस्य संदीप राणा,पूर्व प्रधान अनिरुद्ध राणा, खेम सिंह,मनोज सिंह, बॉबी, अमरदीप राणा, रणधीर, अक्षय राणा भाकियू एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# सैकड़ों लोगों ने ली राष्ट्रीय लोक दल की सदस्यता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव भारसी निवासी जिप सदस्य के आवास पर राष्ट्रीय लोकदल सदस्यता अभियान को लेकर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान सैकड़ों लोगों ने सदस्यता ग्रहण की। जिप सदस्य अरविंद पंवार के आवास पर राष्ट्रीय लोकदल सदस्यता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय लोकदल के द्वारा किए गए कार्यों को लेकर बताया कि लोकदल सदैव किसान और मजदूर के हित में कार्य करते वाली पार्टी रही है। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि राष्ट्रीय लोकदल के क्षेत्रीय अध्यक्ष योगेंद्र चेयरमैन ने कहा कि जनपद में राष्ट्रीय लोकदल द्वारा एक लाख नए सदस्य बनाने का लक्ष्य है, जिसके लिए कार्यकर्ता घर घर जाकर संपर्क कर रहे है। जिप सदस्य अरविंद पंवार ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी के निर्देशों पर पार्टी को मजबूत करने के लिए लगातार सर्व समाज के लोगों से संपर्क कर उनको पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई जा रही है। कार्यक्रम के दौरान सैकड़ों लोगों ने सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्याम सिंह बाबू ने की और संचालन राजपाल सिंह ने किया। इस दौरान लोकदल जिलाध्यक्ष वाजिद अली, डॉक्टर विक्रांत जावला, डॉक्टर साहब सिंह , देशराज भनेड़ा, बिजेंद्र मलिक, विनोद प्रधान, बाबू राम पंवार, शौकत जंग सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# महापर्व छठ पूजा का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उल्लास से भरे विराट भक्ति भाव वाले महापर्व छठ पूजा का शुभारंभ शनिवार को नहाय-खाय के साथ हुआ था और रविवार को खरना हुआ। महिलाओं ने 12 घंटे का उपवास रखा और शाम को छठी मैया की पूजा की गई। प्रसाद ग्रहण करने के बाद 36 घंटे का व्रत शुरू हो गया। छठ पूजा की तैयारी को लेकर श्रद्धालु कैराना यमुना ब्रिज पर पहुंचे और छठ मैया की पूजा के लिए बनवाए गए छोटे मंदिर में साफ-सफाई कराई। वहीं काफी महिलाएं हनुमान धाम पहुंची और तालाब के घाट पर पूजा-अर्चना की।

छठ पूजा मुख्यत पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार व झारखंड का प्रमुख त्योहार है। शामली में निवास करने वाले इन क्षेत्रों के लोग भी उल्लास और श्रद्धाभाव के साथ इस पर्व को मनाते हैं। इस पवित्र पर्व का शुभारंभ जिले में भी हो गया है। चार दिन के इस पर्व के दूसरे दिन यानी रविवार को खरना किया गया। इसमें महिलाओं ने दो घंटे का निर्जला उपवास किया। शाम के वक्त छठी माता को गुड़ व गन्ने के रस से बनी खीर और रोटी से बना प्रसाद चढ़ाया गया। इसी प्रसाद को व्रतियों ने ग्रहण किया। इसी के साथ 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू हो गया। साथ ही देर शाम कई महिलाओं ने शहर के हनुमानधाम पर पहुंचकर पूजा-अर्चना की। सोमवार को डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा और इसकी तैयारी शुरू हो गई है। व्रती महिलाएं बांस की टोकरी में अर्घ्य का सूप सजाती हैं। इसमें मौसमी फल और सब्जियों को शामिल किया जाता है। दूसरा अर्घ्य मंगलवार को होगा और सुबह-सुबह व्रत रखने वाली महिलाएं उगते सूर्यदेव को अर्घ्य देंगी। इसी के साथ छठ पूजा पर्व का समापन होगा। पर्व के मद्देनजर यमुना ब्रिज पर होने वाली पूजा-अर्चना के लिए अधिकारियों ने ब्रिज पर पहुंचकर छठ पूजा को लेकर महिलाओं के लिए मंदिर की साफ-सफाई कराई।

# खाटू श्याम से ज्योति लेकर पहुंचे रथ का भव्य स्वागत





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** ओम बाबा श्याम परिवार सेवा समिति शामली एवं मुक्तेश्वर महादेव शिव मंदिर सतीवाला समिति द्वारा 27 अक्टूबर से 4 नवंबर तक शहर के सतीवाला मंदिर में बाबा खाटू श्याम की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव मनाया जाएगा। रविवार को खाटू श्याम से ज्योत लेकर पहुंचे संस्था के पदाधिकारियों ने नगर भ्रमण कर मंदिर में ज्योत स्थापित की।

रविवार को शहर के रॉक गोल्ड एकेडमी में ओम बाबा श्याम परिवार सेवा समिति के अध्यक्ष विकास गर्ग व कोषाध्यक्ष अखिल तायल ने बताया कि शहर के गढमुक्तेश्वर महादेव शिव मंदिर सती वाला में पिछले 21 नवंबर 2021 से लगातार बाबा खाटू श्याम का संकीर्तन चलता आ रहा है।

अब बाबा खाटू श्याम का भव्य मंदिर बनकर तैयार हो गया है। जिसके लिए जयपुर से बाबा का शीर्ष मंगवाया गया है। मंदिर परिसर में खाटू श्याम, बांके बिहारी, सालार की मूर्मियों की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम 27 अक्टूबर से 4 नवंबर तक होगा। जिसमें 4 नवंबर को भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जबकि चार नवंबर को हवन यज्ञ और मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा होगी। जिसके बाद विशाल यह प्रतिष्ठा मुकेश शास्त्री के सानिध्य में बाहर के विद्वान ब्राह्मण काशी पूजा संपन्न कराएंगे।

कार्यक्रम प्रतिदिन सुबह 9 से दोपहर एक तक तथा शाम 3 से 6 पूजा पूजा अर्चना होगी। इस अवसर पर सचिन जिंदल, सुनील गोयल, सचिन तायल, प्रणव गुप्ता, नितिन गोयल, मनीष तायल, शिखर गोयल, अंकित गुप्ता, श्रवण गोयल, नितिन, मोहित बंसल, चिंटू तायल आदि मौजूद रहे।

# एक नजर

## तमंचा व कारतूस बरामद, आरोपी दबोचा

**कैराना।** कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से 12 बोर का एक तमंचा पौनिया व जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया है। एसपी शामली नरेंद्र प्रताप सिंह के निर्देशानुसार आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाए जाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत रविवार को कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध युवक को गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से 12 बोर का एक तमंचाध्पौनिया व जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम व पता मोमीन निवासी ग्राम इस्सापुर खुरगान बताया। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के विरुद्ध सम्बंधित धारा में अभियोग पंजीकृत करके उसका चालान कर दिया है।

## पोल्ट्री फार्म के अनुबंध में फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल, मुकदमा दर्ज

**कैराना।** एबीस एक्सपोर्ट्स (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड के ब्रांच मैनेजर ने पांच लोगों के खिलाफ कंपनी से पोल्ट्री फार्म के अनुबंध के लिए फर्जी दस्तावेज इस्तेमाल करके धोखाधड़ी करने का आरोप लगाते हुए अभियोग पंजीकृत कराया है। गांव कण्डेला निवासी दानिश ने कैराना कोतवाली पर मुकदमा दर्ज कराया है। बताया की वह एबीस एक्सपोर्ट्सद्धइंडियाऋ प्राइवेट लिमिटेड के ब्रांच मैनेजर के पद पर कार्यरत है। ग्राम बराला कूकरहेड़ी में स्थित मोहम्मद असजद के पोल्ट्री फार्म की जांच की गई, जिसमें अनेकों अनियमितता पाई गई है। आरोप है कि उपरोक्त असजद द्वारा कंपनी से पोल्ट्री फार्म के अनुबंध के लिए फर्जी दस्तावेज इस्तेमाल किए गए है। असजद जनपद सहारनपुर के गंगोह थानाक्षेत्र के गांव धलापडा का रहने वाला है, जबकि अपने दस्तावेज में गांव बराला का पता दर्ज करा रखा है।कंपनी से अनुबंध के लिए फर्जी पैन कार्ड, आधार कार्ड, जमीन की खतौनी, अनापत्ति प्रमाण पत्रों का प्रयोग किया गया है। आरोप है कि धोखाधड़ी में असजद के अलावा आकाश, सब्बन, तसव्वर व शाद भी शामिल है। वहीं, पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है।

## बाइक सवार को अज्ञात कार ने मारी टक्कर, हालत गंभीर

**थानाभवन।** बहन के यहां शादी का कार्ड देने आए युवक की बाइक में अज्ञात स्विफ्ट कार ने टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों ने घायल को स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां से गंभीर हालत के चलते युवक को हायर सेंटर रेफर किया गया है। थाना भवन क्षेत्र के गांव रसीदगढ़ में अपनी बहन के यहां पर गांव बठेड़ी, थाना बड़गांव, सहारनपुर निवासी धर्मेंद्र पुत्र श्याम सिंह रविवार की देर शाम शादी का कार्ड देने के लिए आ रहा था। जैसे ही बाइक सवार गांव रसीदगढ़ के पास पहुंचा तो अचानक पीछे से आ रही एक स्विफ्ट कार ने बाइक में टक्कर मार दी। जबरदस्त टक्कर के चलते बाइक सवार उछलकर सड़क पर जा गिरा। जिससे सड़क में सिर लगने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद कार सवार मोके से फरार हो गया। उधर सूचना पर पहुंची पुलिस ने आसपास के ग्रामीणों कि मदद से घायल को उठाकर स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया। जहां से गंभीर हालत के चलते घायल को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। समाचार लिखे जाने तक थाने में तहरीर नहीं दी गई थी।

## नाबालिग से छेड़छाड़ में गिरफ्तार

**शामली।** 9.10.2025 को बाबरी क्षेत्रान्तर्गत अभियुक्त द्वारा नाबालिग से छेडछाड की घटना कारित की गई थी । घटना के सम्बन्ध में पीडिता की तहरीर के आधार पर थाना बाबरी पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया । घटना के संबंध में पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा घटना में लिप्त अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश थानाध्यक्ष बाबरी को दिए गए थे। पुलिस अधीक्षक शामली एनपी सिंह के आदेशानुसार चलाए जा रहे महिलाओं के विरुद्ध अपराध की रोकथाम एवं महिला अपराधों से संबंधित वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी थानाभवन के निकट पर्यवेक्षण में थाना बाबरी पुलिस द्वारा नाबालिग से छेडछाड़ करने के मामले में वांछित 1 अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना बाबरी पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त आशीष पुत्र रणधीरा निवासी ग्राम भन्दौडा थाना बाबरी जनपद शामली है।

## अवैध चाकू के साथ एक गिरफ्तार

**शामली।** पुलिस अधीक्षक शामली एनपी सिंह के आदेशानुसार चलाए जा रहे संदिग्ध व्यक्ति वाहन चेकिंग अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में थाना आदर्शमंडी पुलिस द्वारा 1 अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है, जिसके कब्जे से 1 अवैध चाकू बरामद हुआ है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना आदर्शमंडी पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त फैजान पुत्र खलील निवासी ग्राम सूजडू थाना कोतवाली नगर जनपद मुजफ्फरनगर है।

# पुलिस ने किया भैंस चोरी की घटना का खुलासा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना पुलिस ने एक बार फिर अपनी तत्परता और प्रभावी कार्यवाही का परिचय देते हुए भैंस चोरी की घटना का खुलासा कर तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की गई भैंस, दो अवैध चाकू और चोरी में इस्तेमाल की गई पिकअप गाड़ी बरामद की है।थाना क्षेत्र के मोहल्ला राजगार्डन निवासी नूरदीन पुत्र सुबराती की भैंस अज्ञात चोरों ने चुरा ली थी। इस मामले में थाना कांधला में अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक शामली एन।पी। सिंह ने पुलिस टीम को त्वरित कार्रवाई कर अभियुक्तों को पकड़ने के निर्देश दिए थे।



पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से चोरों की तलाश शुरू की। रविवार को थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार के नेतृत्व में चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने तीन बदमाशों को चोरी की भैंस और पिकअप गाड़ी सहित दबोच लिया। पूछताछ में अभियुक्तों ने अपने नाम हासिम पुत्र शहीद कुरैशी मोहल्ला शेखजादगान, सलमान पुत्र इलियान मोहल्ला खैल, और सूफियान पुत्र नवाब ग्राम गुजरान बलवा बताए। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए बदमाशों के पास से चोरी की भैंस, दो अवैध चाकू और चोरी में प्रयुक्त पिकअप गाड़ी बरामद की गई है। तीनों अभियुक्तों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया गया है।

## एटीएम कार्ड बदलकर 2.62 लाख उड़ाए

**नजीबाबाद।** ग्राम खैरूल्लापुर उर्फ शाहपुर निवासी अशोक पुत्र जसवंत सिंह ने थाना प्रभारी को दी तहरीर में कहा कि उसका पंजाब नेशनल बैंक में खाता है। चार अक्टूबर 2025 को वह अपने एटीएम कार्ड से स्टेशन रोड पर पीएनबी के बराबर में लगे एटीएम से तीन हजार रुपए निकालने के लिए गया था। वहां पहले से ही खड़े अज्ञात व्यक्ति ने मदद करते हुए उसका एटीएम लेकर मशीन में लगाकर तीन हजार रुपये निकाल दिए। इसके बाद उक्त व्यक्ति ने उसका एओएम कार्ड बदल कर उसे दूसरा एटीएम कार्ड दे दिया। वह उक्त कार्ड को अपना एटीएम कार्ड समझ कर लेकर निश्चित होकर घर चला गया। 14 अक्टूबर को जब वह बैंक अपनी पासबुक में एंट्री कराने के लिए गया, तो उसे जानकारी मिली कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसके बैंक खाते के माध्यम से चार अक्टूबर से 14 अक्टूबर तक कई बार में दो लाख 62 हजार रुपए निकाल लिए। जब उसने एटीएम कार्ड चैक किया तो उक्त कार्ड उसका नहीं था। जब उसने एटीएम कार्ड चैक किया, तो उक्त कार्ड उसका नहीं था। उसके साथ एटीएम पर मिले व्यक्ति ने ठगी की है। पीड़ित ने पुलिस से रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही की मांग की।

## गीजर की गैस लीक होने से बालक बेहोश

**अफजलगढ़।** मौहल्ला गौहर अली खां निवासी सनी गुप्ता ने बताया कि उसका 8 वर्षीय बेटा अभी गुप्ता दोपहर बाथरूम में नहाने के लिए गया था। अचानक गीजर का गैस लीक होने से वह बाथरूम में ही बेहोश हो गया। बेहोश होने पर परिजनों में हड़कंप मच गया। आनन फानन में अभी गुप्ता को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया।

## सड़क किनारे मिला वृद्धा का शव

**राजा का ताजपुर।** मौहल्ला खालियापार निवासी बाला देवी (70 वर्ष) पत्नी बलवंत सिंह का शव आज सुबह मुस्सेपुर रोड पर सड़क किनारे पड़ा मिला। खेत पर काम कर रहे आस-पास के लोगों ने महिला के शव पड़े होने की खबर पुलिस को दी। चौकी प्रभारी राजवीर सिंह ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने फोन कर महिला के पुत्र नरेंद्र कुमार उर्फ सोनू को घटना की सूचना दी। नरेंद्र ने पुलिस को बताया है कि उसकी मां की दिमागी हालत ठीक नहीं थी। बीमार रहने की वजह से अक्सर घर से बाहर निकल जाती थी। सुबह जब मैं अपने काम पर गया तो मां घर पर थी। मेरे काम पर जाने के बाद मां मेरे बच्चों को बगैर बताये घर से निकल गई।



# एआईएमआईएम पार्टी की बैठक में पद बहाली की उठी मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिडौली।** गांव बिडौली सादात में ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्ते. हादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) पार्टी की बैठक पार्टी कार्यालय पर आयोजित की गई। बैठक में शामली जिले की टीम ने हिस्सा लिया और हाफिज मोहम्मद इनाम को जिला अध्यक्ष पद पर पुनः बहाल करने की मांग की। रविवार को हुई इस बैठक में जिला महासचिव इस्माइल, विधानसभा अध्यक्ष शेर खान, नगर अध्यक्ष फैसल, ब्लॉक अध्यक्ष अकरम खान, विधानसभा अध्यक्ष मोमिन, ग्राम सचिव शौकीन, ग्राम अध्यक्ष शारुख खान, ग्राम महासचिव वाजिद, मोहम्मद फैसल, कादिर सिद्दीकी, मौलाना रिजवान और मौलाना अनस कासमी समेत कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक में पदाधिकारियों ने कहा कि हाफिज मोहम्मद इनाम पिछले पांच वर्षों से एआईएमआईएम के जिला अध्यक्ष पद पर रहकर पार्टी को मजबूत करने में सक्रिय रहे हैं। उन्होंने गांव-गांव और कस्बों में जाकर सदस्यता अभियान चलाया और पार्टी का जनाधार बढ़ाया है। इसके बावजूद उन्हें प्रदेश सचिव बनाए जाने से कार्यकर्ताओं में नारा. जगी है। टीम ने प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली और पश्चिमी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर मेहताब चौहान से मांग की कि हाफिज मोहम्मद इनाम को दोबारा जिला अध्यक्ष पद पर बहाल किया जाए। इस अवसर पर हाफिज मोहम्मद इनाम ने कहा कि पार्टी दलितों, मजदूरों और पिछड़ों के हक की लड़ाई लड़ती है। संगठन को मजबूत बनाने के लिए घर-घर सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता हाफिज मोहम्मद ने की।

## योगशाला का शुभारंभ

**सहारनपुर।** तनाव पूर्ण जीवन शैली में मानव को निरोगी रखने के उद्देष्य से क्लासिक हैल्थ पॉवन्इट योगशाला का शुभारंभ किया गया। इस दौरान योगाचार्य स्वामी मधु सूदन ने कहा कि आज के दौर में ऐसी योगशालाओं की बडी जरूरत है।

आज शारदा नगर वार्ड 14 में डॉ आंचल वर्मा पत्नी डॉ रविंद्र वर्मा के नेतृव में संचालित होने वाली क्लासिक हैल्थ पॉवन्इट योगशाला का अध्यात्म योग मिशन कनखल हरिद्वार के स्वामी मधुसूदन व पुलिस विभाग एडिशनल डीजीपी पीएससी डॉ रामकृष्ण ने संयुक्त रूप् से फीता काटकर शुभांरभ किया गया। स्वामी मधुसूदन ने आंचल वर्मा को बहुत-बहुत शुभकामनाएं व आशीर्वाद दिया । कार्यक्रम में महापौर डॉ अजय सिंह, पूर्व विधायक सुरेंद्र कपिल, योगाचार्य सुरेंद्र शर्मा, योगाचार्य गुलशन और पूर्व अध्यक्ष हेमंत उपस्थित रहे।

# भक्त प्रहलाद व ध्रुव की कथा सुनाई




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** नगर के श्रीरामलीला भवन में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन कथा व्यास आचार्य मिथिलेश नंदन कौशिक ने भक्त प्रहलाद और ध्रुव की कथा सुनाकर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया।

आचार्य ने कहा कि भक्ति करने के लिए उम्र कोई बाधा नहीं है। भक्त प्रहलाद ने मां के गर्भ में ही भगवान नारायण का नाम सुन लिया था। जिससे उनके कष्ट दूर हो गए थे।

उन्होने कहा कि ध्रुव ने सौतेली मां से अपमानित होने के बाद भी धैर्य नहीं खोया और तपस्या कर भगवान श्रीहरि को प्रसन्न किया। आचार्य ने कहा कि बच्चों को अच्छे संस्कार देने के लिए भक्त प्रहलाद और ध्रुव की कथाएं सुनाना आवश्यक है।

कथा का आयोजन ब्रह्मलीन परम संत श्री बाबा बंसी वाले की प्रेरणा और आशीर्वाद से किया जा रहा है। इस अवसर पर नरेश जिंदल, नीटू भारती, यशपाल धीमान, अमित धीमान, विनोद कश्यप, आशुतोष भार्गव, विपिन कपिल, मनोज शर्मा, सचिन शर्मा, महावीर पवार, उषा शर्मा व अन्य भक्तगण मौजूद रहे।

# व्यापक स्तर पर चल रहा साइबर जागरूकता अभियान



**शामली।** माह अक्टूबर 2025 को राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता माह के रूप में मनाए जाने के क्रम में, 24 अक्टूबर 2025 को जनपद शामली में आयोजित साइबर जागरूकता कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध साइबर विशेषज्ञ डॉ. रक्षित टंडन द्वारा पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों तथा आमजन को साइबर अपराधों की बदलती प्रवृत्तियों, उनकी कार्यप्रणाली एवं उनसे बचाव के प्रभावी उपायों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई थी।

डा. रक्षित टंडन द्वारा दिए गए मार्गदर्शन एवं तकनीकी परामर्श के अनुपालन में, पुलिस अधीक्षक शामली एनपी सिंह के कुशल निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक शामली संतोष कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में आज दिनांक 26 अक्टूबर 2025 को जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में साइबर जागरूकता अभियान संचालित किया गया। अभियान के अंतर्गत समस्त थानों पर नियुक्त साइबर हेल्प डेस्क, बीट पुलिसकर्मी तथा साइबर मित्रों द्वारा बाजारों, विद्यालयों, महाविद्यालयों, बस अड्डों, बैंक शाखाओं एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर पहुंचकर आमजन को साइबर अपराधों से बचाव हेतु जागरूक किया गया। पुलिस कर्मियों द्वारा नागरिकों को यह जानकारी दी गई कि अज्ञात लिंक पर क्लिक न करें, अनजान नंबरों से प्राप्त कॉल अथवा संदेशों पर व्यक्तिगत जानकारी, बैंक डिटेल या ओटीपी साझा न करें।

जनसामान्य को यह भी अवगत कराया गया कि साइबर अपराध से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत तत्काल राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल www.cybercrime.gov.in अथवा साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर दर्ज कराई जा सकती है। इसके अतिरिक्त प्रत्एक थाना स्तर पर स्थापित साइबर हेल्प डेस्क पर भी त्वरित सहायता प्राप्त की जा सकती है। पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में निरंतर साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करें तथा जनसामान्य तक साइबर सुरक्षा संबंधी आवश्यक संद.ेशों का व्यापक प्रसार सुनिश्चित करें, जिससे जनपद में साइबर अपराधों की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

जनपद शामली पुलिस द्वारा आमजन से अपील की गई कि वे स्वयं सजग रहें, दूसरों को भी साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करें और किसी भी प्रकार की शंका की स्थिति में तत्परता से पुलिस को सूचित करें।

# टायर से तेल निकालने वाली फैक्ट्री में बॉयलर फटने से दो मजदूरों की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** औद्योगिक क्षेत्र में टायरों से तेल निकालने वाली फैक्ट्री में बॉयलर जोरदार धमाके के साथ फट गया। धमाका इतना भीषण था कि आसपास के इलाकों में दहशत फैल गई। हादसे में दो मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि अन्य झुलस गए घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है जहां दोनों की मौत हो गई है।

हादसा शेखपुरा इलाके में हुआ है। 7 दिन पहले 19 अक्टूबर को इस फैक्ट्री का उद्‌घाटन हुआ था और उद्‌घाटन समारोह में औद्योगिक विकास मंत्री जसवंत सैनी, आचार्य प्रमोद कृष्णन सहित कई जाने-मानी हस्तियां शामिल हुई थीं। देर शाम में धमाका हुआ। यहां पर टायरों से तेल निकाला जाता था और फैक्ट्री में आग लग गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और जल्दी ही आग पर काबू पा लिया। एसपी सिटी व्योम बिंदल ने बताया कि इस फैक्ट्री में 7 मजदूर काम कर रहे थे पांच को रेस्क्यू कर लिया है, जबकि दो गंभीर रूप से झुलस गए, जिनकी मौत हो गई है। उन्होंने बताया कि बॉयलर में अधिक दबाव या तकनीकी खराबी के कारण यह हादसा हुआ है। इसकी जांच की जाएगी।



## हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से हाथी की दर्दनाक मौत

**बिहारीगढ़।** क्षेत्र के ग्राम सुन्दरपुर में शनिवार सुबह एक हाथी की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुँची। वन क्षेत्राधिकारी लव कुमार ने मौके पर पहुँचकर पंचनामा भरवाया और शव को कब्जे में लिया।

वन क्षेत्राधिकारी ने बताया कि रिपोर्ट आने के बाद घटना की विस्तृत जांच की जाएगी। ग्रामीणों ने बताया कि हाथियों का झुंड पिछले कई दिनों से आसपास के खेतों में घूम रहा था। अचानक हाईटेंशन तार से टकराने पर एक हाथी की मौके पर ही मौत हो गई।

इस घटना से ग्रामीणों में दुख और आक्रोश दोनों देखा गया। उन्होंने प्रशासन से बिजली तारों की ऊँचाई और सुरक्षा को लेकर ठोस कदम उठाने की मांग की है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों।

# महासचिव बने गुलबहार अब्बासी का आवास पर किया गया भव्य स्वागत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** ऑल इंडिया अब्बासी महासभा के राष्ट्रीय महासचिव गुलबहार अब्बासी का आज उनके आवास पर समाज के लोगों ने फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया।

स्वागत समारोह में अब्बासी समाज के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने गुलबहार अब्बासी के नेतृत्व की सराहना करते हुए समाज की एकता और प्रगति के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया। गुलबहार अब्बासी ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अब्बासी समाज की एकता ही हमारी असली ताकत है। हमें मिलजुल कर समाज के हर वर्ग तक शिक्षा, सम्मान और अधिकार की रोशनी पहुँचानी है।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से इनाम अब्बासी पूर्व लोकसभा प्रत्याशी, अकरम अब्बासी आसिफ अब्बासी, जुल्फान अब्बासी, नदीम अब्बासी, नौशाद अब्बासी, शाहिद अब्बासी तथा मसरूर अब्बासी सहित समाज के सम्मानित सदस्य मौजूद रहे।

# ज्यादा देर न देखें मोबाइल व टीवीः डा. सफीना



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपर।** आई प्वाइंट द्वारा लगाये गये नेत्र जांच शिविर में सैकडों लोगों के नेत्रों की निशुल्क जांच कर आवश्यक परामर्श दिया गया।

अयोध्यापुरम में लगाये गये शि. विर का शुभारंभ नेशनल मैडिकल कालेज प्राचार्य डा.असलम खान ने किया। शिविर में डा. सफीना तबस्सुम ने सैकड़ो लोगों की निशुल्क नेत्रों की जांच की और दवाइयां चश्मे भी विपरीत किये। उनहोंने बताया कि हर माह निशुल्क नेत्र जांच का आयोजन किया जाता है जिसमें हम उन लोगों की जांच करते हैं जो आम दिनों में आकर अपनी जांच नहीं करा सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमें अपनी आंखों का ध्यान खुद रखना चाहिए। ज्यादा देर तक मोबा. इल या टीवी देखना आंखों को नुकसान पहुंचाता है। जरूरत पडने पर ही मोबाइल, कम्प्यूटर या लैपटॉप इस्तेमाल करें।

## पांच घंटे विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी : अवधेश कुमार

**सहारनपुर।** विद्युत विभाग द्वारा उपभोक्ताओं को बेहतर एवं सुचारु बिजली आपूर्ति प्रदान करने के उद्देश्य से नगर के 33/11 केवी उपकेंद्र मंडी समिति में 250 केवीए' ट्रांसफार्मर की स्थापना कार्य किया जा रहा है।

विद्युत नगरीय अधिशासी अभियंता अवधेश कुमार ने बताया कि यह कार्य सोमवार को कराया जाएगा। कार्य के दौरान इंद्रा चौक क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति दोपहर 11बजे से 4 बजे तक बाधित रहेगी। उन्होंने कहा कि विभाग उपभोक्ताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कार्य को शीघ्रता से पूर्ण करने का प्रयास करेगा। विद्युत आपूर्ति बाधित रहने से होने वाली असुविधा के लिए विभाग ने खेद व्यक्त किया है तथा सहयोग की अपील की है।

# पूर्व विधायक व बेटे ने कब्जाई करोड़ों की जमीन

**पूर्व एमएलसी की पत्नी ने सीएम व डीजीपी को लिखा पत्र**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पूर्व विधायक एवं उनके पुत्र पर पूर्व एमएलसी भाइयों की करोड़ों की जमीन पर कब्जे के आरोप लगे है। उस जमीन पर पेट्रोल पंप स्थापित करने का कार्य भी शुरू कर दिया है। पूर्व एमएलसी की पत्नी ने सीएम योगी आदित्यनाथ, डीजीपी समेत कई आला अफसरों को पूर्व विधायक और उसके बेटे आदि पर कार्रवाई करने और जमीन मुक्त कराने के मांग की है।

कस्बा मिर्जापुर पोल निवासी फरीदा बेगम ने आरोप लगाया कि उसके परिवार के बच्चों एवं देवर को विगत तीन वर्षों से एक गैंग द्वारा कथित तौर पर पुलिस की मिलीभगत से एक सुनियोजित षड्यंत्र के तहत जेल भिजवाया गया था। मेरे पति गत तीन वर्षों से बाहर हैं। जिसका लाभ उठाकर पूर्व विधायक एवं उनके पुत्र आदि ने ग्राम गागालेहड़ी, देहरादून रोड स्थित भूमि जो देवर पूर्व एमएलसी महमूद के नाम लगभग 10 बीघा तथा पति पूर्व एमएलसी मोहम्मद इकबाल के नाम लगभग 3 बीघा है, पर हथियारबंद गुंडों के बल पर अवैध रूप से कब्जा कर पेट्रोल पंप स्थापित करने का कार्य प्रारंभ कर दिया है। फरीदा बेगम ने कहा है कि पूर्व में भी इस संबंध में सीएम समेत कई आला अफसरों को प्रार्थना पत्र प्रेषित किया गया था, किंतु अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। आरोप ये भी है कि इसके अतिरिक्त पूर्व विधायक के पुत्र द्वारा उसके परिवार की अन्य भूमि ग्राम शाहपुर गाड़ा, मिर्जापुर पोल, शेरपुर पेला तथा इंदरपुर तालड़ा कुल लगभग 50 बीघा, थोखाधड़ी से विक्रय की जा चुकी है। इन सम्पत्तियों के संबंध में प्रार्थिनी के परिवार के पास विधिवत एग्रीमेंट उपलब्ध है तथा संपूर्ण भुगतान भी प्रार्थिनी के परिवार द्वारा किया गया था। इस संबंध में भी कई बार प्रार्थना पत्र प्रेषित किए गए, परंतु कोई कार्रवाई नहीं हुई।

आरोप है कि इसके अलावा पूर्व विधायक ने उसके परिवार को गुमराह करके तीन करोड़ रूपये जिये। साथ ही यह आश्वासन दिया कि वह शीघ्र ही हमारे बच्चों को जेल से बाहर निकलवा देंगे, लेकिन ना तो यह कार्य हुआ और ना ही धनराशि वापस की गई। इसके विपरीत लगातार हमारी जमीनों पर अवैध कब्जा किया जा रहा है।

फरीदा बेगम का आरोप है कि सीएम आदि से शिकायत करने पर लगातार जान से मारने की धमकियों दी जा रही हैं। साथ ही अभद्र भाषा का प्रयोग किया जा रहा है। आरोप लगाया कि इस अवैध कब्जा करने की प्रक्रिया में हल्का लेखपाल, तहसीलदार एवं स्थानीय पुलिस की भी संलिप्तता है। जबकि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री द्वारा भूमाफिया एवं भ्रष्ट अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई हेतु स्पष्ट निर्देश जारी किए गए हैं। उसके बाद भी अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

पूर्व एमएलसी की पत्नी फरीदा बेगम ने सीएम, प्रमुख सचिव, डीजीपी, कमिश्नर, डीआईजी, डीएम आदि अधिकारियों से इस प्रकरण की जांच किसी स्वतंत्र एवं निष्पक्ष एजेंसी से कराकर दोषियों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई किये जाने की मांग की गई।

# बूथ पर सुनी मन की बात

**सहारनपुर।** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणादायक कार्यक्रम मन की बात के 127वें संस्करण को आज बूथ संख्या 321 पर भाजपा महिला मोर्चा की महानगर अध्यक्ष श्रीमती आरती शर्मा के नेतृत्व में बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ सामूहिक रूप से सुना गया।

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री के संदेशों ने प्रत्येक नागरिक के भीतर देश सेवा, जनकल्याण और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के प्रति नई ऊर्जा और सकारात्मक सोच का संचार किया। प्रधानमंत्री द्वारा लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाली रन फॉर यूनिटी और पद यात्रा कार्यक्रम का भी उल्लेख किया गया, जो देशभर के प्रत्येक जिले में भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। आरती शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री की प्रेरक बातें न केवल जनभावनाओं से जुड़ी होती हैं, बल्कि हर भारतीय के हृदय में कर्तव्यनिष्ठा, राष्ट्रप्रेम और समाज के प्रति उत्तरदायित्व की भावना को भी जागृत करती हैं। कार्यक्रम में भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर बूथ अध्यक्ष, मंडल उपाध्यक्ष नंदनी बाटला, नेहा रहेजा, वाणी रहेजा, ममता महेंद्र दत्ता, अन्नू गांधी, सिमरन बत्रा पूर्व सचिव मुकेश गोयल, अवनीत नागपाल, परविन्दर सिंह, सिकन्दर बीर सिंह, विजय मोदी, मनप्रीत बत्रा, गुलशन कटियाल, बलवंत रॉय, संजय चावला, सतीश ठकराल, ठा. एस. पी. सिंह, सन्नी दुआ, स. राजपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# दुनिया में ताकत बन रहा भारतः जसवंत

## समारोह में पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी, गंगोह विधायक चौ.किरत सिंह भी रहे मौजूद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** उत्तर प्रदेश के संसदीय कार्य व औद्योगिक विकास राज्यमंत्री ने कहा है कि भारत आज दुनिया की ऐसी ताकत बन कर उभर रहा है कि दुनिया की तमाम देश मोदी का स्वागत करने को आतुर दिखाई देती है और दुसरे प्रदेशों में उत्तर प्रदेश के योगी जैसी कानून व्यवस्था की मिसाल दी जाती है। इसके अलावा पूर्व सांसद सहित वक्ताओं के निशाने पर बिना नाम लिए इकरा हसन रही।

राज्यमंत्री जसवंत सिंह सैनी यहां गांव गांधीनगर स्थित महादेव सिटी में पिछडावर्ग जिलाध्यक्ष राकेशआर्य सैनी द्वारा आयोजित स्वागत समारोह के अवसर पर जनसभा को संबोधित कर रहे थे। सरकार की कानून व्यवस्था, सफलता व नारी शक्ति कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा कि विपक्ष के दौर से भाजपा राज की तुलना करते हुए उन्होंने बेहतर सडकों सहित तमाम उपलब्धियों का बखान किया। उन्होंने आत्मनिर्भर भारत अभियान के बाद अब स्वदेशी अपनाने के मोदी के आहवान की सफलताकी अपील की। कैराना के पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी की हार को झूठे प्रोपगंडे की संज्ञा देते हुए पुछा कि क्या सपासांसद उनके हाल पुछने कभी आई। अन्य वक्ताओं में पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी, विधायक किरत सिंह, अजीत राणा, मानवेन्द्र सिंह, मोहरसिंह, मेलाराम पंवार, औमपाल पांचाल, जसवंत कश्यप आदि रहें। अध्यक्षता राकेश आर्य सैनी व संच. ालन नरेश सैनी ने किया। इससे पूर्व राज्यमंत्री को जुलूस की शक्ल में मंडी स्थल से सभास्थल तक जुलूस की शक्ल में लाया गया।



# पेंशनर्स सम्मेलन संपन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सेवानिवृत कर्मचारी एंव पेंशनर एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष अमरनाथ यादव ने कहा कि वित विधेयक कानून के माध्यम से विशेषाधिकार के पूर्व या बाद में पेंशनर्स के आर्थिक लाभों के अंतर किया गया तो पेंशनर समाज इसका पुरजोर विरोध करेंगे।

जिला कार्यकारिणी के चुनाव में सुभाष चंद त्यागी को अध्यक्ष चुना गया। प्रांतीय अध्यक्ष अमरनाथ यादव आज दिल्ली रोड स्थित गुर्जर में संगठन के द्विवार्षिक अधिवेषन को मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वित विधेयक कानून के माध्यम से पेंशनरों को परेशान किया गया तो इसका पेंशनर समाज विररोध करेगा। उन्होंने कि केन्द्र सरकार ने 16 अक्टूबर को आठवें वेतन आयोग की घोषणा कर चुकी है लेकिन अभी तक भी इसका गठन नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार प्रदेश ही नहीं पूरे में देश में कर्मचारियों, शिक्षकों व पेंशनर्स को गुमराह किया जा रहा है। उन्होंने सभी पेंशनर्स से संगठित हो कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पेंशनर्स की मांगों को लेकर एक बड़ा आंदोलन करने की घोशणा की गयी, जिसमें सभी से सहयोग का आह्वान किया। कार्यक्रम में विषिश्ट अतिथि मुख्य कोषाधिकारी सूरज कुमार ने भी पेंशनर्स का मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर प्रांतीय उपाध्यक्ष व चुनाव अधिकारी वीके मिश्रा की देखरेख में चुनाव सम्पन्न हुआ जिसमें सुभाष चंद तयागी को जिलाध्यक्ष, अब्दुल कयूम को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सतीश कुमार गर्ग को जिला महामंत्री एंव आर पीएस काम्बोज को ऑडिटर चुना गया।

# कुलदीप अध्यक्ष व प्रदीप चुने महासचिव

## जिला शुआई जिओ एसोसिएशन का गठन, 2 को होगी जिलास्तरीय प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पिछले कुछ सालों से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने वाले शुआई जियाओ खेल की जनपद में रख दी गई। खिलाडियों को इस खेल में बडा मंच प्रदान करने के लिये जिला शुआई जिओ एसोसिएशन का गठन कर सर्वसम्मति से कुलदीप त्यागी को अध्यक्ष व प्रदीप त्यागी को महासचिव चुना गया।

मल्हीपुर रोड स्थित एक सेंटर पर आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से पदाधिकारियों की घोषणा की गई। जिसमें अध्यक्ष व महासचिव के अलावा अमित कपिल को कोषाध्यक्ष, पुनीत वर्मा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सुश्री सुषमा को संयुक्त सचिव, पीयूष मित्तल को उपाध्यक्ष, विवेक गर्ग को तकनीकी निदेशक, हर्षित बिंदल को मीडिया प्रभारी, हर्ष अरोडा को खेल निदेशक बनाये गये। इसके अलावा श्रुति गोयल, शिवांगी शर्मा, नीरू चौहान, शिवानी चौहान, विभा चौहान, मानसी धीमान, कनिका लांबा, आराधना शर्मा, पायल प्रजेश को एग्जीक्यूटिव मेंबर्स की जिम्मेंदारी दी गई।



अध्यक्ष कुलदीप त्यागी ने बताया कि दो नवंबर को बाबा साहब डा.अम्बेडकर स्टेडियम में डिस्ट्रिक्ट शुआई जियाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। जिसमें सभी स्कूलों को आमंत्रित किया जा रहा है। महासचिव प्रदीप त्यागी ने बताया कि एसोसिएशन का उद्देश्य इस पारंपरिक चीनी मार्शल आर्ट को अधिक से अधिक युवाओं को और खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के अवसर प्रदान करना है, ताकि वह देश का नाम रोशन कर सके।

## दानिश को बिहार चुनाव में दी जिम्मेदारी

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के पूर्व प्रदेश सचिव व युवा कांग्रेस नेता दानिश खान को बिहार चुनाव में गोपालपुर वि.स. का सह प्रभारी बनाया गया है।



कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष राज्य सभा सदस्य इमरान प्रतापगढ़ी की सहमति से कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय कोर्डिनेटर बिहार प्रदेश प्रभारी मो शमीम खान ने दानिश खान को यह जिम्मेदारी दी। दानिश खान ने कहा कि पार्टी ने समय समय पर मान सम्मान दिया है। हाल ही में दिल्ली विधानसभा चुनाव मे भी रजौरी गार्डन विधानसभा का प्रभारी बनाया गया था और बिहार में जिम्मेंदारी दी गई है। जिसका बखूबी निवर्हन किया जायेगा।

# पराली न जलाने की दिलाई शपथ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** बेहडा संदल सिंह और-अल्लीवाला में उप कृषि निद. ेशक संदीप पाल, जिला कृषि अधिकारी कपिल कुमार भावी और नायब तहसीलदार देवेंद्र प्रजापति के नेतृत्व में फायर बुलेटिन में उल्लेखित स्थानों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में फसल अवशेष या पराली जलाने की कोई घटना नहीं पाई गई। इस दौरान किसानों को पराली और फसल अवशेष न जलाने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में कृषि विभाग से अश्वनी त्यागी, मनेंद्र राणा, मसरूर आलम धर्मेंद्र, सतीश और राजस्व विभाग से लेखपाल मनोज गुप्ता, फईम अहमद, विनय भारद्वाज उपस्थित रहे।

# मेधावी छात्र छात्राएं किए सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** श्री कृष्णा कॉलेज ऑफ लॉ में शनिवार को भव्य फ्रेशर्स पार्टी एवं मेधावी छात्रों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भागलपुर के जिला जज दीपक कालरा रहे। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं, बल्कि एक श्रेष्ठ नागरिक बनना और समाज में न्याय व समानता की भावना स्थापित करना है। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि वे कानून की पढ़ाई को सेवा के रूप में लें और समाज में न्याय की अलख जगाएं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के चेयरमैन नबाब सिंह ने की। वरिष्ठ छात्रों ने नए छात्रों का तिलक लगाकर स्वागत किया, जबकि फ्रेशर्स ने रंगारंग प्रस्तुतियों से सभी का मन मोहा।कार्यक्रम का संच. ालन रविंद्र कुमार ने किया। अंत में मेधावी छात्रों को प्रशस्ति पत्र और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अनूप चौधरी, श्याम कुमार सैनी, बाल कृष्ण शर्मा, शक्ति चौधरी सहित कॉलेज के शिक्षक, छात्र-छात्राएं और अभिभावक मौजूद रहे।



## पेराई सत्र शुरू

**गंगोह।** उत्तम शुगर मिल शेरमउ के नए पेराई सत्र 2025-26 के लिए वरिष्ठ उपाध्यक्ष डा. सुखविन्दर जीत सिंह द्वारा वैदिक रीति-रिवाज से ब्यालर की पूजा करके अग्नि प्रज्वलित की गई।

ब्यालर पूजा पं. मनोज शर्मा द्वारा सम्पन्न करायी गयी। इस अवसर पर चीनी मिल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष ने बताया कि ब्यालर संचालन चीनी मिल चलाने का प्रथम चरण है और चीनी मिल के पेराई सत्र का शुभारम्भ शीघ्र ही शुरू होने वाला है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष ने कृषको से अपील की है कि अपना बेसिक कोटा पूरा करने के लिए अपना समस्त आपूर्ति योग्य गन्ना चीनी मिल को ही दे। गन्ने की कटाई न करें न ही अपने गन्ने को कोल्हूओं में सप्लाई करें। ब्यालर पूजा में अरविन्द कुमार महाप्रबन्धक, दीपक पुण्डीर मुख्य महाप्रबन्धक, पीके राठी महाप्रबन्धक, एमके चतुर्वेदी अति. प्रबन्धक आईपी यादव व सभी मिलकर्मी रहें।

# नई ऊंचाई पर जा रहा सहारनपुर क्लबः संजय

## पूर्व मंत्री ने क्लब के पदाधिकारियों के साथ किया वेबसाईट का लोकार्पण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सहारनपुर क्लब प्रांगण में क्लब नाईट/दीवाली मिलन का आयोजन बडी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम में कलाकारों ने जमकर धमाल मचाया।

जिला चिकित्सालय रोड स्थित सहारनपुर क्लब के परिसर में दिवाली मिलन एवं क्लब नाइट का आयोजन किया गया जिसमें कलाकारों ने अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देखकर सभी की दात बटोरी। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री संजय गर्ग ने सहारनपुर क्लब द्वारा बनाई गयी वेबसाईट का लोक. ापर्ण किया। इस वेबसाइट के बन जाने से क्लब के सदस्यों को होने वाली हर गतिविधि व सुविधाओं की जानकारी आसानी से मिल सकेगी।



क्लब सचिव हेमन्त जोशी ने बताया कि क्लब में हर वर्ष दीवाली एवं अन्य सभी त्यौहार धूमधाम से सौहार्द्रपूर्ण वातावरण मे मनाये जाते हैं। इस दीवाली के अवसर पर क्लब नाईट मे विशेष तौर पर म्यूजिक बैंड एवं डी जे बुलाया गया, आतिशबाजी का प्रबन्ध था। संयुक्त सचिव जोधबीर सिंह (बन्नी) ने कहा कि हमारे क्लब के सम्मानित सदस्यों के साथ हम हर त्यौहार एक परिवार की तरह मनाते हैं। दीवाली के इस विशेष अवसर पर कई सदस्यों के लिये लक्की ड्रा एवं कई अन्य उपहार देने की व्यवस्था रही। कार्यकारिणी सदस्य चौधरी माईदयाल सिंह मित्तल एवं अमित जौली, मुकेश गोयल, अवनीत नागपाल, प्रविन्द्र सिंह, सिकन्रबीर सिंह, विजय मोदी, मनप्रीत बतरा, गुलशन कटयाल, बलवन्त राय, संजय चावला, स तीश ठकराल, ठाकुर एसपी सिंह, सन्नी दुआ, स. राजपाल सिंह, मुकुद मनोहर गोयल, हरीश अरोडा, राजीव ठाकुर, ऋषभ अग्रवाल, डा. मनदीप सिंह भी इस अवसर पर पूर्ण रूप से साथ रहे।

खेल विशेष

## शाइना मणिमुथु व दीक्षा सुधाकर ने जीते स्वर्ण पदक

**चेंगदू, वार्ता।** शाइना मणिमुथु (अंडर-15) और दीक्षा सुधाकर (अंडर-17) ने रविवार को अपने-अपने आयु वर्ग में स्वर्ण पदक जीते और भारत ने बैडमिंटन एशिया अंडर-17 और अंडर-15 चैंपियनशिप 2025 में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज किया। अंडर-15 बालिका एकल वर्ग के फाइनल में, शाइना ने जापान की चिहारू तोमिता को 21-14, 22-20 से हराया, जिसके बाद दीक्षा सुधाकर ने अंडर-17 बालिका एकल वर्ग के फाइनल में हमवतन लक्ष्य राजेश को 21-16, 21-9 से हराया। रविवार के नतीजों का मतलब था कि भारतीय दल दो स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक लेकर स्वदेश लौटेगा। भारत ने पिछली बार 2013 में दो स्वर्ण पदक जीते थे।

## भुल्लर इंटरनेशनल सीरीज फ़िलीपींस में संयुक्त सातवें स्थान पर रहे

**फ़िलीपींस, वार्ता।** स्थानीय खिलाड़ी मिगुएल तबुएना ने घरेलू प्रशंसकों को खुश किया और अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वियों की लगातार बर्डी का सामना करते हुए, बिंगोप्लस द्वारा प्रस्तुत 20 लाख अमेरिकी डॉलर की इंटरनेशनल सीरीज फ़िलीपींस में सात अंडर 65 का शानदार स्कोर तीन शॉट की प्रभावशाली जीत के लिए पर्याप्त साबित हुआ। गर्दन में ऐंठन के कारण एसजेएम मकाओ ओपन से हटने के ठीक एक हफ्ते बाद, अपने घरेलू कोर्स, स्टा एलेना गोल्फ क्लब में खेलते हुए, तबुएना ने कुल 24 अंडर का स्कोर बनाया, जबकि काजुकी हिगा (65) और योसुके असाजी (67) की जापानी जोड़ी 21 अंडर के स्कोर के साथ संयुक्त दूसरे स्थान पर रही।

● दक्षिण एशियाई सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप

# भारत ने दूसरे दिन 7 स्वर्ण पदक जीते




● **8 रजत व 4 कांस्य पदक भी जीते, चैंपियनशिप में भारत के पदकों की संख्या 32 हो गई है**

**रांची, वार्ता।** भारत ने चौथी दक्षिण एशियाई सीनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप 2025 के दूसरे दिन शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए सात स्वर्ण, आठ रजत और चार कांस्य पदक अपने नाम किए। इस के साथ चैंपियनशिप में भारत के पदकों की संख्या 32 हो गई है और पदक तालिका में शीर्ष पर बना हुआ है। चैंपियनशिप के दूसरे दिन शनिवार को महिला 100 मीटर बाधा दौड़ (हर्डल्स) में भारत की नंधिनी के ने 13:56 सेकंड का समय लेकर स्वर्ण, मौमिता मंडल (भारत) ने रजत और विजेवेरा विथा (श्रीलंका) ने कांस्य पदक जीता। पुरुष 110 मीटर बाधा दौड़ में भारत के मानव आर ने 13:78 सेकंड में स्वर्ण, श्रीलंका के रनतुंगे रोशन ने रजत और भारत के कृषिक एम ने कांस्य पदक हासिल किया। महिला 1500 मीटर फाइनल में भारत की संजना सिंह ने 4:25:36 मिनट में दौड़ पूरी कर स्वर्ण पदक जीता । यह उनका इस चैम्पियनशिप का दूसरा स्वर्ण है। श्रीलंका की डब्ल्यूकेएल अरच्च निमाली ने रजत और भारत की काजल कंवडे ने कांस्य पदक अपने नाम किया। पुरुष 1500 मीटर फाइनल में भारत के अर्जुन वास्कले ने 3:54:58 मिनट में स्वर्ण पदक जीता।

श्रीलंका के गल्लागे रुसीरु चाथ और रोजिदीन मोहामथु ने क्रमश: रजत और कांस्य पदक हासिल किए। महिला 400 मीटर फाइनल में भारत की नीरू पाठक ने 53:सेकंड समय के साथ स्वर्ण पदक, जबकि साथी खिलाड़ी ओलिबा स्टेफी ने रजत और श्रीलंका की मेंडिस बला. पुवा सयु ने कांस्य पदक प्राप्त किया। महिला डिस्कस थ्रो (चक्का फेंक) में भारत ने दबदबा बनाए रखा। सीमा ने 55.14 मीटर की दूरी फेंककर स्वर्ण जीता, निधि ने रजत और श्रीलंका की असगीरिये गेदारा विनोद ने कांस्य जीता। पुरुष डिस्कस थ्रो में भारत के किरपाल सिंह ने 56.22 मीटर की सर्वश्रेष्ठ दूरी फेंककर स्वर्ण पदक जीता। निर्भय सिंह (भारत) ने रजत और डब्ल्यूडीएम मिलंत संपत (श्रीलंका) ने कांस्य पदक प्राप्त किया। पुरुष ऊंची कूद में श्रीलंका के ए समरवीरा ने 2.17 मीटर की छलांग लगाकर स्वर्ण, भारत के रोहित (2.15 मीटर) ने रजत और आदर्श राम (2.09 मीटर) ने कांस्य पदक जीता। पुरुष 400 मीटर फाइनल में श्रीलंका के हेवा कुमारगे कालिन ने 46.21 सेकंड में स्वर्ण, भारत के मोहम्मद अशफाक ने रजत और श्रीलंका के कुरुविटगे काल्हारा ने कांस्य पदक जीता।




# ऑस्ट्रेलिया में गेंदबाजी करने में बहुत मज़ा आया: राणा

● **कहा: मुझे पता था कि कहां गेंदबाजी करनी है और कौन सी लैंथ मेरे लिए सही रहेगी**

**नई दिल्ली, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शनिवार को तीसरे वनडे में चार विकेट लेकर भारत की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले तेज गेंदबाज हर्षित राणा ने कहा कि उन्हें ऑस्ट्रेलिया में गेंदबाजी करने में बहुत मजा आया। जियोस्टार के 'क्रिकेट लाइव' पर एक्सक्लूसिव बातचीत करते हुए, हर्षित राणा ने इस सीरीज में गेंदबाजी के अपने अनुभव पर कहा कि मुझे ऑस्ट्रेलिया में गें.दबाजी करने में बहुत मजा आया क्योंकि मैं एक साल पहले बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान यहां था, इसलिए मैं पहले से ही परिस्थितियों से वाकिफ था। मुझे पता था कि कहां गेंदबाजी करनी है और कौन सी लेंथ मेरे लिए सही रहेगी। गौती भाई (मुख्य कोच गौतम गंभीर) और मोर्न मोर्कल (गेंदबाजी कोच) का शुक्रिया, जिन्होंने मुझे लगातार सही दिशा में गेंदबाजी करने के लिए प्रेरित किया।

सपोर्ट स्टाफ भी बेहतरीन था, वे मुझे अपनी भूमिका पर ध्यान केंद्रित करने और अपनी ताकत पर ध्यान केंद्रित करने के लिए कहते रहे। यह एक सपने जैसा है क्योंकि पिछले एक साल में बहुत कुछ हुआ है। पिछले साल ऑस्ट्रेलिया में डेब्यू करना और अब आज यहां अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना, यह मेरे लिए बहुत ही भावुक और खास सफर रहा है।

दिन के अपने पसंदीदा पल और उसमें रोहित शर्मा की भूमिका के बारे में राणा ने कहा कि मिच ओवेन का विकेट मेरा सबसे पसंदीदा था। इसके पीछे एक कहानी है। शुभमन गिल ने मुझसे पूछा कि क्या मैं स्लिप लेना चाहता हूँ, और मैंने मना कर दिया। फिर रोहित भाई, जो कवर पर खड़े थे, ने मुझसे कहा, 'स्लिप ले ना, जाने दे मेरेको (बस स्लिप ले लो, मैं वहाँ जाकर खड़ा हो जाता हूँ)। मैं मान गया, और फिर कुछ ही देर में, किनारा सीधा स्लिप में रोहित भैया के पास चला गया! मैं उनका बहुत आभारी था। उन्होंने हंसते हुए कहा, 'मैंने तुमसे कहा था कि स्लिप ले लो!' यह एक यादगार पल था।

## हंशिका और सारिका को रजत भारतीय महिला टीम बनी चैंपियन

**नई दिल्ली, वार्ता।** सर्बिया के नोवी साद में अंडर-23 सीनियर विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में भारतीय महिला पहलवानों ने शानदार प्रदर्शन किया है और चैम्पियन बनने का गौरव हासिल किया है। हंशिका लांबा (53 किग्रा) और सारिका (59 किग्रा) ने अपने-अपने भार वर्ग में रजत पदक जीते। दोनों पहलवान फाइनल में पहुंचीं, लेकिन जापानी प्रतिद्वंद्वियों से हार गईं। अपने दमदार प्रदर्शन के दम पर, भारतीय महिला कुश्ती टीम ने 125 अंक हासिल करके 2025 अंडर-23 विश्व चैंपियनशिप की चैंपियन ट्रॉफी जीत ली। अमेरिका 102 अंकों के साथ दूसरे और जापान 92 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा। चैंपियनशिप में भारतीय महिला पहलवानों ने अपने-अपने भार वर्ग में 5 कांस्य पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। पदक विजेता इस प्रकार हैं :55 किग्रा: निशु, 57 किग्रा: नेहा शर्मा, 65 किग्रा: पुलकित, 68 किग्रा: सृष्टि, 76 किग्रा: प्रिया यह भारतीय कुश्ती के लिए गर्व का क्षण है और हमारी युवा महिला पहलवानों की कड़ी मेहनत और प्रतिभा को दर्शाता है।

# हर्षित राणा ने आलोचना भूल कर मैदान में दिया करारा जवाब

**नई दिल्ली, वार्ता।** वनडे टीम में जगह पाने के बाद तेज गेंदबाज हर्षित राणा पर लगातार सवाल उठ रहे थे। पूर्व चयनकर्ता कृष्णमाचारी श्रीकांत और आर. अश्विन ने खुलकर आलोचना करते हुए कहा था कि हर्षित को टीम में इसलिए शामिल किया गया क्योंकि वह गौतम गंभीर की चापलूसी करते हैं। लेकिन शनिवार को हर्षित ने चार विकेट लेकर न सिर्फ टीम की जीत में अहम योगदान दिया, बल्कि अपने प्रदर्शन से आलोचकों को भी जवाब दे दिया। हर्षित राणा के कोच श्रवण कुमार ने बात.चीत में कहा कि अच्छा खिलाड़ी मैदान में अपने प्रदर्शन से ही जवाब देता है। आज हर्षित ने वही किया। उन्होंने आगे कहा कि हर्षित को पता था कि यह उसका आखिरी मौका है। अगर

● **कोच श्रवण कुमार बोले: आखिरी मौका था, खुद पर भरोसा रखा और अपना बेस्ट दिया**

उसने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया तो उसे बाहर बैठना पड़ सकता था। हमने उससे बातचीत की थी और उसने कहा था, 'सर, यह आखिरी मौका है।' शायद यह अल्टीमेटम कोच और टीम मैनेजमेंट की ओर से था। मैंने उसे कहा, 'खुद पर भरोसा रखो और अपना बेस्ट दो।' उसने वही किया और चार विकेट लेकर सभी आलोचकों को जवाब दे दिया। हर्षित राणा के कोच ने कहा उसने यह साबित कि चयनकर्ताओं ने उस पर भरोसा उसके टैलेंट के आधार पर जताया है न कि टीम इंडिया के कोच गौतम गंभीर की चापलूसी की वजह से। श्रवण कुमार इंडियन क्रिकेटर ईशांत शर्मा के भी कोच रहे हैं। उन्होंने कहा युवा खिलाड़ी कभी-कभी स्टेबलिश्ड नहीं होते और उन्हें शुरुआती मुकाबलों में उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ता है। यंग प्लेयर की यही खासियत होती है कि वह सीखता है, गलती करता है और सुधारता है। जब बुमराह जैसे ट्राइड एंड टेस्टेड खिलाड़ी भी कुछ मैचों में संघर्ष कर सकते हैं, तो हर्षित से हर बार परफेक्ट परफॉर्मेंस की उम्मीद रखना ठीक नहीं है। जो प्लेयर आला.'चना कर रहे है, वह भूल गए कि उन्हें कितने मौके मिले कोच ने आलोचकों पर पलटवार भी किया और कहा कि लोगों को लगता है कि अगर किसी सीनियर का शागिर्द है, तो हर्षित को मौका यूं ही मिल गया।

# पिक्चर अभी बाकी है मेरे दोस्त: इरफान पठान



■ **इरफान ने जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले रोहित और विराट की तारीफ की**

**नई दिल्ली, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शनिवार को तीसरे वनडे में भारत की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले शतकधारी रोहित शर्मा और अर्द्धशतक बनाने वाले विराट कोहली की तारीफ करते हुए पूर्व भारतीय आलराउंडर इरफान पठान ने कहा कि अपनी पारी से दोनों बल्लेबाजों ने दिखा दिया कि 'पिक्चर अभी बाकी है मेरे दोस्त'। जियोस्टार के 'क्रिकेट लाइव' पर एक्सक्लूसिव बातचीत करते हुए विशेषज्ञ इरफ़ान पठान ने रोहित शर्मा और विराट कोहली की प्रतिभा के बारे में बात की कि आज जिस तरह से चीज़ें सामने आईं, ऐसा लगा जैसे ये होना ही था। इन दोनों महान खिलाड़ियों (विराट और रोहित) को एक साथ मैच खत्म करते देखने से बेहतर कुछ नहीं हो सकता था। विराट को ऑस्ट्रेलिया में 50 का औसत बनाए रखने के लिए इस मैच में लगभग 70-74 रनों की जरूरत थी, और उन्होंने ठीक वैसा ही किया। अगर यह न्याय नहीं है, तो और क्या है? इरफान ने कहा कि रोहित ने बहुत मेहनत की, उन्होंने अपना वजन कम किया, पूरी मेहनत की।

# पंजाब एफसी का अर्शदीप के साथ करार

● **पंजाब एफसी ने अपनी गोल कीपिंग लाइनअप को मजबूत बनाते हुए गोलकीपर अर्शदीप सिंह को टीम में लिया**

**मोहाली, वार्ता।** पंजाब एफसी ने अपनी गोलकीपिग लाइनअप को और सशद्र बनाते हुए भारतीय गोलकीपर अर्शदीप सिंह को टीम में शामिल करने की घोषणा की है। महिलपुर (पंजाब) के 28 वर्षीय खिलाड़ी ने क्लब के साथ एक वर्ष का अनुबंध किया है। वे हैदराबाद एफसी (इंडियन सुपर लीग - आईएसएल) से टीम में शामिल हो रहे हैं, और एआईएफएफ सुपर कप 2025 के अपने पहले मैच - गोकुलम केरल एफसी के खिलाफ - से पहले टीम के लिए बड़ी मजबूती माने जा रहे हैं। यह मुकाबला 27 अक्टूबर को खेला जाएगा। अर्शदीप का करियर पंजाब क्षेत्र की मिट्टी से गहराई से जुड़ा रहा है। उन्होंने अपने फुटबॉल की बुनियादी शिक्षा एआईएफएफ एलीट



अकादमी से ली और उसके बाद मिनर्वा पंजाब के साथ अपने पेशेवर करियर की शुरुआत की। 2016-17 सीजन में सीनियर टीम में प्रमोट किए जाने के बाद, वे 2017-18 सीजन में आई-लीग जीतने वाली ऐतिहा.सिक टीम का हिस्सा रहे। मिनर्वा के साथ अपने कार्यकाल के दौरान, उन्होंने एएफसी चैंपियंस लीग क्वालिफायर और एएफसी कप दोनों में महत्वपूर्ण मैच खेले, जिससे उन्हें अपने करियर की शुरुआती अवस्था में ही अंतर्राष्ट्रीय स्तर का अनुभव प्राप्त हुआ।

2019 में अर्शदीप ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) में कदम रखा और तीन अलग-अलग क्लबों के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया

**ओडिशा एफसी:** अर्शदीप ने क्लब के साथ तीन सीजन बिताए। उन्होंने नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी के खिलाफ अपना आईएसएल डेब्यू किया और अपने तीन साल के कार्यकाल में 33 मैचों में हिस्सा लिया।

**एफसी गोवा:** 2022-23 सीजन में उन्होंने एफसी गोवा के लिए 17 मैचों में गोलकीपिग की।

**हैदराबाद एफसी:** 2024-25 सीजन में वे हैदराबाद एफसी की टीम का हिस्सा रहे।

उनका पंजाब एफसी से जुड़ना क्लब के लिए एक महत्वपूर्ण और उच्च-प्रोफाइल साइनिग मानी जा रही है, जो न केवल अनुभव और स्थिरता लाता है बल्कि स्थानीय जुड़ाव को भी मजबूत करता है। पंजाब एफसी के टेक्निकल डायरेक्टर, निकोलाओस टोपोलियाटिस ने कहा कि पंजाब एफसी को अर्शदीप को साइन करने पर गर्व है। वह हमारी गोलकीपिग यूनिट को मजबूती देंगे और साथ ही एक स्थानीय प्रतिभा के रूप में हमारी प्रणाली में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

# फ्रेंच ओपन में चीनी शटलर फाइनल में पहुंचे

**बीजिंग, वार्ता।** चीनी खिलाड़ियों ने शनिवार को फ्रेंच ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट की तीन स्पर्धाओं में फाइनल में जगह पक्की कर ली। महिला एकल वर्ग के एक प्रमुख मुकाबले में, चीनी स्टार चेन यूफेई ने दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी दक्षिण कोरिया की एन से-यंग को 87 मिनट तक चले मुकाबले में 23-21, 18-21, 21-16 से हराया। महिला वर्ग के दूसरे सेमीफाइनल में, चीन की वांग झीयी ने हमवतन हान यू को 21-14, 20-22, 21-14 से हराकर फाइनल में जगह बनाई।

महिला युगल सेमीफाइनल में भी चीनी खिलाड़ियों के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें ली यिजिग और लुओ जुमिन ने ओलंपिक चैंपियन चेन किगचेन और जिया यिफान को 21-16, 21-17 से हराया। फाइनल में ली और लुओ का सामना जापानी जोड़ी युकी फुकुशिमा

● **फाइनल में ली और लुओ का सामना जापानी जोड़ी यूकी और मायू से होगा**

और मायू मात्सुमोतो से होगा। मिश्रित युगल सेमीफाइनल में, चीनी जोड़ी फेंग यान्झे और हुआंग डोंगपिग ने वापसी करते हुए हांगकांग, चीन की तांग चुन मान और त्से यिग सुएट को 20-22, 21-17, 21-16 से हराया।

अब उनका अगला मुक.ाबला थाई जोड़ी डेचापोल पुआवारानुक्रोह और सुपिस्सारा पेवसम्प्रान से होगा। चीन के ली शिफेंग ने पहला गेम 21-15 से जीता, जिसके बाद डेनमार्क के एंडर्स एंटनसन ने पुरुष एकल सेमीफाइनल में 21-19, 21-13 से जीत हासिल की, जबकि घरेलू प्रबल दावेदार क्रिस्टो पोपोव ने थाईलैंड के कुनलावुत विटिडसार्न को सीधे गेम में हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

# इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड को रौंदा

● **गेंदबाजों की बेहतरीन प्रदर्शन के बाद ऐमी जोंस ने नाबाद 86 और टैमी ने 40 रनों की शानदार पारी खेली**

**विशाखापत्तनम, वार्ता।** गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद ऐमी जोंस (नाबाद 86), और टैमी ब्यूमोंट (40) की शानदार पारियों के दम पर इंग्लैंड ने रविवार को महिला विश्वकप के 27वें मुकाबले में न्यूजीलैंड को 124 गेंदे शेष रहते आठ विकेट से हरा दिया।

न्यूजीलैंड के 168 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड के लिए ऐमी जोंस और टैमी ब्यूमोंट की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 75 रन जोड़े। 15वें ओवर में लिया तहुहू ने टैमी ब्यूमोंट को पगबाधा कर इस साझेदारी को तोड़ा। ब्यूमोंट ने 38 गेंदो में सात चौके लगाकर 40 रन बनाए। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी हीथर नाइट ने ऐमी जोंस के साथ पारी को संभाला और तेजी के साथ रन बटोरे। 28वें ओवर की पहली गेंद पर सोफी डिवाइन ने हीथर नाइट को पगबाधा आउट कर हार की दहलीज पर खड़ी न्यूजीलैंड को दूसरी सफलता दिलाई। हीथर नाइट ने 40 गेंदों में दो चौके और एक छक्का लगाते हुए 33 रन बनाए। सेमीफाइनल में पहले ही जगह बना चुके इंग्लैंड ने 29.2 ओवर में दो विकेट पर 172 रन बनाकर मुकाबला आठ विकेट से जीत लिया। ऐमी जोंस ने 92 गेंदों में 11 चौकों और एक छक्के की मदद से नाबाद 86 रन बनाए। जोंस को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। न्यूजीलैंड की ओर से सोफी डिवाइन और लिया तहुहू ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां न्यूजीलैंड की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड, इंग्लैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे अधिक देर तक नहीं टिक पायी और 38.2 ओवर में 168 के स्कोर पर सिमट गई। न्यूजीलैंड के लिए जॉर्जिया प्लिमर ने सर्वाधिक 43 रनों की पारी खेली। एमेलिया कर ने (35), कप्तान सोफी डिवाइन (23), मैडी ग्रीन (18), इसाबेला गेज (14), सूजी बेट्स और जस केर ने 10-10 रनों का योगदान दिया। इंग्लैंड के लिए लिसी स्मिथ ने तीन विकेट लिये। नेट शिवर ब्रंट और ऐलिस कैप्सी को दो-दो विकेट मिले। सोफी एक्लस्टोन और शार्लेट डीन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# ब्रूक का शतक बेअसर, कीवियों ने जीता मैच

● **डेरिल मिशेल 78 और ब्रेसवेल 51 के अर्द्धशतकों ने न्यूजीलैंड को इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में 1-0 की बढ़त दिलाई**

**माउंट मॉन्गानुई, वार्ता।** हैरी ब्रूक का एक शानदार शतक अनुकूल परिणाम नहीं दे सका क्योंकि डेरिल मिशेल (78') और माइकल ब्रेसवेल (51) के अर्द्धशतकों ने न्यूजीलैंड को इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में 1-0 की बढ़त दिला दी। उनके शुरू होने से पहले, जकारी फॉल्क्स (4-41) और जैकब डफी (3-55) ने दमदार गेंदबा.जी करके मैच की शुरुआत की, जिससे इंग्लैंड की टीम शुरुआत में ही धराशायी हो गई, लेकिन ब्रूक ने पलटवार किया। मैट हेनरी ने मैच की पहली ही गेंद पर न्यूजीलैंड को बढ़त दिलाई, उन्होंने जेमी स्मिथ के बल्ले और पैड के बीच से गैप को चीरकर उन्हें बोल्ड कर दिया। इसके बाद फॉल्क्स ने बेन डकेट को आउट किया - जिन्होंने राउंड द स्टंप्स से गेंद को तेजी से आगे बढ़ाया और उन्हें आउट कर दिया - और जो रूट को इनस्विगर पर बोल्ड कर दिया, जिससे मेहमान टीम का स्कोर 5/3 हो गया। जल्द ही यह स्कोर 10/4 और 33/5 हो गया क्योंकि फॉल्क्स और हेनरी ने नई गेंद के साथ अपनी साझेदारी जारी रखते हुए क्रमश: जैकब बेथेल और जोस बटलर को आउट किया। सैम करेन 12वें ओवर में फॉल्क्स के चौथे शिकार बने, जब गेंद विकेट के पीछे लगी। ब्रूक, जिन्होंने कुछ ओवर पहले ही जवाबी हमले की आग भड़कानी शुरू कर दी थी, उनके साथ जेमी ओवरटन ने पारी को संभालने वाली साझेदारी की। ब्रूक ने तमाम उथल-पुथल के बीच भी अपने इरादे मजबूत किए और 16वें ओवर में एक शानदार छक्के की मदद से 36 गेंदों में अर्द्धशतक पूरा किया। ओवरटन भी जैकब डफी की




तरफ दौड़ते हुए अपना बल्ला घुमाने में मशगूल थे। नाथन स्मिथ की बाउंसर पर ओवरटन के हेलमेट पर चोट लगी, लेकिन थोड़े समय के ब्रेक के बाद वे खेलने के लिए तैयार थे। डफी की एक धीमी गेंद पर ओवरटन ने ब्रूक के साथ अपनी साझेदारी को आधे रन तक खींच लिया, लेकिन फिर वह आउट हो गए। उन्होंने गेंद को लेग साइड पर खेलने की कोशिश की, लेकिन गेंद का मुख्य किनारा कवर पर डेरिल मिशेल के पास पहुंच गया और उन्होंने 54 गेंदों पर 46 रन बनाए। डफी ने अगली ही गेंद पर ब्रायडन कार्स को बैकवर्ड पॉइंट पर शून्य पर कैच करा दिया। 143/8 के स्कोर पर इंग्लैंड का अंत नज़दीक लग रहा था, लेकिन ब्रूक का खेल अभी खत्म नहीं हुआ था।

## हरियाणा ने त्रिपुरा को नौ विकेट से व सर्विसेज ने असम को आठ विकेट से हराया

**नई दिल्ली/तिनसुकिया, वार्ता।** रणजी ट्रॉफी के दूसरे दौर के मुकाबले के दूसरे दिन रविवार को हरियाणा ने त्रिपुरा को नौ विकेट से तथा सर्विसेज ने असम को आठ विकेट से हराया। हरियाणा बनाम त्रिपुरा मुकाबला, पर्थ वत्स (चार और पांच विकेट) निखिल कश्यप ( चार और तीन विकेट) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत हरियाण ने आज त्रिपुरा को 19.1 ओवर में 47 के स्कोर पर ढेर करने के बाद 16 रनों के लक्ष्य को 4.3 ओवर में एक विकेट पर 18 रन बनाकर हासिल कर लिया। अर्जुन शर्मा (नौ विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर सर्विसेज ने असम को आठ विकेट से करारी शिकस्त दी। आज यहां असम ने दूसरी पारी में कल के 56 पर पांच विकेट से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में सर्विसज के अर्जुन शर्मा और अमित शुक्ला के गेंदबाजी आक्रमण के आगे असम की पूरी टीम दूसरी पारी में 73 के स्कोर पर ढेर हो गई। अर्जुन शर्मा ने 9.3 ओवर में 20 रन देकर चार विकेट झटके। अमित शुक्ला ने छह ओवर में छह रन देकर तीन विकेट लिये। पुलकित नारंग ने दो और मोहित जांगड़ा ने एक बल्लेबाज को आउट किया। सर्विसेज को जीत के लिए 71 रनों का लक्ष्य मिला जिसे उसने 13.5 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर 73 रन बनाकर हासिल कर लिया।

# अलग-अलग स्थानों पर तीन की मौत

## नई मंडी में दुर्घटना, ट्रेन से गिरकर युवक की जान गई, भौराकलां में युवक ने दम तोड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** बीती देर रात दिल्ली देहरादून हाईवे के मंडी क्षेत्र में बेकाबू कार ने बाइक सवार दो लोगो को रौंद डाला। जहां अस्पताल में डॉक्टरो ने एक को मृतक घोषित कर दिया और दूसरे को रैफर कर दिया गया। मृतक व घायल हरिद्वार से गंगा स्नान कर वापस लौट रहे थे। घटना से परिवार में कोहराम मच गया है।

उत्तरी दिल्ली के थाना प्रताप नगर रामबाग निवासी 32 वर्षीय विजय कुमार मल्हौत्रा पुत्र श्री राम मल्हौत्रा अपने साथी दीपक के साथ गत सवेरे बाइक द्वारा दिल्ली से हरिद्वार गंगा स्नान के लिए आए थे। देर रात जब वह दिल्ली वापस लौटने लगे तो दिल्ली देहरादून हाईवे मंडी क्षेत्र में तेज गति से आई कार ने बाइक सवारों को रौंद डाला। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनो को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरो ने विजय कुमार मल्हौत्रा को मृतक घोषित कर दिया। पुलिस ने दोनो के आधार कार्ड व मोबाइल नम्बरों के आधार पर इसकी जानकारी परिवार वालों को दी तो दोनो ही परिवारों में को. हराम मच गया। मृतक व घायल के परिजन जिला अस्पताल पहुंचे, उधर पुलिस ने शव को सीसीटीवी कैमरों के आधार पर कार व चालक की तलाश शुरू की। पुलिस ने रातभर काफी दूर तक कार की तलाश की, लेकिन अभी तक पुलिस को कोई सफलता नहीं मिली, फिलहाल पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजन दिल्ली ले गए और घायल दीपक को भी परिवार के लोग साथ ले गए।

वहीं दूसरी और आरपीएफ ने एक व्यक्ति को घायल अवस्था में जिला अस्पताल लाकर भर्ती कराया इस समय घायल की हालत गंभीर थी। आरपीएफ का कहना था कि घायल ट्रेन में सवार था और नीचे गिरने से वह घायल हुआ है उधर कुछ देर बाद ही डॉक्टरो ने उसको मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस ने उसके पास मिले कागजों व मोबाइल के आधार पर बताया कि मृतक का नाम 50 वर्षीय मेहरबान पुत्र फुरकान है, लेकिन अभी तक उसका पता नहीं मिल सका। पुलिस ने मेहरबान के शव को भी मोर्चरी में रखवा दिया है। आरपीएफ का कहना था कि अभी तक उन्हे मृतक के पते की जानकारी नहीं हुई है।

और एक अन्य घटना में भौराकलां थाना क्षेत्र के गांव हडौली निवासी 27 वर्षीय टिंकू पुत्र ओमपाल की रहस्मय मौत हो गई। सूचना के बाद भौराकलां पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की छानबीन की। परिजन पोस्टमार्टम कराने से इंकार करते रहे, लेकिन पुलिस ने इस मामले की तह तक जाने के लिए टिंकू का पोस्टमार्टम कराया। पुलिस का कहना है कि टिंकू की छोटी सी उम्र में ही शादी हो गई थी, लेकिन काफी समय से पत्नी उसके साथ नहीं है। पुलिस ने इस मामले में और अन्य जानकारी भी है। फिलहाल पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

# भोकरहेड़ी के युवक ने सऊदी अरब मे खुद को लगाई फांसी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** क्षेत्र के कस्बा भोकरहेड़ी के मोहल्ला पीपल वाला निवासी 22 वर्षीय युवक आस मोहम्मद अंसारी उर्फ़ मुन्ना ने सऊदी अरब की राजधानी रियाध मे फांसी से लटक कर आत्म हत्या कर ली है। युवक की मौत से परिवार मे मातम छा गया है। मृतक के शव को स्वदेश लाने के प्रयास शुरू कर दिये हैं। भोपा थाना क्षेत्र के कस्बा भोकरहेड़ी मे मोहल्ला पीपल वाला निवासी 22 वर्षीय आस मोहम्मद अंसारी उर्फ़ मुन्ना सऊदी अरब की राजधानी रियाध मे रहकर किसी प्रॉपर्टी डीलर के सहायक के रूप मे कार्य करता था।शनिवार की देर शाम आस मोहम्मद पत्नी सानिया से मोबाइल वीडियो कॉलिंग कर रहा था। की अचानक आस मोहम्मद फांसी लगाकर आत्म हत्या का प्रयास करने लगा। जिस पर दूसरी मंजिल पर रह रही सानिया ने जीने की सीढ़ीयों से उतरते हुए शोर मचाया की पति आस मोहम्मद आत्म हत्या का प्रयास कर रहे हैं। लेकिन हजारों मील दूर आस मोहम्मद को कोई कैसे बचा सकता था। वहीं आस मोहम्मद के बड़े भाई नजर मोहम्मद व मामा इकराम अंसारी जो रियाध शहर मे ही रहकर कार्य करते हैं। को घटना की जानकारी दी गयी। जिन्होंने मौके पर जाकर आस मोहम्मद को मृत पाया। आस मोहम्मद की शादी बीते 7 अप्रैल 2025 को निकटवर्ती गांव भोपा मे अपने मामा की पुत्री सानिया से हुई थी। आस मोहम्मद की मौत से परिवार मे कोहराम मच गया है व कस्बे मे शोक की लहर दौड़ गयी है। आस मोहम्मद के पिता क़ासिम अंसारी टेलर मास्टर हैं। तथा बेहद शालीन तथा सभ्य व्यवहार कुशल बताये गये हैं।आस मोहम्मद की आत्महत्या की ख़बर सुनकर पत्नी सानिया पिता क़ासिम अंसारी माता हमीदा बेगम तथा विधवा बहन नजमा का रोरो. कर बुरा हाल है। वहीं परिजन तथा सपानेता डॉ. अलीशेर अंसारी ने बताया की शव को शीघ्र स्वदेश लाने के प्रयास किये जा रहें हैं। डॉ. अलीशेर अंसारी ने बताया की आस मोहम्मद उर्फ़ मुन्ना के शव को शीघ्र स्वदेश लाने के प्रयास किये जा रहे हैं।

# मांगों के समर्थन में आज भी शिक्षक संघ का धरना जारी

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ, जनपद मुजफ्फरनगर द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर चल रहा अनिश्चितकालीन धरना जारी रहा। आज धरने में प्रवीण कुमार शर्मा, सुरेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह, संजीव त्यागी, विरेंद्र कुमार, बृज बिहारी धुरिया, देवेश कुमार, सुनील कुमार त्यागी, धर्मपाल, सुभाषचंद्र, राजेश कुमार, सुनील गोयल, हेमंत बिश्नोई, अमित कुमार वर्मा, आदित्य गोयल, पद्माकर यादव, गौरव शर्मा, अजय त्यागी, सर्वेश कुमार, जय प्रकाश सरोज, रामबीर सिंह सहित सैकड़ों शिक्षको ने लंबित प्रकरणों के निस्तारण में हो रही लापरवाही और अधिकारियों की उदासीनता का आरोप लगाया। धरने की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष डॉ. अमित कुमार जैन ने कहा कि डीआईओएस कार्यालय और वित्त एवं लेखा अधिकारी (माध्यमिक) के स्तर पर कई माह बीत जाने के बाद भी पदोन्नत शिक्षकों का वेतन निर्धारण नहीं किया गया है। इसके साथ ही मृतक आश्रितों के प्रकरणों का निस्तारण भी नहीं हो पा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि अधिकारी अनावश्यक आपत्तियाँ लगाकर फाइलों को टालते रहते हैं और बातचीत करने पर अपने पटल पर किसी भी प्रकरण के लंबित न होने की बात कहते हैं, जबकि वास्तविकता इसके विपरीत है।

# क्रांति सेना ने तेज की हिन्दू राष्ट्र मुहिम

**कार्यकर्ता सम्मेलन में जनांदोलन चलाने को भी हुई चर्चा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** क्रांतिसेना द्वारा आयोजित द्वितीय कार्यकर्ता सम्मेलन कार्यक्रम में भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित करने और गौ माता को राष्ट्रीय माता का दर्जा देने की आवाज मजबूती के साथ उठाते हुए कई गंभीर मुद्दों को लेकर चर्चा की गई और संगठन ने ऐलान किया कि इसके लिए हिंदू समाज को जागृत करने के लिए जनजागरण अभियान चलाने के साथ ही जनआंदोलन बनाकर सरकारों का भी ध्यान आदृष्ट करने का काम किया जायेगा। सनातन धर्म सभा भवन में रविवार को क्रांतिसेना का द्वितीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें शुकतीर्थ स्थित महेश्वर आश्रम के महादेव स्वामी और बाबरी आंदोलन के मुख्य नायक संतोष दुबे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों के साथ ही कार्यकर्ताओं का क्रांतिसेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मोहन शर्मा, महासचिव महामंडलेश्वर संजीव शर्मा, उपाध्यक्ष योगेन्द्र सिरोही ने स्वागत और अभिनंदन किया। क्रांतिसेना के संस्थापक अध्यक्ष ललित मोहन शर्मा ने बताया कि इस कार्यकर्ता सममेलन कार्यक्रम में जिले भर के सैकड़ों पदाधिकारी और कार्यकर्ता व मातृशक्ति ने हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि गौ माता को राष्ट्रीय माता घोषित करने, भारत को हिन्दू राष्ट्र घोषित करने, सनातन बोर्ड की स्थापना करने, बेरोजगारों को रोजगार या बेरोजगारी भत्ता देने भ्रष्टाचार और नशे के कारोबार को संगीन अपराध घोषित करने, पूर्व मंत्री सांसदों व विधायकों को सिर्फ एक बार ही पेंशन देने जैसे ज्वलंत मुद्दों को मंच पर मजबूती के साथ उठाया गया। इसके साथ ही इनको लेकर समाज को एकजुट करते हुए दिल्ली तक प्रदर्शन और आंदोलन चलाने का संकल्प लिया गया। मंडल अध्यक्ष शरद कपूर, जिला अध्यक्ष मुकेश त्यागी, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष पूनम चौधरी, वेद प्रकाश शर्मा, महानगर अध्यक्ष देवेंद्र चौहान, महानगर उपाध्यक्ष उज्ज्वल पंडित, संजीव वर्मा, नरेंद्र ठाकुर, गौरव गर्ग, संजय चौधरी, ललित रोहिल्ला, राज. ेंद्र पाल, राजेश्वर अरोड़ा, निकुंज चौहान, अभिषेक शर्मा मौजूद रहे।



### विवादित बयान पर भड़का हिन्दू सुरक्षा सेवा संघ

# स्वामी प्रसाद मौर्य का पुतला फूंका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य द्वारा सनातन धर्म और हिन्दू देवी-देवताओं को लेकर दिए गए विवादित बयान के विरोध में में आक्रोश नजर आया। रविवार को जिलाध्यक्ष शैंकी धीमान के साथ जिला प्रभारी अंशुल तायल, जिला उपाध्यक्ष तुषार कादियान, शुभम राठी, नगर मंत्री अनुज सैनी, सदर तहसील अध्यक्ष अंकित कुमार, मीडिया प्रभारी अजय कुमार, उपाध्यक्ष पंकज कुमार, प्रशांत कुमार, नितिन सैनी, विनोद गोयल, राम सिंह, विपिन प्रजापति, मयंक गुप्ता, राजेन्द्र तायल, रामसिंह सैनी, शुभम वर्मा और विजय प्रजापति ने शिव चौक पर प्रदर्शन करते हुए स्वामी प्रसाद मौर्य का पुतला फूंका। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने स्वामी प्रसाद मौर्य मुर्दाबाद, भारत माता की जय और सनातन धर्म ज़िंदाबाद के नारे लगाए।संघ के कार्यकर्ताओं ने एकत्र होने के बाद शहर में जुलूस निकाला और स्वामी प्रसाद मौर्य के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपना आक्रोश प्रकट किया। आरोप लगाया कि स्वामी प्रसाद मौर्य ने भगवान विष्णु, माता लक्ष्मी और भगवान गणेश को सामान्य बताकर सनातन धर्म का अपमान किया है। इसे लेकर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत राजूदास के निर्देश पर यह विरोध प्रदर्शन किया गया। पुतला दहन के बाद संगठन के पदाधिकारी नगर कोतवाली पहुंचे और थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपते हुए स्वामी प्रसाद मौर्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की।



मुजफ्फरनगर: शिव चौक पर स्वामी प्रसाद मौर्य का पुतला फूंकते हिन्दू संगठन कार्यकर्ता।

# दीवाली पर हुए विवाद में घायल युवक की मौत

**दो पक्षों में हुए विवाद को सुलझाने गया था मृतक**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** बता दे कि शहर कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला रामलीला टिल्ला निवासी अभिषेक व बॉबी पक्ष में दीवाली की रात किसी बात को लेकर कहा सुनी हो गई थी। इस मामूली-से विवाद में लाठी-डंडे चले थे। घटना के दिन शहर कोतवाली पुलिस को सूचना देकर बताया गया था कि झगडे के दौरान लोहे की राड के हमले से चालीस वर्षीय पिंटू पुत्र महावीर सिंह दोनो पक्षों का बीच बचाव कराने आया था। इस समय दोनो ही पक्ष घुस्से में थे और एक दूसरे पर हमलावर हो रहे थे। लोहे की राड से किए गए हमले में बीच बचाव कराने आया पिंटू गंभीर रूप से घायल हो गया था। घायल का जिला अस्पताल में इलाज के बाद जब रैफर किया गया तो उसको प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया था हाल में उसका इलाज मेरठ के अस्पताल में चल रहा था जब रविवार की सवेरे पिंटू की हालत बिगडी तो उसको मेरठ के लिए रैफर किया गया था, लेकिन पिंटू की हालत रास्ते में ही बिगड गई और उसकी सांसे थम गई। पिंटू की मौत की खबर जैसे ही परिवार में पहुंची तो यहां शौक छा गया और इसकी जानकारी शहर कोतवाली पुलिस को भी दी गई। जिसके बाद कोतवाली प्रभारी निरीक्षक उमेश रोरिया टीम के साथ मौके पर पहुंचे, इस समय यहां लोगों की भीड़ इकट्ठा थी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया और मृतक पिंटू के भाई राजू की ओर से दी गई तहरीर पर छोटा उर्फ संदीप, छोटा कल्लू, दीपक, बिट्टू, अभिषेक व अखिलेश के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।



# कर्ज के बोझ से सिसक रहा ग्रामीण भारत, कर्जमाफी ही समाधान: राकेश टिकैत

**मुजफ्फरनगर।** सांख्यिकी मंत्रालय के अर्धवार्षिक ताज़ा सर्वेक्षण ने ग्रामीण भारत की आर्थिक चिंताजनक रिपोर्ट आने के बाद भाकियू प्रवक्ता चौ. राकेश टिकैत ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर की गई पोस्ट में इस सर्वेक्षण में किए गए खुलासे के आधार पर ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर बढ़ते कर्ज के बोझ को लेकर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि सरकार को पूरी तरह से कर्जमाफी की योजना चलानी चाहिए। रिपोर्ट के अनुसार, देश के ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 15 प्रतिशत परिवार किसी न किसी रूप में कर्ज के बोझ तले दबे हुए हैं। यह कर्ज कृषि कार्य, स्वास्थ्य खर्च, शिक्षा या सामाजिक दायित्वों के निर्वहन हेतु लिया गया है। सर्वेक्षण में यह भी उजागर हुआ कि आर्थिक दबाव के कारण ग्रामीण जनसंख्या का एक बड़ा हिस्सा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित रह जाता है, जिससे उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार की संभावनाएं सीमित हो जाती हैं। राकेश टिकैत ने कहा कि देश की सरकारें जिस वर्ग के बल पर अर्थव्यवस्था को स्थिर और मजबूत बनाए रखती हैं, वही किसान और ग्रामीण वर्ग आज सबसे अधिक आर्थिक दबाव में है। उन्होंने कहा कि मंत्रालय की रिपोर्ट में साफ लिखा है कि देश के 15 प्रतिशत ग्रामीण परिवार कर्जग्रस्त हैं। यह केवल आंकड़ा नहीं, बल्कि गांवों की सच्चाई है। खेती में बढ़ती लागत, घटती आमदनी, और अस्थिर बाजार नीति के चलते किसान अपनी बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए भी उधार लेने को मजबूर हैं।

# तमंचे के सात सौदागर पुलिस ने किए गिरफ्तार

## दो आरोपी अग्निवीर परीक्षा में हुए थे शामिल, हथियार व कारतूस बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** अग्निवीर भर्ती में शामिल हुआ युवक अपने छह अन्य साथियों के साथ मौत के सामान की सप्लाई के आरोप में गिरफ्तार हुआ है। यह गिरोह खरीद फरोख्त करने के लिए मोबाइल का प्रयोग करते थे और गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने इनके कब्जे से एक दर्जन से अधिक तैयार तमंचे, कारतूस बरामद करने का दावा किया है।



रविवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने पत्रकारो को जानकारी देते हुए बताया कि एसपी देहात आदित्य बंसल के नेतृत्व में ककरौली पुलिस ने अवैध हथियारों की सप्लाई करने वाले गिरोह को गिरफ्तार किया है। इस गिरोह में सात लोग गिरफ्तार होना बताया है। एसएसपी ने बताया कि ककरौली पुलिस ने सूचना के आधार पर बदमाशों की घेराबंदी की। सूचना मिली थी कि हथियारों के सप्लायर तमंचा बेचने के लिए इधर आएगे। पुलिस ने घेराबंदी करी और मुठभेड के दौरान अभिषेक पुत्र शिव कुमार, निखिल पुत्र ललित निवासी खौकनी, नितिन पुत्र जशकरण निवासी कासमपुर खोला, विशाल उर्फ गोली पुत्र सुरेश व समीर पुत्र नसीम निवासी खामपुर, चिंटू पुत्र गुलाब सिंह व संजीव पुत्र काशीराम निवासीगण रामपुर थाना छपार है। पुलिस ने इनके कब्जे से 14 तमंचे, भारी मात्रा में कारतूस बरामद किए है।

एसएसपी ने यह भी बताया कि यह गिरोह अवैध तमंचो के साथ वीडियो बनाकर उसको सोशल मीडिया पर वायरल करते थे इसके बाद सोदेबाजी होती थी और एक तमंचा पांच हजार में बेचा जाता था पकडे गए अभिषेक, निखिल व नितिन हथियारों के सप्लायर है और वह ऑनलाइन पैमेंट लेते थे। एसएसपी ने टीम को पुरस्कृत करने की घोषणा की है। एसएसपी का कहना है कि विशाल निवासी खामपुर और समीर ने अग्निवीर की परीक्षा पास की थी, लेकिन ये इस धंधे में जुड गए है। पुलिस का कहना है कि यह लोग सिर्फ हवाई फायरिंग करने का शोक करते थे।




# कई कोतवाल को मिली नई जिम्मेदारी, दो को किया रिलीव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने जनपद में शांति और अपराधियों पर अंकुश पाने के लिए देर रात कई थाना प्रभारियों के तबादले करते हुए कुछ को नई तैनाती दी तो दो को गैर जनपद के लिए रवाना कर दिया।

बता दे कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा अपराधियों पर लगातार शिकंजा कस रहे है और कानून व्यवस्था दुरूस्त बनाने के लिए महकमे में भी लगातार कार्यवाही कर रहे है। एसएसपी ने भोपा थाना क्षेत्र में लगातार हुई घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए प्रभारी निरीक्षक मुनेश कुमार को हटाकर यहां पर तैनाती की है, जबकि मुनेश कुमार को नारकौटिक सेल भेज दिया है। मुनेश कुमार 22 सितम्बर को यहां पर तैनात हुए थे और उनके कार्यकाल में भाकियू नेता के खिलाफ दर्ज मुकदमें के बाद मामला तुल पकड गया था और उस समय एसएसपी ने प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश सिंह को यहां से हटाया था। ओमप्रकाश सिंह को फुगाना थाने की भागदौड सौंपी थी और इंस्पेक्टर जसवीर सिंह को भोपा थाने में तैनात कर दिया था।

एसएसपी ने मीरांपुर थाना प्रभारी बबलु सिंह वर्मा को शहर कोतवाली की जिम्मेदारी सौंपी है और चरथावल थाने में सत्यनारायण दहिया को तैनात दिया है। एसएसपी ने मीरांपुर थाने में इंस्पेक्टर ओमप्रकाश सिंह को फुगाना थाने से भेजा है। और क्राइम ब्रांच में तैनात इंस्पेक्टर विजय कुमार को फुगाना थाने का प्रभारी बनाया है। उधर एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट व एएचटी की जिम्मेदारी इंस्पेक्टर जय सिंह भाटी को सौंपी है। एसएसपी इस्पेक्टर उमेश रोरिया और इंस्पेक्टर विकास यादव को गैर जनपद के लिए रिलीव कर दिया है।



## सम्पादकीय

सोमवार, 27 अक्टूबर 2025

# आसियान को संबोधन

इस समय मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर में आसियान समिट हो रहा है। रविवार को 22वें आसियान भारत सम्मेलन को प्रधानमंत्री मोदी ने वर्चअुल संबोधित किया। अपने वक्तव्य में उन्होंने कहा कि भारत आपदा के हर समय में आसियान के अपने मित्र देशों के साथ खड़ा रहा है। पीएम मोदी ने दोनों पक्षों के बीच समुद्री क्षेत्र में सहयोग के लिए 2026 को आसियान भारत समुद्री सहयोग का वर्ष भी घोषित किया। प्रधानमंत्री मोदी का कहना था कि आसियान मिलकर विश्व की एक चौथाई जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करते हैं, जोकि बड़ी संख्या है और इससे इसके महत्व का पता चलता है। आसियान समिट के सफल आयोजन के लिए उन्होंने पीएम अनवर इब्राहिम को बधाई भी दी। पीएम मोदी को आसियान में भाग लेने के लिए स्वयं जाना था, बाद में अपने कार्यक्रमों के चलते वह भाग नहीं ले सके और विदेश मंत्री एस. जयशंकर इस सम्मेलन में गए हैं। आसियान सम्मेलन ऐसे समय में हो रहा है जब विश्व में उथल-पुथल मची हुई है। जहां कई मोर्चों पर युद्ध चल रहा है, वहीं भारत-अमेरिका के रिश्तों में भी उतार-चढ़ाव आता दिखाई दे रहा है। रविवार को ही फिर से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत को लेकर यह दावा कर दिया कि भारत रूस से तेल की खरीद पूरी तरह बंद करने जा रहा है, जबकि भारत कहता रहा है और उसने फिर दो. हराया है कि उसकी ऊर्जा नीति राष्ट्रहित पर आधारित है न किसी बाहरी दबाव पर। भारत ही नहीं ट्रम्प ने तो चीन के संबंध में यह कह डाला कि चीन ने रूसी तेल की खरीद में काफी कमी की है और वह सब इसलिए है कि हमने रूस पर प्रतिबंध लगाए हैं। वहीं दूसरी तरफ वाशिंगटन में अमे. रिकी विदेशी मंत्री मार्क रूबियो ने यह कह डाला कि अमे. रिका पाकिस्तान से अपने रिश्ते मजबूत करना चाहता है, लेकिन भारत की कीमत पर नहीं। आतंकवाद पर रूबियो ने पाक का यह कहकर बचाव भी किया कि अमेरिका और पाक पहले से ही आतंकवाद के खिलाफ मिलकर काम करते रहे हैं, लेकिन इससे भारत के साथ उनकी अच्छी दोस्ती को कोई नुकसान नहीं होगा। अमेरिका ने फिर से यह दोराया कि वह पाक के साथ रणनीतिक दोस्ती करना चाहते हैं। जाहिर है इस तरह का वातावरण भारत को असहज करने वाला ही है। ऐसे में भारत को भी बेहद सतर्कता से आगे बढ़ने की जरूरत है और भारत ऐसा करता दिखाई दे रहा है। आसियान के सहयोग की बात जिस तरह मोदी ने की है, उससे भी पता चलता है कि भारत अब अपने लिए नए रास्ते तलाश रहा है। अब यह भी साफ हो गया है कि अमेरिका के साथ भारत अपने हितों को लेकर बहुत ज्यादा आगे नहीं बढ़ सकता। ट्रम्प ने अमेरिकी हितों को सर्वोपरि रखकर यह जता दिया है कि वह अपने हितों के सामने किसी के नुकसान की कोई परवाह नहीं करने वाला।

## आत्महत्या नहीं, संस्थागत हत्या



महाराष्ट्र के सतारा जिले में एक होनहार चिकित्सक भ्रष्ट सत्ता और तंत्र में बैठे अपराधियों के गठजोड़ का शिक. ार हो गई है, मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न से तंग आकर एक डाक्टर की आत्महत्या किसी भी सभ्य समाज की अंतरात्मा को झकझोर देने वाली त्रासदी है, एक होनहार डाक्टर बेटी, जो दूसरों का दर्द मिटाने की आकांक्षा रखती थी, भ्रष्ट सत्ता और तंत्र में बैठे अपराधियों की प्रताड़ना का शिकार बन गई, जिसे अपराधियों से जनता की रक्षा की जिम्मेदारी दी गई थी, उसी ने इस मासूम के खिलाफ सबसे घिनौना अपराध किया, उसका शोषण किया, सत्ता संरक्षित आपराधिक विचारधारा का ये सबसे घिनौना उदाहरण है, यह आत्महत्या नहीं, संस्थागत हत्या है।

**-राहुल गांधी, नेता विपक्ष, लोकसभा**

# नीतीश का भविष्य मोदी ने तय कर दिया

# अब तेजस्वी का राहुल को करना है





**श्रवण गर्ग**

बिहार के नतीजों की इन उम्मीदों के साथ प्रतीक्षा करते करना चाहिए कि नीतीश कुमार के अवसरवादी नेतृत्व को बीस वर्षों तक बर्दाश्त करने के बाद राज्य को उनसे मुक्ति मिलने जा रही है। कहा जा सकता है कि बसपा, शिव सेना और आप के साथ किए जा चुके सफल प्रयोगों के बाद बीजेपी की रणनीति का अगला बड़ा शिकार अब जेडी(यू) बनने जा रहा है। चारों उदाहरणों में एक तत्व कॉमन है कि अपनी तात्कालिक राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति के लिए इनके नेताओं ने बीजेपी के साथ कथित तौर पर प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष आत्मघाती गठबंधन किए।

बिहार के मामले में उल्लेखनीय यह है कि बीजेपी ने नीतीश कुमार से पिंड छुड़ाने का फैसला यह जानते हुए भी ले लिया कि जिन दो बैसाखियों पर मोदी सरकार का साढ़े तीन साल का बाकी अस्तित्व टिका रहने वाला है उनमें एक बैसाखी जेडी (यू) के समर्थन की है। अमित शाह के दूरगामी चिंतन की दाद दी जानी चाहिए और साथ ही आश्चर्य भी व्यक्त करना चाहिए कि इतनी कठिन परिस्थितियों में भी ममता और स्टालिन की सरकारें गृहमंत्री के ताप से कैसे बची हुई हैं?

नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री पद का चेहरा बनाने के सवाल पर अमित शाह के जवाब के बाद साफ हो गया कि बिहार के दिन भी अन्य बीजेपी राज्यों की तरह ही फिरने वाले हैं और पटना को भी कोई नया भजनलाल, विष्णु देव, मोहन यादव या मोहन चरण प्राप्त हो सकता है। मानकर चलना चाहिए कि मुख्यमंत्री पद के दावेदार और वर्तमान में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और अन्य दागी उम्मीदवारों को हराने की मतदाताओं से अपील करने वाले पूर्व केंद्रीय मंत्री आरके सिंह बीजेपी आलाकमान की मौन स्वीकृति से ही यह साहस दिखा पा रहे होंगे।

नीतीश कुमार को उम्मीद रही होगी कि राजद और कांग्रेस के बीच कघयम तनाव के चलते महागठबंधन सीएम फेस की घोषणा अंत तक नहीं कर पाएगा और उनके लिए पलटी खाने के दरवाजे नतीजे आने तक खुले रहेंगे। राहुल को अंतत: बोधि सत्व की प्राप्ति हो गई और नामांकन वापस लेने के आखिरी दिन मुख्यमंत्री के रूप में तेजस्वी यादव के नाम का ऐलान कर दिया गया। घोषणा के जरिए सचिन पायलट को भी राजस्थान संदेश भिजवा दिया गया कि पार्टी आलाकमान के पास अशोक गहलोत का कोई विकल्प उपलब्ध नहीं है।

जिन दो नजरियों से चुनावों में झांकने की अब जरूरत है उनमें एक यह है कि लालू-राबड़ी-नीतीश द्वारा बिहार के 35 साल सम्मिलित रूप से लील जाने के युग की क्या हकीकत में समाप्ति होने जा रही है? दूसरा नजरिया यह देखना है कि बिहार के रास्ते इंडिया ब्लॉक की राष्ट्रीय पटल पर वापसी की जो संभावना वोटर अधिकार यात्रा के दौरान राहुल-तेजस्वी की जुगलबंदी से प्रकट हुई थी वह अभी कघयम हैं या व्यक्तित्वों के बीच हुए अहंक. ारों के टकराव की भेंट चढ़ चुकी है?

पूरे घटनाक्रम से जो बात उभरती है वह यही है कि तेजस्वी की चिंता 2020 की तरह ही इस बार भी कांग्रेस को खुश करके अवसर को गवाने की नहीं बल्कि राहुल की नाराजगी मोल लेकर भी बाजी अपने पक्ष में पलटने की रही। पिछले चुनाव में इंडिया ब्लॉक और एनडीए के बीच वोट शेयर का फर्क सिर्फ 0.03 प्रतिशत या कुल जमा 12,700 वोटों का था पर तेजस्वी सरकार बनाने में 15 सीटों से पीछे रह गए थे। कारण कांग्रेस द्वारा 70 सीटों पर चुनाव लड़कर सिर्फ 19 पर जीत दर्ज कराना था। तेजस्वी इसीलिए इस बार एक-एक सीट को लेकर अड़ते रहे। (इतना सब होने के बावजूद कांग्रेस और राजद चार सीटों पर एक-दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं।)

महागठबंधन के सामने नई चुनौती यह है कि इस बार चिराग पासवान पिछली बार की तरह जेडी (यू) को नुकसान पहुंचाने के लिए अलग से चुनाव नहीं लड़ रहे हैं। वे इस बार नीतीश के साथ हैं। अत: 2020 में उनकी पार्टी को स्वतंत्र रूप से प्राप्त हुआ 5.66 प्रतिशत का वोट शेयर इस बार एनडीए के खाते में जुड़ने वाला है। दूसरे यह भी कि जो नुकसान चिराग की पार्टी ने 2020 में 135 सीटों पर चुनाव लड़कर नीतीश को पहुंचाया था लगभग वैसा ही इस बार 116 सीटों पर लड़कर प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी महागठबंधन को पहुंचा सकती है। तेजस्वी के सामने संकट बड़ा है।

तेजस्वी के सामने संकट बड़ा है और महागठबंधन के भविष्य को लेकर फैसला राहुल को लेना है। इतना तय है कि तमाम विपरीत परिस्थितियों के बावजूद महागठबंधन अगर विजई हो जाता है तो जीत का सेहरा तेजस्वी के माथे पर ही बंधेगा। पराजय की स्थिति में क्या होने वाला है अशोक गहलोत और कृष्णा अल्लावरू दोनों को पता है। पिछले साल यूपी में नौ सीटों के लिए हुए उपचुनावों में 'इंडिया ब्लॉक' के खराब प्रदर्शन का ठीकरा अखिलेश के परिवार के एक सीनियर नेता ने कांग्रेस के अहंकार के माथे पर फोड़ दिया था। प्रतीक्षा की जानी चाहिए कि 14 नवंबर के बाद लालू क्या बोलने वाले हैं।

पूरे घटनाक्रम से जो बात उभरती है वह यही है कि तेजस्वी की चिंता 2020 की तरह ही इस बार भी कांग्रेस को खुश करके अवसर को गवाने की नहीं बल्कि राहुल की नाराजगी मोल लेकर भी बाजी अपने पक्ष में पलटने की रही। पिछले चुनाव में इंडिया ब्लॉक और एनडीए के बीच वोट शेयर का फर्क सिर्फ 0.03 प्रतिशत या कुल जमा 12,700 वोटों का था पर तेजस्वी सरकार बनाने में 15 सीटों से पीछे रह गए थे। कारण कांग्रेस द्वारा 70 सीटों पर चुनाव लड़कर सिर्फ 19 पर जीत दर्ज कराना था। तेजस्वी इसीलिए इस बार एक-एक सीट को लेकर अड़ते रहे। (इतना सब होने के बावजूद कांग्रेस और राजद चार सीटों पर एक-दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं।) महागठबंधन के सामने नई चुनौती यह है कि इस बार चिराग पासवान पिछली बार की तरह जेडी (यू) को नुकसान पहुंचाने के लिए अलग से चुनाव नहीं लड़ रहे हैं। वे इस बार नीतीश के साथ हैं। अत: 2020 में उनकी पार्टी को स्वतंत्र रूप से प्राप्त हुआ 5.66 प्रतिशत का वोट शेयर इस बार एनडीए के खाते में जुड़ने वाला है। दूसरे यह भी कि जो नुकसान चिराग की पार्टी ने 2020 में 135 सीटों पर चुनाव लड़कर नीतीश को पहुंचाया था लगभग वैसा ही इस बार 116 सीटों पर लड़कर प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी महागठबंधन को पहुंचा सकती है। तेजस्वी के सामने संकट बड़ा है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# जन-सुराज: वैकल्पिक राजनीति का नया दर्शन

**राजनैतिक विश्लेषक हालांकि बिहार के चुनावी रण में श्जन सुराज पार्टीश के उतरने को लेकर तरह तरह के कयास लगा रहे हैं। कुछ लोगों का मानना है कि जन सुराज पार्टी भी असद्दुदीन ओवैसी की एआईएमआईएम की ही तरह राज्य में वोट काटने वाली पार्टी साबित होगी और इसका लाभ भारतीय जनता पार्टी को मिलेगा। जबकि कुछ का मानना है कि केवल एन डी ए ही नहीं बल्कि जन सुराज पार्टी विपक्षी महागठबंधन को भी नुकसान पहुंचाएगी। उधर प्रशांत किशोर अपना सीधा मुकाबला सत्ता रूढ़ एनडीए से ही बता रहे हैं परन्तु साथ ही उनका यह भी कहना है कि चुनाव परिणाम ही फैसला करेंगे कि उनकी पार्टी अर्श पर होगी या फर्श पर।**



**तनवीर जाफरी**

पूरे देश की निगाहें इस समय बिहार विधानसभा के होने जा रहे आम चुनावों पर लगी हुई हैं। इन चुनावों में जहां देश व राज्य के अनेक पारंपरिक राष्ट्रीय व क्षेत्रीय राजनैतिक दल चुनाव मैदान में सत्ता अथवा विपक्ष के किसी न किसी गठबंधन के साथ मिलकर बिहार का भाग्य बदलने के नाम पर खुद अपना भाग्य आजमा रहे हैं वहीं इस बार के चुनाव में पहली बार जन सुराज पार्टी नामक एक नया राजनैतिक दल भी बिहार की राजनीति में अपनी जोरदार उपस्थिति दर्ज करा रहा है। जन सुराज पार्टी जैसे किसी नवगठित दल द्वारा अपने पहले ही चुनाव में राज्य की सभी 243 सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े करना ही अपने आप में बड़ी उपलब्धि है और इससे भी बड़ी बात यह है कि इस पार्टी के लगभग सभी उम्मीदवार शिक्षित, बुद्धिजीवी, पूर्व नौकर शाह, पूर्व आईएएस, आईपीएस, वैज्ञानिक, गणितज्ञ तथा शिक्षाविद हैं जबकि चुनाव मैदान में कूदे अन्य पारंपरिक राष्ट्रीय व क्षेत्रीय राजनैतिक दलों के उम्मीदवारों की शिक्षा,उनके आचरण, चरित्र व योग्यता के विषय में कुछ अधिक बताने की जरुरत ही नहीं। बहरहाल इस नए नवेले राजनैतिक दल जन सुराज पार्टी के संस्थापक व अकेले रणनीतिकार व स्टार प्रचारक वही प्रशांत किशोर हैं जो नरेंद्र मोदी व भाजपा से लेकर देश के अधिकांश राजनैतिक दलों व नेताओं के लिए एक पेशेवर के रूप में चुनावी रणनीति तैयार करने के बारे में जाने जाते हैं। पूर्व में वे संयुक्त राष्ट्र समर्थित एक सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रम में आठ वर्षों तक कार्य कर चुके हैं। देश के विभिन्न राजनैतिक दलों को अपनी रणनीति का लोहा मनवाने के बाद मूल रूप से बिहार के ही रहने वाले प्रशांत किशोर ने अपनी योग्यता का प्रयोग सर्वप्रथम अपने ही राज्य के विकास के लिए करने का निर्णय लिया और 2022 में बिहार की जनता को जागरूक करने व उन्हें उनकी व पूरे राज्य की बदहाली के मूल कारणों से अवगत कराने के मकसद से बिहार में जन सुराज अभियान चलने की घोषणा की। इस घोषणा के बाद ही उन्होंने राज्य में लगभग 3,000 किलोमीटर की पदयात्रा भी की। इस पदयात्रा के दौरान उन्होंने राज्य की आम जनता से सीधा संवाद स्थापित किया। इसी जन सुराज अभियान से ही उनके नए राजनैतिक दल का नाम जन सुराज पार्टी निकला।

बहरहाल देश के बड़े से बड़े राजनैतिक दिग्गजों के लिए रणनीति तैयार करने वाले प्रशांत किशोर स्वयं अपने लिए कैसी सफल रणनीति बना रहे हैं उसी का परिणाम है कि उन्हें न केवल गोदी मीडिया भी पूरी तवज्जोह दे रहा है बल्कि वे सत्ता व विपक्षी महागठबंधन के दागदार नेताओं पूर्व की उनकी असफल नीतियों यहां तक कि राज्य की बदहाली तक के लिए इसी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन व महागठबंधन के दलों को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। राज्य के विकास के लिए प्रशांत किशोर मुफ्त की रेवड़ियों या शराब बंदी जैसी नीतियों को नहीं बल्कि केवल शिक्षा को ही पहली जरुरत मान रहे हैं। राज्य की सभी 243 सीटों के लिए अपने पहले चुनाव में योग्य व शिक्षित प्रत्याशी उतारना बल्कि कई सीटों पर तो अनेक योग्य उम्मीदवारों द्वारा चुनाव लड़ने के लिए एक साथ दावा पेश किया जाना भी प्रशांत किशोर की चुनावी रणनीति की बड़ी सफलता है।

वे सोशल मीडिया पर भी अन्य राजनैतिक दलों से अधिक छाए हुए हैं। उन्होंने विभिन्न टीवी चैनल्स व यू ट्यूबर्स को अब तक जितने साक्षात्कार दे डाले हैं उतने तो शायद सत्ता व विपक्ष के नेताओं ने भी अब तक नहीं दिए। वे अपने साक्षात्कार में अपने विरोधी दलों के अनेक नेताओं को बेनकाब कर उनकी आपराधिक व शैक्षिक पृष्ठभूमि को उजागर कर रहे हैं। प्रशांत किशोर बड़े ही स्पष्ट अंदाज में बिहार की बदहाली व पिछड़ेपन के लिए जहां पूर्व की सत्ता व नेताओं को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं वहीं राज्य के उन मतदाताओं को भी आइना दिखा रहे हैं जो मुफ्त के राशन अथवा धर्म जाति के नाम पर वोट कर भ्रष्ट व अयोग्य उम्मीदवारों का चुनाव करती रही है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# बिहार चुनाव: एक नया मोड़ या वही राह



**विनीत नारायण**

बिहार की राजनीति हमेशा से प्रयोगों, व्यक्तित्वों और गठबंधनों की धरती रही है। यहां सत्ता तक पहुंचने का रास्ता सिर्फ वोटों से नहीं, बल्कि समाजिक समीकरणों, जातीय गणित और जनभावनाओं से होकर गुजरता है। अब जब 2025 के विधानसभा चुनावों की दस्तक हो चुकी है, पूरा देश बिहार की ओर देख रहा है। यह चुनाव न केवल राज्य की राजनीति को बल्कि राष्ट्रीय समीकरणों को भी प्रभावित करने की क्षमता रखता है।

इस बार मुकाबला दिलचस्प और चुनौतीपूर्ण इसलिए है क्योंकि मैदान में तीन धाराएं साफ तौर पर दिखाई दे रही हैं। इंडिया गठबंधन, जिसमें मुख्य भूमिका में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) है। एनडीए, जिसमें जनता दल (यू) के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार फिर एक बार केंद्र में हैं। वहीं, तेजी से उभरती शक्ति के रूप में प्रशांत किशोर का जन सुराज अभियान। राजद की अगुवाई वाला इंडिया गठबंधन इस चुनाव को अपनी साख बचाने के साथ-साथ केंद्र की राजनीति पर असर डालने के अवसर के रूप में देख रहा है। तेजस्वी यादव पिछले कुछ वर्षों में अपनी राजनीतिक परिपक्वता दिखाने की कोशिश कर रहे हैं, चाहे वह बेरोजगारी का मुद्दा हो, युवाओं से संवाद हो या नीतीश सरकार की नीतियों की कड़ी आलोचना। राजद के पास एक ठोस सामाजिक आधार है, लेकिन उसके सामने सबसे बड़ी चुनौती विश्वसनीयता की है। भ्रष्टाचार के पुराने मामलों और शासन की यादें आज भी मतदाताओं के दिमाग में ताजा हैं। कांग्रेस, वामदलों और अन्य सहयोगियों के बीच सीट बंटवारे को लेकर संभावित खींचतान भी गठबंधन की मजबूती पर सवाल उठाती है। फिर भी, तेजस्वी का युवा जोश और उनके प्रचार की डिजिटल समझबूझ उन्हें पहले से अलग बनाती है। इंडिया गठबंधन यह भलीभांति जानता है कि अगर बिहार में उसकी पकड़ मजबूत होती है, तो यह 2029 के लोकसभा समीकरणों में एक नई ऊर्जा भर सकता है। एनडीए का चेहरा इस बार भी नीतीश कुमार ही हैं, जिनका राजनीतिक अनुभव किसी परिचय का मोहताज नहीं। वे सात बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ले चुके हैं, लेकिन अब जनता उनसे बदलाव की बजाय जवाब चाहती है। उनकी सबसे बड़ी ताकत रही है साफ छवि और साझा सामाजिक आधार। लेकिन यह भी उतना ही सच है कि पिछले कुछ सालों में उनके राजनीतिक पलटवारों, कभी महागठबंधन में, कभी एनडीए में आने-जाने ने उनकी विश्वसनीयता को काफी कमजोर किया है। भाजपा, जो एनडीए की दूसरी बड़ी ताकत है, नीतीश के साथ रहते हुए भी अपने संगठन को बढ़ाने की कोशिश कर रही है। उसे यह अंदाजा है कि बिहार में अगर उसे भविष्य में स्वतंत्र रूप से मजबूत होना है, तो नीतीश के बाद का दौर भी ध्यान में रखना होगा। यही कारण है कि भाजपा अब स्थानीय नेताओं को उभारने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता के सहारे मैदान को अपने पक्ष में करने की योजना पर काम कर रही है। एनडीए का सबसे बड़ा फायदा यह है कि उसके पास वोटों का एक स्थिर कोर आधार है और शासन की निरंतरता की छवि बनी हुई है। लेकिन एंटी-इनकम्बेंसी, बेरोजगारी और ग्रामीण ढांचों में ठहराव जैसे मुद्दे उनके लिए सिरदर्द बन सकते हैं। बिहार के इस राजनीतिक त्रिकोण में सबसे दिलचस्प और नया पैदा हुआ कारक हैं प्रशांत किशोर (पीके)। उन्होंने रणनीतिकार से जननेता बनने की जो यात्रा शुरू की, वह अब निर्णायक दौर में पहुंची है। उनका जन सुराज अभियान पिछले दो वर्षों से गांव-गांव में सक्रिय रहा है।

वे न तो स्वयं को किसी पारंपरिक पार्टी की तरह प्रस्तुत कर रहे हैं और न किसी गठबंधन का हिस्सा हैं। उनका संदेश सीधा है सिस्टम को बदलने के लिए राजनीति में साफ और नई सोच लानी होगी। प्रशांत किशोर का यह प्रयोग बिहार की राजनीति की जमीनी सच्चाई को चुनौती देता है। वे युवाओं और शिक्षित तबके में धीरे-धीरे एक विकल्प के रूप में उभर रहे हैं। हालांकि यह कहना जल्दबाजी होगी कि वे बड़े पैमाने पर सीटें जीतेंगे, लेकिन उनका प्रभाव दो स्तरों पर होगा। कई क्षेत्रों में वे परंपरागत दलों का समीकरण बिगाड़ सकते हैं। उनकी राजनीति भ्रष्टाचार विरोधी और विकास-केंद्रित विमर्श को चुनावी बहस के केंद्र में ला रही है। अगर उनका अभियान थोड़ा भी जनसमर्थन जुटाने में सफल रहता है, तो यह बिहार में तीसरी शक्ति के उदय की भूमिका लिख सकता है। गौरतलब है कि बिहार की राजनीति बिना जातीय समीकरणों के समझी ही नहीं जा सकती। यादव, कुशवाहा, भूमिहार, राजपूत और मुसलमानों के बीच सामंजस्य और टकराव हमेशा परिणामों को प्रभावित करते हैं। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में एक नया सामाजिक तबका, युवा और प्रवासी मजदूर वर्ग, निर्णायक बनकर उभर रहा है। प्रशासन, कृषि संकट, रोजगार और शिक्षा की स्थिति इस बार मुख्य मुद्दे होंगे। डिजिटल मीडिया और सोशल प्लेटफॉर्मों के उदय ने इस बार चुनावी प्रचार के तरीके को भी बदल दिया है। अब गांवों तक व्हाट्सएप समूह और सोशल अभियानों के माध्यम से राजनीतिक विमर्श पहुंच रहा है और यहां पर प्रशांत किशोर जैसे नेताओं की रणनीतिक क्षमता का उन्हें फायदा हो सकता है।

इस चुनाव की सबसे बड़ी बहस विकास बनाम विश्वसनीयता की होगी। नीतीश कुमार कहेंगे कि उन्होंने राज्य को बुनियादी ढांचे और शासन में सुधार दिया, जबकि विरोधी पक्ष यह पूछेगा कि इतने वर्षों में युवाओं के लिए अवसर क्यों नहीं बढ़े। तेजस्वी यादव रोजगार और सामाजिक न्याय का नारा देंगेय भाजपा मोदी के नाम और केंद्रीय योजनाओं की बदौलत वोट जुटाने की कोशिश करेगी और प्रशांत किशोर नई राजनीति की बात करेंगे। नतीजतन, यह चुनाव किसी एक मुद्दे या व्यक्ति पर निर्भर नहीं रहेगा बल्कि यह आस्था, असंतोष और आकांक्षा के मिश्रण से तय होगा।

बिहार के 2025 के चुनाव इसलिए रोचक हैं क्योंकि तीन पीढ़ियां और तीन दृष्टिकोण आमने-सामने हैं। नीतीश कुमार, जिनकी राजनीति स्थिरता और अनुभवी शासन का प्रतीक है। तेजस्वी यादव, जो परिवर्तन और युवा आकांक्षाओं के वाहक हैं। प्रशांत किशोर, जो मौजूदा राजनीति को बदलने की चुनौती दे रहे हैं। यह चुनाव यह तय करेगा कि बिहार पुरानी राजनीति की सीमाओं में रहेगा या सोच के नए अध्याय की ओर कदम बढ़ाएगा। चाहे परिणाम कुछ भी हो, इतना तो तय है कि इस बार बिहार का जनादेश केवल सरकार नहीं, बल्कि देश की राजनीति की दिशा भी तय करेगा।

**गौरतलब है कि बिहार की राजनीति बिना जातीय समीकरणों के समझी ही नहीं जा सकती। यादव, कुशवाहा, भूमिहार, राजपूत और मुसलमानों के बीच सामंजस्य और टकराव हमेशा परिणामों को प्रभावित करते हैं। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में एक नया सामाजिक तबका, युवा और प्रवासी मजदूर वर्ग, निर्णायक बनकर उभर रहा है। प्रशासन, कृषि संकट, रोजगार और शिक्षा की स्थिति इस बार मुख्य मुद्दे होंगे। डिजिटल मीडिया और सोशल प्लेटफॉर्मों के उदय ने इस बार चुनावी प्रचार के तरीके को भी बदल दिया है। अब गांवों तक व्हाट्सएप समूह और सोशल अभियानों के माध्यम से राजनीतिक विमर्श पहुंच रहा है और यहां पर प्रशांत किशोर जैसे नेताओं की रणनीतिक क्षमता का उन्हें फायदा हो सकता है। इस चुनाव की सबसे बड़ी बहस विकास बनाम विश्वसनीयता की होगी। नीतीश कुमार कहेंगे कि उन्होंने राज्य को बुनियादी ढांचे और शासन में सुधार दिया, जबकि विरोधी पक्ष यह पूछेगा कि इतने वर्षों में युवाओं के लिए अवसर क्यों नहीं बढ़े।**


(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# इमरान के X खाते का फैसला SC करेगा

## कोर्ट ने याचिका पर तय की चार नवम्बर सुनवाई की तारीख

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की एक उच्च न्यायालय ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के सोशल मीडिया अकाउंट एक्स को बंद करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई की तारीख तय कर दी है। यह सुनवाई 4 नवम्बर को होगी। 73 वर्षीय इमरान खान, पूर्व क्रिकेटर और बाद में राजनीति में आए, पिछले दो साल से कई मामलों में जेल में बंद हैं।

इस्लामाबाद हाईकोर्ट (आईएचसी) की ओर से जारी कारण सूची के अनुसार, जस्टिस अरबाब मोहम्मद ताहिर इस याचिका पर सुनवाई करेंगे। अदालत ने पहले ही पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान, नेशनल साइबर क्राइम एजेंसी, जेल अधीक्षक और अन्य संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी कर उनके लिखित जवाब मांगे हैं। यह



■ 73 वर्षीय इमरान पूर्व क्रिकेटर और बाद में राजनीति में आए, पिछले दो साल से कई मामलों में जेल में बंद हैं
■ दावा: इमरान जेल में रहते हुए अपने एक्स अकाउंट से 'गैरकानूनी और भड़काऊ संदेश' प्रसारित कर रहे हैं

याचिका एक नागरिक ने बैरिस्टर जफरुल्लाह के जरिए दायर की है। याचिका में दावा किया गया है कि इमरान खान जेल में रहते हुए अपने एक्स अकाउंट से 'गैरकानूनी और भड़काऊ संदेश' प्रसारित कर रहे हैं, जिससे सार्वजनिक अशांति फैल सकती है और कानून-व्यवस्था पर असर पड़ सकता है। याचिकाकर्ता ने अदालत से मांग की है कि इमरान खान के अकाउंट से ऐसे सभी संदेश हटाए जाएं और भविष्य में ऐसे किसी भी संदेश के प्रसारण पर रोक लगाई जाए। इसी बीच, इस्लामाबाद की जिला एवं सत्र अदालत ने इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी की जमानत अवधि बढ़ा दी है। यह मामला 26 नवम्बर को हुए एक प्रदर्शन से जुड़ा है।

यह सुनवाई जज चौधरी आमिर जिया के समक्ष होनी थी, लेकिन उनकी अनुपलब्धता के कारण टाल दी गई। यह केस इस्लामाबाद के रामना थाने में दर्ज है, जिसमें शांति सभा और सार्वजनिक व्यवस्था अधिनियम सहित कई धाराओं में आरोप लगाए गए हैं। पुलिस ने पीटीआई नेतृत्व पर अवैध सभा आयोजित करने और लोगों को भड़काने का आरोप लगाया है। अदालत ने अब सुनवाई की अगली तारीख 15 नवम्बर तय की है और दोनों पक्षों को अपने तर्क पेश करने के लिए बुलाया है।

## अमेरिका के कैरोलिना में गोलीबारी, दो मरे

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के उत्तरी कैरोलिना में हुई गोलीबारी में कम से कम दो लोगों की मौत हो गई और कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय पुलिस ने यह जानकारी दी है। रोबसन काउंटी शेरिफ बर्निस विल्किस कार्यालय ने सोशल मीडिया पर बताया कि दक्षिणी शहर मैक्सटन के बाहर एक ग्रामीण इलाके में कुल 13 लोगों को गोली मारी गई। कार्यालय के अनुसार कानून प्रवर्तन अधिकारियों के पहुंचने से पहले 150 से जयादा लोग घटनास्थल से भाग गए। कार्यालय ने कहा कि समुदाय के लिए कोई मौजूदा खतरा नहीं है क्योंकि यह एक अलग घटना प्रतीत होती है। पुलिस के अनुसार गोलीबारी के बारे में अधिक जानकारी तुरंत जारी नहीं की गई है और अभी तक किसी की गिरफ्तारी की घोषणा नहीं की गई है।



पटना। अपने सरकारी आवास पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते राजद नेता तेजस्वी यादव।

## कैथरीन कोनोली आयरलैंड की राष्ट्रपति चुनी गईं

**लंदन।** कैथरीन कोनोली आयरलैंड की नई राष्ट्रपति चुनी गई है। घोषित आधिकारिक चुनाव परिणामों के अनुसार निर्दलीय उम्मीदवार कैथरीन कोनोली ने राष्ट्रपति चुनाव में जीत हासिल कर ली है और वह देश 10वीं राष्ट्रपति होगी। चुनावी नतीजों में कोनोली की भारी जीत दिखाई गई है। उनकी एकमात्र प्रतिद्वंद्वी फाइन गेल की हीथर हम्फ्रीज ने दोपहर में आधिकारिक तौर पर अपनी हार स्वीकार कर ली है।

## लेबनान पर इजरायल के ड्रोन हमले में हिजबुल्लाह कमांडर की मौत

**बेरूत/यरूशलम।** दक्षिणी लेबनान में इजरायल के ड्रोन हमले में एक हिज्बुल्लाह कमांडर मारा गया और एक अन्य घायल हो गया। लेबनान और इजरायल के सूत्रों ने यह जानकारी दी है। लेबनान की आधिकारिक राष्ट्रीय समाचार एजेंसी ने बताया कि दोपहर बाद हुए इस हमले में नबातीह क्षेत्र में हारूफ-जिबचित मार्ग पर स्थित प्राथमिक विद्यालय के पास एक कार को निशाना बनाया गया। सार्वजनिक स्वास्थ्य मंत्रालय के आपातकालीन अभियान केंद्र ने कहा कि हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। जबकि लेबनानी सेना के एक खुफिया सूत्र ने बताया कि मृतक का नाम जीन फुटौनी था जो हिज्बुल्लाह के विशिष्ट रदवान बल का कमांडर और हल्लौसियेह शहर का निवासी था। इजरायली रक्षा बलों ने एक बयान में हमले की पुष्टि कि और कहा कि फुटौनी रदवान बल का एक टैंक-रोधी कमांडर था, जो हाल ही में दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्लाह के सैन्य ढांचे को फिर से स्थापित करने के प्रयासों में शामिल था। उल्लेखनीय है कि हिजबुल्लाह और इजरायल के बीच 27 नवम्बर, 2024 से युद्धविराम लागू है, जिससे गाजा युद्ध से शुरू हुए संघर्षों पर काफी हद तक रोक लग गई है।

# ट्रम्प ने कनाडा पर 10% एक्स्ट्रा टैरिफ लगाया

## बेसबॉल मैच में टैरिफ के खिलाफ ऐड देख हुए नाराज, अब कनाडा को 45 प्रतिशत टैरिफ देना होगा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कनाडा पर 10 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। वे शुक्रवार को एक बेसबाल मैच में टैरिफ के खिलाफ विज्ञापन दिखाने से नाराज हो गए। 2 दिन पहले इसी विज्ञापन की वजह से ट्रम्प ने कनाडा के साथ टैरिफ पर हो रही बातचीत रोक दी थी। इस विज्ञापन में पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन के शब्दों का इस्तेमाल किया गया था, जिसमें वे टैरिफ को हर एक अमेरिकी के लिए नुकसानदेह बता रहे थे।

अमेरिका ने कनाडा पर 35 प्रतिशत टैरिफ लगा रखा है। नए ऐलान के बाद यह 45 प्रतिशत हो जाएगा। भारत और ब्राजील के बाद यह सबसे ज्यादा टैरिफ होगा। यह विज्ञापन कनाडा के ओंटारियो राज्य ने बनाया था। हालांकि ट्रम्प के नाराज होने के बाद ओंटारियो के प्रीमियर ने कहा था कि वे रविवार के बाद इस विज्ञापन को वापस ले लेंगे। इसी दौरान शुक्रवार को वर्ल्ड सीरीज के पहले गेम इस विज्ञापन को चलाया गया था।

इस घटना के एक दिन बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ने टैरिफ बढ़ाने को लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट किया और कहा: कनाडा रंगे हाथों पकड़ा गया है, जिसने रोनाल्ड रीगन के टैरिफ पर दिए गए भाषण को लेकर एक फर्जी विज्ञापन चलाया। रीगन को राष्ट्रीय सुरक्षा और अर्थव्यवस्था से जुड़े मकसद के लिए टैरिफ बहुत पसंद थे, लेकिन कनाडा ने कहा कि उन्हें पसंद नहीं थे। ट्रम्प ने आगे कहा, कनाडा को वह विज्ञापन तुरंत हटा देना चाहिए था लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। जानते हुए कि यह एक धोखाधड़ी है, कल रात इसे वर्ल्ड सीरीज के दौरान चलने दिया गया। बता दें कि वर्ल्ड सीरीज अमेरिका और कनाडा में खेले जाने वाले बेसबाल खेल की सालाना चौंपियनशिप सीरीज है। ट्रम्प के ऐलान के बाद अभी यह साफ नहीं कि वे इस एक्स्ट्रा टैरिफ को लगाने के लिए किस कानूनी अधिकार का इस्तेमाल करेंगे। व्हाइट हाउस ने इस बात की भी जानकारी नहीं दी है कि यह 10 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ किस तारीख से लागू होगा। ट्रम्प के टैरिफ से कनाडा की अर्थव्यवस्था को भारी नुकसान हुआ है, और कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी उन्हें कम करने के लिए ट्रम्प के साथ काम करने की कोशिश कर रहे हैं। जेपी मार्गन की रिपोर्ट के मुताबिक इस टैरिफ से अगले 5 साल में कनाडा की जीडीपी में लगभग 1.2 प्रतिशत का नुकसान हो सकता है। कनाडा के तीन-चौथाई से अधिक निर्यात अमेरिका को जाते हैं, और लगभग 3.6 अरब कनाडाई डालर (2.7 अरब अमेरिकी डालर) मूल्य का सामान और सेवाएं प्रतिदिन सीमा पार करते हैं। अमेरिका ने कनाडा पर 35 प्रतिशत टैरिफ लगाने के अलावा स्टील और एल्युमीनियम पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगा रखा है। हालांकि अमेरिका में अधिकांश सामान यूएस-कनाडा-मेक्सिको समझौते (यूएसएमसीए) के तहत आते हैं, और टैरिफ से मुक्त हैं। ट्रम्प और कार्नी दोनों मलेशिया में आयोजित होने वाले दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्र संघ (आसियान) शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे। लेकिन ट्रम्प ने अपने साथ यात्रा कर रहे पत्रकारों से कहा कि उनका वहां कार्नी से मिलने का कोई इरादा नहीं है।



■ भारत और ब्राजील के बाद यह सबसे ज्यादा टैरिफ होगा
■ ट्रम्प ने आगे कहा: कनाडा को वह विज्ञापन तुरंत हटा देना चाहिए था लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया

## मलेशिया में रेड कार्पेट पर नाचे ट्रम्प

**कंबोडिया-थाईलैंड के बीच शांति समझौता कराया, कहा जिसे लोग असंभव मान रहे थे, उसे उन्होंने संभव कर दिखाया**

**कुआलालंपुर।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प रविवार सुबह मलेशिया के दौरे पर पहुंचे। यहां उन्होंने रेड कार्पेट पर स्थानीय कलाकारों के साथ डांस किया। कुआलालंपुर में ट्रम्प की मौजूदगी में थाईलैंड और कंबोडिया ने सैन्य संघर्ष को खत्म करने के लिए शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए। ट्रम्प ने कहा कि जिसे लोग असंभव मान रहे थे, उसे उन्होंने संभव कर दिखाया है। थाईलैंड और कंबोडिया के बीच एक मंदिर विवाद को लेकर 5 दिनों तक जंग चली थी, जिसमें 48 लोगों की मौत हुई थी। इसे खत्म करने में ट्रम्प का बड़ा रोल था। कुआलालंपुर पहुंचने पर मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने रेड कार्पेट पर उनका स्वागत किया। वे आसियान समिट में शामिल होने मलेशिया पहुंचे हैं। ट्रम्प 2017 के बाद पहली बार इस सम्मेलन में शामिल हुए। वे आज मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे। कुआलालंपुर एयरपोर्ट पर स्थानीय कलाकारों के साथ ट्रम्प ने अपने फेमस स्टाइल में डांस किया। मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर में आज से आसियान समिट की शुरुआत हो रही है।

## सलमान खान को आतंकी बताने वाली चिट्ठी वायरल

**इस्लामाबाद।** बॉलीवुड एक्टर सलमान खान को आतंकी बताने वाला एक लेटर सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। दावा किया जा रहा है कि यह लेटर पाकिस्तान सरकार ने जारी किया है। सलमान ने पिछले हफ्ते सऊदी अरब में एक इवेंट के दौरान बलूचिस्तान को पाकिस्तान से अलग बताया था, जिसके बाद कथित तौर पर उन पर यह कार्रवाई की गई।

लेटर में कहा गया है कि पाकिस्तान सरकार ने सलमान को एंटी-टेररिज्म एक्ट 1997 की चौथी सूची में डाल दिया है। ये सूची उन लोगों की होती है, जिन पर आतंकवाद से जुड़े होने का शक होता है। हालांकि कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में इस खबर को फेक बताया गया है।

सलमान ने बलूचिस्तान से जुड़ा बयान 17 अक्टूबर को दिया था, जबकि लेटर पर 16 अक्टूबर की तारीख दर्ज है। इसके अलावा उसी नंबर का अन्य लेटर भी पाकिस्तान सरकार ने जारी किया था। इन सब के आधार पर दावा किया जा रहा है कि ये लेटर फेक है। सलमान, शाहरुख खान और आमिर खान के साथ 17 अक्टूबर को रियाद में श्जाय फोरम 2025श में भारतीय



**दावा: पाकिस्तान ने आतंकियों की लिस्ट में डाला, भारतीय अभिनेता ने बलूचिस्तान को पाक से अलग बताया था**

फिल्मों की लोकप्रियता पर बात कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा था कि अगर आप यहां हिंदी फिल्म रिलीज करें, तो वह सुपरहिट होंगी। तमिल, तेलुगु या मलयाली फिल्म भी सैकड़ों करोड़ कमा सकती हैं, क्योंकि यहां बलूचिस्तान, अफगान और पाकिस्तान के लोग काम करते हैं। इस बयान में सलमान ने बलूचिस्तान को पाकिस्तान से अलग बताया था, जिसके बाद पाकिस्तानी मीडिया में सलमान खान की काफी आलोचना की गई थी। बलूचिस्तान के कुछ नेताओं ने सलमान खान के इस बयान की तारीफ की है।

## नेपाल की अंतरिम सरकार को मिले दो और नए मंत्री

**पीएम सुशीला कार्की ने तीसरी बार कैबिनेट का किया विस्तार**
**राष्ट्रपति ने मंत्रियों को शपथ दिलाई**

**काठमांडू।** नेपाल की अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने रविवार को अपनी सरकार में दो नए मंत्रियों को शामिल कर कैबिनेट का तीसरा विस्तार किया। राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने एक विशेष समारोह में मंत्रियों को शपथ दिलाई। इस कदम से नेपाल की अंतरिम सरकार में नई ऊर्जा और प्रशासनिक स्थिरता लाने की कोशिश की जा रही है।

राष्ट्रपति कार्यालय के सूत्रों के अनुसार, पीएम की सिफारिश पर बब्लू गुप्ता और सुधा गौतम को शपथ दिलाई गई। बब्लू गुप्ता को युवा और खेल मंत्रालय का प्रभार दिया गया, जबकि सुधा गौतम को स्वास्थ्य और जनसंख्या मंत्रालय की जिम्मेदारी मिली। इसके साथ ही कैबिनेट में कुल दस मंत्री शामिल हो गए हैं। इस कैबिनेट विस्तार का महत्व इस लिए भी है क्योंकि सुशिला कार्की को 12 सितम्बर को नेपाल के तत्कालीन प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली के इस्तीफे के बाद अंतरिम प्रधानमंत्री बनाया गया था। हाल ही में सितम्बर में हुई दो दिनों की जनरेशन जेड की प्रदर्शन गतिविधियों ने देश में राजनीतिक अस्थिरता को उजागर किया था। नई नियुक्तियों से सरकार को जनता के साथ बेहतर संपर्क बनाने और प्रशासनिक कामकाज में तेजी लाने की उम्मीद है। सुशीला कार्की अंतरिम प्रधानमंत्री के रूप में अगले आम चुनाव तक सरकार का संचालन करेंगी।

## फ्रांस में 700 करोड़ की चोरी के मामले में दो आरोपी हिरासत में

**पेरिस।** फ्रांस के मशहूर लूव्र म्यूजियम में हुई 700 करोड़ रुपए की चोरी के एक हफ्ते बाद, फ्रांसीसी पुलिस ने दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। यह जानकारी फ्रांसीसी समाचार पत्र ले पेरिसियन ने रविवार को दी। पुलिस का मानना है कि यह चोरी चार लोगों की एक गैंग ने की, जिसमें गिरफ्तार किए गए दोनों संदिग्ध जो 30 साल की उम्र के आसपास हैं। पहले संदिग्ध को शनिवार रात पेरिस चार्ल्स डी गॉल हवाई अड्डे पर उस समय गिरफ्तार किया गया, जब वह अल्जीरिया जाने वाली फ्लाइट में सवार होने की कोशिश कर रहा था। उसी रात बाद में दूसरे संदिग्ध को भी हिरासत में लिया गया। दोनों से पुलिस पूछताछ कर रही है।

# आंकड़ों ने वॉशिंगटन पोस्ट को झूठा ठहराया

## एलआईसी नहीं, अमेरिकी बीमा कंपनियों ने अडानी समूह की कंपनियों में किया है भारी निवेश

■ **अडानी समूह में इसका निवेश समूह के कुल 2.6 लाख रुपये के कर्ज के दो प्रतिशत से भी कम है**

**नई दिल्ली।** अडानी समूह की कंपनियों में भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का निवेश इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है। अमेरिकी अखबार वाशिंगटन पोस्ट ने अपनी एक रिपोर्ट में ये खुलासा किया, जिस पर विवाद हुआ। हालांकि आंकड़ों से खुलासा हुआ है कि एलआईसी नहीं, बल्कि अमेरिकी बीमा कंपनियां ने अडानी समूह की कंपनियों में खूब निवेश किया है।

आंकड़ों से खुलासा हुआ है कि जून, 2025 में, अडानी पोर्ट्स एंड एसईजेड में भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) द्वारा 57 करोड़ अमेरिकी डॉलर (5000 करोड़ रुपये) के निवेश के एक महीने बाद, अमेरिका स्थित एथेन इंश्योरेंस ने अडानी के मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे में 6,650 करोड़ रुपये (75 करोड़ डालर) का निवेश किया। एथेन की पैरेंट कंपनी अपोलो ग्लोबल मैनेजमेंट की जून 2023 की स्टेटमेंट के अनुसार, कंपनी के प्रबंधित फंड्स और अन्य सहयोगी निवेशकों ने भी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (एमएआईएल) में करीब 75 करोड़ अमेरिकी डॉलर का निवेश किया। कई वैश्विक कर्जदाताओं जैसे डीबीएस बैंक, डीजेड बैंक, रोबोबैंक, बैंक सिनोपैक कंपनी लिमिटेड ने भी अडानी समूह की अडानी एनर्जी लिमिटेड में करीब 25 करोड़ डॉलर का निवेश किया है। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स की अगस्त की एक रिपोर्ट के अनुसार, समूह ने वर्ष की पहली छमाही में बंदरगाह इकाई (एपीएसईजेड), नवीकरणीय ऊर्जा इकाई (एजीईएल), प्रमुख कंपनी (अडानी एंटरप्राइजेज लिमिटेड) और बिजली पारेषण इकाई (अडानी एनर्जी साल्यूशंस लिमिटेड) में कुल मिलाकर 10 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक की नई ऋण सुविधाओं पर हस्ताक्षर किए। गौरतलब है कि वाशिंगटन पोस्ट ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया कि सरकारी अधिकारियों ने एलआईसी के निवेश को प्रभावित किया और अडानी समूह की कंपनियों में निवेश कराया। एलआईसी ने बयान जारी कर वाशिंगटन पोस्ट में किए गए दावे को फर्जी, आधारहीन और सच्चाई से परे बताया। एलआईसी ने कहा कि अडानी समूह की कंपनियों में निवेश का फैसला स्वतंत्र तौर पर लिया गया और बोर्ड की नीतियों के तहत ही इसकी मंजूरी दी थी। भारत की सबसे बड़ी बीमा कंपनी ने पिछले कुछ वर्षों में जांच-पड़ताल के आधार पर विभिन्न कंपनियों में निवेश के फैसले लिए गए हैं। भारत की शीर्ष 500 कंपनियों में इसका निवेश मूल्य 2014 से 10 गुना बढ़कर 1.56 लाख करोड़ रुपये से 15.6 लाख करोड़ रुपये हो गया है।

## परमाणु इंजन वाली रूसी 'बुरेवेस्तनिक' मिसाइल का सफल परीक्षण

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने रविवार को यह ऐलान किया कि उनके देश ने एक अद्वितीय परमाणु इंजन से लैस क्रूज मिसाइल 'बुरेवेस्तनिक' का सफल परीक्षण किया है। यह मिसाइल इतनी शक्तिशाली बताई जा रही है कि इसकी रेंज असीमित है। पुतिन ने इस परीक्षण के बाद रूसी सेना को आदेश दिया कि वह इस मिसाइल की तैनाती के लिए आवश्यक आधारभूत ढांचे की तैयारी शुरू करे। टेलीविजन पर प्रसारित बैठक में पुतिन ने अपने रक्षा प्रमुखों के साथ चर्चा करते हुए कहा कि हाल ही में परमाणु बलों के अभ्यास के दौरान इस मिसाइल का परीक्षण किया गया।

# पाक रक्षामंत्री की अफगान को जंग की धमकी

## कहा: अगर सीजफायर वार्ता नाकाम रही, तो दोनों देशों में खुली जंग के अलावा कोई ऑप्शन नहीं

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा मोहम्मद आसिफ ने चेतावनी दी कि अगर अफगानिस्तान के साथ चल रही सीजफायर वार्ता में समझौता नहीं हुआ तो खुली जंग शुरू हो सकती है। आसिफ ने कहा-अगर वार्ता नाकाम रही तो पाकिस्तान के पास अफगानिस्तान के साथ खुली जंग के अलावा कोई आप्शन नहीं होगा। हालांकि, ऐसा लगता होता है कि दोनों पक्ष शांति चाहते हैं।

यह बयान तब आया है जब तुर्की के इस्तांबुल में अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच दूसरी दौर की शांति होने वाली है। इस्तांबुल में हुई बैठक में दोनों देश शांति बनाए रखने के तरीकों पर चर्चा करेंगे, जैसा कि दोहा में तय हुआ था। बातचीत का समय और जगह अभी बताई नहीं गई है। अफगान टीम की अगुआई मंत्री हाजी नजीब कर रहे हैं। पाकिस्तान की ओर से दो सुरक्षाकर्मी इसमें शामिल हैं। पाकिस्तानी अखबार डान के अनुसार,



**ये बातचीत सीमा पर दो हफ्ते से चल रही भारी झड़पों के बाद शांति और स्थायी संघर्षविराम की कोशिश के लिए हो रही थी**

ये बातचीत सीमा पर दो हफ्ते से चल रही भारी झड़पों के बाद शांति और स्थाई संघर्षविराम की कोशिश के लिए हो रही है। इन झड़पों में दर्जनों लोग, जिसमें आम नागरिक भी शामिल हैं मारे गए थे। ख्वाजा आसिफ ने दो हफ्ते पहले कहा था कि तालिबान के फैसले दिल्ली में लिए जा रहे हैं। उन्होंने अफगानिस्तान पर भारत के लिए प्राक्सी वार लड़ने का आरोप लगाया था। आसिफ ने तालिबान से हुए सीजफायर पर कहा था-मुझे शक है कि यह सीजफायर टिक पाएगा, क्योंकि अफगान तालिबान को दिल्ली से सहयोग मिल रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर पाकिस्तान को उकसाया तो सैन्य कार्रवाई की जाएगी। आसिफ ने कहा कि हमारे पास जवाब देने की पूरी क्षमता है। अगर उन्होंने युद्ध का दायरा बढ़ाया, तो हम हमला करेंगे। लेकिन हम बातचीत के लिए भी तैयार हैं। पाकिस्तान-अफगानिस्तान के बीच संघर्ष 9 अक्टूबर को शुरू हुआ था। पाकिस्तान ने काबुल में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के ठिकानों पर हमले किए। इसके बाद अफगान ने पाकिस्तान को सीमा विवाद और हवाई क्षेत्र के उल्लंघन के लिए जिम्मेदार ठहराया। पाकिस्तानी हमलों में अफगानिस्तान के 37 नागरिक मारे गए और 425 घायल हुए।

## पाकिस्तान में बड़ा आतंकी हमला नाकाम

■ **सुरक्षा बलों ने खैबर पख्तूनख्वा में तीन आतंकियों को किया ढेर**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सुरक्षा बलों ने खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के उत्तर वजीरिस्तान जिले में एक बड़ी आतंकी साजिश को नाकाम कर दिया। सेना के मीडिया विंग इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस ने बताया कि इस दौरान सुरक्षा बलों ने तीन आतंकियों को ढेर कर दिया और आत्मघाती हमले की तैयारी में लगे वाहन को भी नष्ट कर दिया।

आईएसपीआर द्वारा जारी बयान के मुताबिक, यह इंटेलिजेंस बेस्ड ऑपरेशन जिले के झल्लर इलाके में चलाया गया था। सेना को खुफिया जानकारी मिली थी कि 'फितना अल-खवारिज' संगठन के आतंकी (जो प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान - टीटीपी से जुड़े हैं) एक बड़े आत्मघाती हमले की साजिश रच रहे हैं। बयान में कहा गया कि सुरक्षा बलों ने समय रहते कार्रवाई करते हुए उन आतंकियों को निशाना बनाया और विस्फोटक से भरे वाहन को उड़ाकर एक संभावित विनाशकारी हमले को टाल दिया। आईएसपीआर ने यह भी बताया कि क्षेत्र में अब भी क्लीन-अप और सर्च ऑपरेशन जारी है ताकि किसी भी अन्य छिपे आतंकी को पकड़ा जा सके।

